भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026 ■ श्रावण मास कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष : 13 अंक : 121 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून.24 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

खरगोन में बहा युवक, तलाश में जुटी टीम

राजधानी में झमाझम बारिश, पीएचक्यू के पास दोपहर 3:30 बजे का दृश्य

खंडवा में सबसे ज्यादा 94 मिमी बारिश
33 जिलों में जमकर गिरा पानी

मप्र तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को राजधानी समेत प्रदेश के 33 जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में सबसे ज्यादा खंडवा में 94 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि बुरहानपुर में 55 मिमी और सीहोर में 50 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, भोपाल में भी तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगस्त माह में रुक-रुककर बारिश होने का अनुमान जताया है। पवित्र सावन माह के दौरान भोपाल में मौसम का मिजाज सुहाना हो गया है, जिससे अगस्त में सावन की रिमझिम फुहारें गिरती रहेंगी। मौसम वैज्ञानिक पीसी साहू का कहना है कि प्रदेश के ऊपर से गुजर रहा लो प्रेशर एरिया अब गुजरात की तरफ ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ गुजरात की तरफ बढ़ा बारिश का सिस्टम, तेज बारिश की संभावना होगी कम

सीडब्ल्यूजी 2026: जूडो में भारत को मिले 2 गोल्ड मेडल
अस्मिता और हर्ष ने रचा इतिहास देश के नाम अब तक 5 गोल्ड

अस्मिता

हर्ष सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अस्मिता डे और पुरुष खिलाड़ी हर्ष सिंह ने जूडो में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में इतिहास रच दिया है। इसी के साथ भारत के नाम अब मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों में 5 गोल्ड मेडल हो चुके हैं। वहीं भारत के कुल पदकों की संख्या 19 हो गई है। अस्मिता ने 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल मुकाबले में कनाडा की हेडी क्वाच को हराया है। उन्होंने कनाडा की खिलाड़ी को 2-1 से मात दी। जबकि पुरुष 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हर्ष सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ ▶▶ शेष पेज 6 पर

» पीएम मोदी ने दी बधाई कहा- स्वर्णिम प्रदर्शन!

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम-किसान योजना को 5 साल का विस्तार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को बड़ी राहत देते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अगले 5 वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए 3.15 लाख करोड़ का बजट तय किया गया है।

उमर अब्दुल्ला और पायल का हुआ तलाक

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल के बीच करीब 17 सालों से चला आ रहा वैवाहिक विवाद आखिरकार खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों की आपसी सहमति से तलाक के फैसले पर मुहर लगा दी है।

मंदिर से लौट रही युवती से गैंगरेप का प्रयास



गुना। गुरुवार रात हनुमान टेकरी से दर्शन कर लौट रहे युवक-युवती को आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके निजी अंग में लकड़ी घुसाने की भी कोशिश की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

2020 दिल्ली दंगा : दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत का बड़ा फैसला

'नफरत' को उम्रकैद

आईबी अफसर अंकित शर्मा हत्याकांड में ताहिर हुसैन समेत 5 को उम्रकैद

अंकित को जानवरों की तरह मारा गया। उनके शरीर पर 51 घाव थे। हत्या के बाद उनके शव को नाले में फेंक दिया गया

आरोपी ताहिर लाल घेरे में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2020 के दिल्ली दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को उम्रकैद (आजीवन कारावास) की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस वारदात को बेहद गंभीर और समाज को झकझोर देने वाला बताया। वहीं, मामले के कुल 11 आरोपियों में से 6 को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने ताहिर हुसैन की भूमिका पर तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि ताहिर हथियारों से लैस उस उन्मादी भीड़ की अगुवाई कर रहे थे, जिसने नफरत के कारण दंगा किया और अंकित शर्मा पर बर्बरता से हमला कर उनकी जान ले ली।

अंकित शर्मा

कोर्ट ने कहा

ताहिर हथियारों से लैस उस उन्मादी भीड़ की अगुवाई कर रहे थे, जिसने नफरत के कारण दंगा किया और अंकित शर्मा पर बर्बरता से हमला कर उनकी जान ले ली

फाइल फोटो

» *कड़कड़डूमा कोर्ट ने वारदात को बताया अत्यंत गंभीर*

» *पुलिस की फांसी की मांग खारिज, 6 आरोपी बरी*

» *फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे, दो सौ लोग घायल हुए थे*

अंकित के पिता के बयान पर केस दर्ज

अंकित शर्मा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने पाया था कि उनके शरीर पर तेज धार वाले हथियार से 51 वार के निशान थे। चार्जशीट में ताहिर हुसैन को मास्टरमाइंड बताया गया। दिल्ली पुलिस ने अंकित के पिता के बयान पर ताहिर हुसैन के खिलाफ केस दर्ज किया था। ताहिर हुसैन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 365, 201 और धारा 34 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे और करीब दो सौ लोग घायल हो गए थे।

मस्जिद से भीड़ का नेतृत्व किया था ताहिर ने

गौर हो कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 3 जून 2020 को इस मामले में चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें कहा गया था कि 24 और 25 फरवरी 2020 को ताहिर हुसैन ने अपने घर और चांद बाग पुलिया के पास मस्जिद से भीड़ का नेतृत्व किया और उसे सांप्रदायिक रूप दिया। अंकित शर्मा हत्या के लिए साजिश रची गई थी। उनको ताहिर हुसैन के नेतृत्व में भीड़ ने खास रूप से टारगेट किया। यह वारदात ताहिर हुसैन के घर के बाहर हुई थी।

नाले में मिला था अंकित का शव

इस जघन्य अपराध में कम सजा स्वीकार नहीं

फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि अंकित शर्मा को न केवल बेदर्दी से मारा गया, बल्कि हत्या के बाद उनके शव को नाले में फेंक दिया गया। दोषियों के परिजनों की आश्रित होने की दलील को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध में कम सजा का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता। दिल्ली पुलिस ने अंकित के शरीर पर चाकू के 51 घावों का हवाला देते हुए इसे क्रूरतम हत्या बताया और फांसी की सजा मांगी थी। हालांकि, बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि प्रत्येक आरोपी की अलग भूमिका स्पष्ट न होने के कारण यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में नहीं आता।

पीएम मोदी का नया इंस्टाग्राम वीडियो संदेश

मुझे और मेरी माता जी को गालियां दी गईं, लेकिन भटके बच्चों को माफ करना चाहता हूं

आक्रोश स्वाभाविक है लेकिन प्रताड़ना नहीं, राह दिखाना हमारा फर्ज है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे इंस्टाग्राम पर लाइव आकर देशवासियों और युवाओं (जेन-जी) को संबोधित किया। जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए प्रदर्शन के दौरान हुई गाली-गलौज का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि वे उन भटके हुए बच्चों को माफ करना चाहते हैं और समाज से भी उन्हें स्वीकार करने की अपील करते हैं। पीएम ने कहा कि फ्रेंड्स, जंतर-मंतर पर जो कुछ भी हुआ, उसे देश और दुनिया ने देखा। कुछ शरारती बच्चों ने मुझे और मेरी स्वर्गीय माता जी को भद्दी गालियां दीं। यह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देता और इससे समाज में आक्रोश व सांस्कृतिक झटका लगना स्वाभाविक है।

दांत से जीभ कट जाए तो हम दांत नहीं तोड़ते

प्रधानमंत्री ने बेहद संवेदनशील अंदाज में कहा कि बचपन में गलतियां होती हैं और उन्हीं गलतियों से सीखने और सुधरने का मौका मिलता है। कभी-कभी हमारे दांतों के नीचे जीभ आ जाती है और खून निकल आता है, लेकिन हम अपने दांत नहीं तोड़ते, क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारे अपने हैं। इसी तरह ये बच्चे भी हमारे अपने हैं।

अदालती चक्कर नहीं मार्गदर्शन जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि बच्चों को अदालतों के चक्कर कटवाना या समाज में प्रताड़ित करना हल नहीं है। गुमराह बच्चों को सही राह दिखाना हमारा काम है। युवाओं से आह्वान करते हुए पीएम ने कहा कि बच्चों आओ, हम सब मिलकर देश के लिए आगे बढ़ें, गलतियों से सीखें और अपने सपनों को पूरा करें। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए ही काम करता हूं।

रुचिका सिंह पर हो चुकी है एफआईआर

जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाली रुचिका सिंह के खिलाफ नोएडा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई अधिवक्ता स्मृति सिंह चंदेल की शिकायत पर की गई है। चूंकि मामला दिल्ली सीमा क्षेत्र से संबंधित था, इसलिए नोएडा पुलिस ने तकनीकी प्रक्रिया के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को आगे बढ़ा दिया है।

27% ओबीसी आरक्षण मामला

वकील बोले- 50% सीमा टूटने के लिए ईडब्ल्यूएस जिम्मेदार

ओबीसी पक्ष की दलील- 87-13% भर्ती फॉर्मूले में सामान्य वर्ग को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट में 27% अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण की संवैधानिक वैधता को लेकर शुक्रवार को जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। ओबीसी पक्ष के अधिवक्ता शशांक रत्न्यू ने दलील दी कि आरक्षण की 50% सीमा टूटने के लिए ओबीसी आरक्षण नहीं, बल्कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण जिम्मेदार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

90 की उम्र में ली अंतिम सांस

हिंदी साहित्यकार पद्मश्री कैलाश चंद्र पंत का निधन

सीएम यादव ने जताया शोक, आज अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी साहित्य के दिग्गज और पद्मश्री से सम्मानित कैलाश चंद्र पंत का शुक्रवार को भोपाल में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और हृदय गति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) ने नहीं रहे। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार शनिवार को भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते ▶▶ शेष पेज 6 पर

वंदे भारत बनी 'लाइफलाइन'

पहली बार ट्रेन से लाया गया जीवित दिल, मिली नई जिंदगी

सूरत से अहमदाबाद के बीच रचा गया इतिहास

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

रफ्तार, सांसें और वक्त की उल्टी गिनती के बीच भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देश में पहली बार किसी जीवित मानव हृदय (लाइफ हार्ट) को ट्रेन के जरिए एक शहर से दूसरे शहर पहुंचाकर एक मरीज को नई जिंदगी दी गई। मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 20901) सूरत से एक धड़कता हुआ दिल लेकर अहमदाबाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

बिल्डिंग में बिना अनुमति चल रहा था काम

भिवंडी में 4 मंजिला इमारत ढही 9 लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶ भिवंडी



मलबे में 4 5 लोगों के फंसे होने की आशंका

महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार देर रात करीब 11:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जहां 48 कमरों वाली एक चार मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस दुर्घटना में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि 4 से 5 लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। नगर निगम ने इस बिल्डिंग को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था। गुरुवार रात करीब 9 बजे इमारत में तेज आवाज के साथ दरारें पड़ने लगी थीं। खतरे को भांपते हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश की जा रही थी, तभी इमारत का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। जिला कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल ने बताया कि हादसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

संसद परिसर में चंदा चोरी पर ड्रामा

पुजारी बने यादव, राहुल ने दिया दान, चढ़ावा ले भागे

स्पीकर ओम बिरला की चेतावनी संतों ने जताई आपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक अनोखा नजारा देखने को मिला। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भगवाधारी पुजारी के वेश में जमीन पर दानपात्र लेकर बैठे नजर आए। उनके पास आकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दानपात्र में पैसे डाले और अयोध्या के सांसद ने उनके पैर छुए। इसके बाद पप्पू यादव दानपात्र लेकर भाग खड़े हुए। विपक्ष ने अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे को उठाने के लिए यह सांकेतिक शॉर्ट प्ले आयोजित किया था। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी समेत अन्य सांसद हाथ में 'अमित शाह संसद से गायब क्यों?' के पोस्टर थामे खड़े रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भेष बदलकर आने और तख्तियां लहराने पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोजशाला के पास अदा की गई जुमे की नमाज

खसरा नंबर 612 पर 100 से अधिक लोगों ने पढ़ी नमाज

स्थानीय लोगों ने जमीन के स्वामित्व को लेकर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

ऐतिहासिक भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद शुक्रवार को नया मोड़ आया। प्रशासन और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के बीच देर रात हुई वार्ता के बाद परिसर की पिछली दीवार से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर जुमे की नमाज अदा करने की सहमति बनी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों और बैरिकेडिंग के बीच दोपहर डेढ़ से दो बजे के दौरान मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने पहुंचे। बारिश की वजह से जमीन गीली होने पर मौके पर तिरपाल बिछाई गई थी। शुरुआत में 10-15 लोगों से शुरू हुआ नमाजियों का सिलसिला देखते ही देखते 100 के पार पहुंच गया। इस दौरान कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के सदर अब्दुल समद और अन्य याचिकाकर्ता भी मौजूद रहे। भोजशाला के ▶▶ शेष पेज 6 पर

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

सरकारी मंदिरों में एससी-एसटी और ओबीसी पुजारी क्यों नहीं?

पुजारी नियुक्ति की 2019 की नीति को चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश शासन के नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति को लेकर एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुजारी पदों पर केवल ब्राह्मण वर्ग को अवसर दिया जा रहा है, जबकि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को इससे वंचित रखा गया है। अजाक्स भोपाल के सचिव एमसी अहिरवार द्वारा दायर इस याचिका में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की 4 फरवरी 2019 की नीति को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह व्यवस्था समानता और अवसर के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

अकाउंट खुलवाकर आईपीओ में कराया निवेश

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर दंपती से 26 लाख 84 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र सिाति अहमदपुर में रहने वाले दंपती से साइबर ठगों ने दंपती के साथ 26 लाख 84 हजार रुपए की ठगी कर दी। आरोपियों ने उन्हें वाट्सएप गुरप पर जोड़ा था। इसके बाद ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग फर्जी कंपनियों में निवेश करा दिया। निवेश करने के बाद जब बढ़ी हुई रकम निकालने का प्रयास किया गया तो रकम नहीं निकल सकी। ठगी का अहसास होने पर वाट्सएप ग्रुप के नंबरों पर कॉल किया गया, लेकिन किसी भी नंबर पर कॉल नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रिचू राय पति पवन मेहरा, अहमदपुर बागसेवनिया में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि कुशल मालवीय नामक व्यक्ति ने अपने मोबाइल से संपर्क किया। बाद में उन्हें वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया।

पीड़ित ने अपना पैसा वापस पाने के लिए यहां-वहां से पैसे उधार लिए

वाट्सएप ग्रुप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने की जानकारी दी गई। वाट्सएप ग्रुप के एडमिन ने अपना नाम मोहित भारती बताया और रिटेल इन्वेस्टिंग एवं इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टिंग के बारे में जानकारी दी। बाद में इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टिंग के द्वारा ट्रेड, इन्वेस्ट करने के लिए अकाउंट खुलवाया। इसके बाद नार्मल मार्केट की तरह ही ट्रेडिंग-इन्वेस्टिंग शुरू करवा दिया। बाद में कहा कि आईपीओ आया है। ग्रुप पर कहने के कारण सभी ने सब्सक्राइबर किया और शेयर अलॉट होने पर पेमेंट किया। आईपीओ की पेमेंट पूरी करने के बाद कहा गया कि शेयर ना बेचेंगे तो फ्रीज हो जाएगा। उन्होंने बार-बार मोहित भारती से वाट्सएप पर बात की, जिसने दोबारा ऐसा न होने का आश्वासन दिया और निवेश करने की बात कही। अपने पैसा वापस पाने के लिए रिचू राय ने यहां वहां से पैसे उधार लिए और जालसाजों के द्वारा खुलवाए गए अकाउंट में निवेश किए। उन्होंने कहा था कि सुबह मार्केट खुलने के बाद आईपीओ के शेयर बेचकर अपने पैसे अकाउंट में ले लेना। सुबह मार्केट खुलने के 10 मिनट पूर्व उन्हें फिर से जबरन शेयर अलॉट कर दिया गया। इसके कारण वह अपने पुराने शेयर बेच नहीं सकी। उनका 26 लाख 84 हजार रुपए फंस गया। उन्होंने लगा कि उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने वाट्सएप ग्रुप के कई नंबर पर काल किए, लेकिन किसी भ नंबर पर कॉल नहीं लगा।

ब्लिंकिट पर सामान वापस कराने के नाम पर 95 हजार की ठगी

इसी थाना क्षेत्र स्थित अलकापुरी में रहने वाली अशिमा मुखर्जी (79) के साथ ब्लिंकिट में सामान वापस कराने के नाम पर 95 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अशिमा मुखर्जी ने पुलिस को को शिकायत करते हुए बताया कि 24 जुलाई को उन्होंने ब्लिंकिट से ऑनलाइन कांच के कटोरे बुलवाए थे। डिलीवरी करने वाले के सामने उन्होंने बॉक्स खुलवाया। इस दौरान एक कांच की कटोरी टूटी हुई निकली। मैंने उसे वापस करने को कहा, लेकिन उसने मुझसे ही रिपोर्ट करने को कहा। मैंने उसके सामने ही गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकाला और बात की। बात करते समय उसने खुद को ब्लिंकिट का कस्टमर केयर मैनेजर बताया। उसके कहने पर टूटे हुए सामान की फोटो खींचकर वाट्सएप की। उसने काफी देर मोबाइल पर बात करते हुए उलझाया और 10 रुपए ऑनलाइन मंगवा लिए। इसके बाद उनका मोबाइल हैंग हो गया। उनके अकाउंट से तीन बार में 40-40 और एक बार 15 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ।

खबर संक्षेप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा को स्वीप आइकॉन सारिका ने सौंपी रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश में आगामी सामान्य चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय स्वीप गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इस उद्देश्य के साथ स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा से शिष्टाचार भेंट कर दतिया उपचुनाव में संचालित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी।

डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष तो डॉ. परमेंद्र बने महामंत्री

भोपाल। मध्य प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की भोपाल शाखा का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी डॉ. इंद्र कुमार चुघ ने बताया कि चुनाव में

सर्वसम्मति से डॉ. ललित श्रीवास्तव और डॉ. आरसी पाठक को मप्र मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन का संरक्षक बनाया गया। वहीं डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव मप्र मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की भोपाल शाखा के सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनित किए गए। वहीं महामंत्री डॉ. परमेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश तिवारी, आयोजन सचिव डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. नीलिमा सोनी और डॉ. मंतोष सिंह बनाए गए। पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डॉ. अर्पित त्रिवेदी, डॉ. कमलेश अहिरवार को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. अपर्णा द्विवेदी, डॉ. ज्योति खरे, डॉ. संत कुमार शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र मिश्रा, डॉ. लोकेश पुरोहित, डॉ. मनोज मोदी, डॉ. मीनाक्षी पांडे, डॉ. अभय सैनी, डॉ. डीआर अश्विन, डॉ. सुदर्शन शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. हरेंद्र चौरसिया और डॉ. विक्रम पटेल बनाए गए। सलाहकार समिति में डॉ. राजपूत, डॉ. संजय जैन, डॉ. जीएस अग्रवाल, डॉ. विवेक गुप्ता, सईद कुरैशी, पुष्पा गुरु और संजय खरे बनाए गए।

प्रत्येक शुक्रवार को गांवों में लगेगी चौपाल अफसर रहेंगे मौजूद

भोपाल। आम लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ाने के लिए 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व से जुड़े अन्य अधिकारी गांव में जाकर चौपाल लगाएंगे। यहां पर आम लोगों की समस्याओं और उनको मिलने वाली योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। मौके पर आने वाले आवेदनों का वहीं निराकरण किया जाएगा। यह बात शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार अफसर अपने कार्यक्षेत्र में अनिवार्य रूप से भ्रमण, निरीक्षण और जनसंवाद कार्यक्रम रखें। अफसर गांव और शहर में सरकारी निर्माण के कामों का निरीक्षण भी करेंगे।

कई जगह पर्ची नहीं, गलत एंट्री और मनमानी वसूली की शिकायत बरकरार

1 माह बाद भी कैशलेस सिस्टम फेल, हाईटेक पार्किंग में फायर एक्सटिंगुइशर तक नहीं

वाहन चालक से भुगतान के लिए कहता कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की पांचों मल्टीलेवल पार्किंग पूरी तरह हाईटेक और कैशलेस हो चुकी हैं। कैमरों से वाहन ट्रैक किए जा रहे हैं और यूपीआई के जरिए ही पार्किंग शुल्क लिया जाना है। नगद भुगतान पर रोक और दोगुना जुर्माना लगाने की घोषणा भी की गई है, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। न्यू मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग समेत कई पार्किंग स्थलों पर अब भी 70 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान नकद लिया जा रहा है। कई वाहन चालकों का कहना है कि उनसे कैश लिया जाता है, लेकिन कई बार पर्ची तक नहीं दी जाती। कुछ मामलों में वाहन नंबर भी गलत दर्ज कर दिए जाते हैं, जिससे बाद में विवाद की स्थिति बनती है।

70 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान नकद

महापौर के निरीक्षण के बाद भी नहीं बदली तस्वीर

हाईटेक मल्टीलेवर पार्किंग में फायर एक्सटिंगुइशर तक नहीं है। लोगों ने कहा कि हमारे जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पहले तो लिफ्ट नहीं चल रही थी। अब तक फायर सेफ्टी का इंतजाम तक नही किया है। चालक सौरभ तिवारी ने कहा कि बस नाम की मल्टीलेवल पार्किंग है। यहां किसी तरह की कोई सुविधा नहीं है।

मल्टीलेवल पार्किंग के यह है हाल

न्यू मार्केट और एमपी नगर मल्टीलेवल पार्किंग में रोजाना 500 से 600 दोपहिया और चार पहिया वाहन आते हैं। यहां से प्रतिदिन करीब 65 से 70 हजार रुपए तक पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। शहर की पांचों मल्टीलेवल पार्किंग से नगर निगम को सालाना तीन करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व मिलता है।

अग्निशमन यंत्र नदारद।

रखरखाव में भी कमियां

हाईटेक पार्किंग का संचालन कर रही एजेंसी बॉम्बे इंटरप्राइजेज की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई पार्किंग में सीलन, खराब लाइट व्यवस्था और रखरखाव की कमी देखने को मिली।

जल्द ही पार्किंग को कैशलेश कर दिया जाएगा

निगम के उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह का कहना है कि न्यू मार्केट में और एमपी नगर में दोनों जगह मशीने लगी हैं, जल्दी ही पूरी तरह से पार्किंग को कैशलेश कर दिया जाएगा। नगद भुगतान पूरी तरह प्रतिबंधित है और केवल यूपीआई से भुगतान होगा।

यह था निगम का दावा...

हाईटेक एवं कैशलेस पार्किंग सुविधा देने वाला देश का पहला नगरीय निकाय नगर निगम ने 9 जुलाई को नगर निगम की पांच मल्टीलेवल पार्किंग को हाईटेक और पूरी तरह से कैशलेस पार्किंग करने व शुल्क का नगद भुगतान पूरी तरह प्रतिबंधित करने का दावा किया था, जबकि नगद भुगतान पार्किंग शुल्क वसूले जाने की बात कही थी।

शहरी क्षेत्रों में घर बनाना पहले से आसान

मप्र में बिल्डिंग परमिशन के लिए एनओसी की बाध्यता हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अब घर या अन्य भवन बनाने की अनुमति लेना पहले से आसान होगा। राज्य सरकार ने बिल्डिंग परमिशन के लिए कई विभागों से अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लाने की बाध्यता खत्म कर दी है।

अब हाउसिंग सोसाइटी, नजूल और बिजली कंपनी समेत कई मामलों में आवेदकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही भवन अनुज्ञा की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और केवल डिजिटल दस्तावेज ही स्वीकार किए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। सरकार का कहना है कि इससे आम नागरिकों के साथ निवेशकों, बिल्डर्स और निर्माण एजेंसियों को भी राहत मिलेगी।

आरोप- बिना पक्षकार बनाए हासिल किया आदेश

मेनका गांधी और अंबिका शुक्ला ने नामांतरण आदेश को दी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

भोपाल की पैतृक जमीन को लेकर वरिष्ठ राजनेता मेनका गांधी और उनकी बहन अंबिका शुक्ला का अपने ममेरे भाई के साथ चल रहा संपत्ति विवाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट पहुंचा है। मेनका गांधी और अंबिका शुक्ला की ओर से आरोप लगाया गया है कि वीएन सिंह ने विवादित जमीन के नामांतरण से संबंधित मामले में उन्हें पक्षकार नहीं बनाया और हाईकोर्ट से आदेश प्राप्त कर लिया। इसी आधार पर संबंधित आदेश की वैधता को चुनौती दी है।

भोपाल के लाऊखेड़ी की पैतृक जमीन को लेकर विवाद

बुधवार को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से दलीलें रखी गईं। सभी पक्षों को सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

भगवान शिव के प्राचीन स्थल की ऐतिहासिकता पर अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्था लगाएगी मुहर

जबलपुर। शहर के रामपुर चौक स्थित डेलीमा कम्पाउंड में स्थित प्राचीन भगवान शिव मंदिर एवं उससे संबंधित ऐतिहासिक भूमि विवाद में व्यवहार न्यायालय, जबलपुर ने एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। सिविल बाद उषा डेलीमा बनाम अंजू भार्गव एवं अन्य में न्यायालय ने विवादित स्थल की वास्तविक स्थिति, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व का सत्यापन आवश्यक मानते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्था अथवा अन्य सक्षम शासकीय विभाग से मंदिर एवं विवादित स्थल का सर्वेक्षण कराकर विस्तृत प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में माना कि विवादित स्थल का पुरातात्विक महत्व का निर्धारण विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा कराया जाना आवश्यक है।

दुकानों के बाहर निकले एंगल, बोर्ड की चपेट में आने से फायर ब्रिगेड का कांच टूटा, ड्राइवर बाल-बाल बचा

चौक बाजार में साड़ी-लहंगे की दुकान में आग, लाखों का नुकसान, बैरिकेडस के चलते दो किमी घूमकर पहुंची दमकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के चौक बाजार में शुक्रवार को दोपहर करीब सवा बारह बजे साड़ी-लहंगे की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते धुएं का गुबार निकलने से लोग दशहत में आ गए। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई, लेकिन फतेहगढ़ से दमकल को दो किमी घूमकर पहुंचना पड़ा।

जगह-जगह बैरिकेडस लगे होने के कारण दमकल को जीपीओ से घूमकर चौक बाजार इब्राहिमपुरा पहुंचना पड़ा। इस दौरान व्यापारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची एक दमकल से आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। आग की चपेट में आने से कपड़े की दुकान में रखी साड़ी-लहंगे जलकर खाक हो गए। इससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

> शॉर्ट-सर्किंग से आग लगने की आशंका आसपास की दुकानें चपेट में आने से बचीं

> व्यापारियों ने आग पर काबू पाने के लिए किया प्रयास

आग से दुकान से उठता धुआं। इंसेट में जली दुकान।

संकरे रास्ते से एक दमकल बमुश्किल मौके पर पहुंच पाई

इब्राहिमपुरा चौक बाजार में महेंद्र नेमा की नेमा डिजाइनर स्टूडियों के नाम से दुकान है। दुकान में बड़ी संख्या में साड़ी और लहंगे रखे थे। दोपहर करीब सवा बारह बजे अचानक दुकान से धुआं उठने लगा। तभी मौजूद कर्मचारी दुकान से बाहर निकल आए और आसपास लोग भी आग पर काबू पाने में जुट गए। बैरिकेडस के चलते दमकल देरी से पहुंची तो वहीं शुक्रवार होने के कारण जामा मस्जिद में नमाज का समय होने के कारण भी वाहनों की संख्या अधिक थी। संकरे रास्ते से दमकल बमुश्किल मौके पर पहुंच पाई। नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। कपड़े की दुकान में लगी आग पर एक दमकल ने काबू पाया।

रास्ते में वाहन भी खड़े थे

संकरे रास्ते से दमकल को घटना स्थल पहुंचने के दौरान खासी मुश्किल का सामना करना पड़ा। संकरे रास्ते में वाहनों की संख्या भी अधिक थी। दमकल जाते समय आसपास दुकानें के बाहर तक निकले बोर्ड, एंगल व अन्य सामग्री की चपेट में आने से कांच टूट गया। इससे दमकल ड्राइवर बाल-बाल बच गए।

संकरे रास्ते के कारण दमकल नहीं पहुंच पाई।

चौक बाजार में फायर हाइड्रेंट सिस्टम की 7 साल में टेस्टिंग तक नहीं हुई

नगर निगम ने संकरे और घनी आबादी वाले चौक बाजार में आगजनी की घटना से निपटने के लिए 22 लाख रुपए की लागत से फायर हाइड्रेंट सिस्टम लगाया था, लेकिन इसकी टेस्टिंग ही नहीं हो पाई। लिहाजा यह पूरा सिस्टम कबाड़ हो गया। अगर यह सिस्टम चालू होता तो आग पर तत्काल काबू पाने और नुकसान को कम करने में सहायक होता।

दो दिन की मांगी मोहलत

शहर के कोचिंग संचालक समय सीमा में नहीं करवा पाए उपकरणों का मेंटेनेंस

कोचिंग सेंटरों में फायर उपकरणों की जांच की, कोचिंग सेंटरों में सुधारे जा रहे हैं फायर इक्यूपमेंट सिस्टम

एमपी नगर स्थित कोचिंग संस्थान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगम की अलग-अलग फायर टीमों ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम देखे। अधिकांश कोचिंग सेंटरों ने फायर सिस्टम को इंस्टाल कर लिया है, लेकिन फायर अमले को निरीक्षण के दौरान कई ऐसे सेंटर भी मिले, जहां एक माह बाद भी काम अधूरा रह गया है। ऐसे संचालकों को दो दिन की मोहलत दी गई है।

फायर टीम शुक्रवार को कोलार रोड, एमपी नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, दानिशकुंज सहित कई क्षेत्रों में पहुंची। जांच के दायरे में कोलार रोड स्थित नर्सिंग एकेडमी एंड लाइब्रेरी, बालाजी लाइब्रेरी, उत्कृष्ट लाइब्रेरी, दानिशकुंज का अर्बन गुरुजी (नीट), कोटरा सुल्तानाबाद का कॉन्सेप्ट कोचिंग, एमपी नगर जोन-2 का प्रतिज्ञा सेवा संस्थान, आईएमएस कोचिंग, आईएमएस कोचिंग क्लासेस और आकाश कोचिंग क्लासेस शामिल रहीं। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल का कहना है कि शुक्रवार को भी कोचिंग सेंटरों की जांच की गई है। कई सेंटरों पर फायर सेफ्टी सिस्टम इंस्टाल कर लिया गया है। कुछ संचालकों ने दो दिन का समय मांगा है। फायर टीम ने हिदायत दी है कि निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अरेरा कॉलोनी, रोहित नगर के व्यापारी कार्रवाई के विरोध में रहवासी मामले को आंदोलन का रूप देने के लिए एकजुट

आज होगी सीलिंग की कार्रवाई, चिह्नित कर हर दिन नगर निगम जारी कर रहा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में आवासीय अनुमति लेकर व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करने वाले व्यापारियों में सीलिंग की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार को 10 नंबर तिराहे पर अरेरा कालोनी और रोहित नगर के व्यापारी जुटे और भोपाल व्यापारी महासंघ के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों के हाथ में बैनर-पोस्टर थे, जिनमें उनकी मांगें लिखी हुई थीं। नारेबाजी के दौरान व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम की तानाशाही नहीं चलेगी। वहीं मिक्स लैंड यूज, गुजरात माडल और नया मास्टर प्लान लागू करने की मांग की।

संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने निगम की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अरेरा कालोनी और रोहित नगर के 429 व्यापारियों को नोटिस दिए गए थे, लेकिन सिर्फ 19 व्यापारियों की दुकानें सील करने का दिखावा किया जा रहा है, ताकि चार अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के दौरान निगम यह दर्शाया जा सके कि वह निर्देशों का पालन कर रहा है। इसके बाद यह मामला ठंडा हो जाएगा। इधर सीलिंग की कार्रवाई को लेकर नगर निगम भवन अनुज्ञा के उपायुक्त भुवन गुप्ता का कहना है कि जिन 19 व्यापारियों को चौबीस घंटे का अल्टीमेटम दिया था, शनिवार को उनकी दुकानों को सील किया जाएगा।

> आवासीय अनुमति पर व्यावसायिक संचालन करने वाले 1500 से अधिक व्यापारियों पर गिरेगी गाज

भोपाल व्यापारी महासंघ के बैनर तले व्यापारी हुए लामबंद

कहा- मिक्स लैंड यूज, गुजरात मॉडल, मास्टर प्लान लागू करो

संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने कार्रवाई पर सवाल उठाए

कहा- 429 व्यापारियों को नोटिस, सिर्फ 19 दुकानें की सील

व्यापारी बोले- रोजगार तो मत छीनो, पलायन पर मजबूर मत करो

10 नंबर तिराहे पर निगम की कार्रवाई का विरोध करते व्यापारी।

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों के हाथ में जो बैनर-पोस्टर थे, उनमें लिखा था- अनाधिकृत विकास विधेयक, 2022 गुजरात नियमितीकरण पारित करो, 21 वर्षों से मास्टर प्लान नहीं आने की सजा हम क्यों भुगतें, हमारी रोजी-रोटी, हमें मध्य प्रदेश से पलायन करने पर मजबूर मत करो, हम व्यापारियों ने अपना रोजगार स्वयं सृजित किया है। जब आप रोजगार दे नहीं सकते तो आप हमारा रोजगार मत छीनो। सरकार ने हमको कमर्शियल लाइसेंस दिया। हमने सरकार को व्यावसायिक दर पर संपत्तिकर, एमपीईबी को व्यावसायिक दर पर भुगतान, मेन रोड के प्लाट की रजिस्ट्री पर स्टाम्प ड्यूटी अधिक दी। अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में भूखंड पर ट्रेड लाइसेंस निरस्त करने को लेकर निग ने 61 व्यापारियों को नोटिस जारी किया है।

रहवासी 2 अगस्त से निकालेंगे सिटीजन वॉक

आवासीय अनुमति पर व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर मामला गरमाता जा रहा है। एक तरफ जहां व्यापारी लामबंद हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रहवासी भी इस मामले को आंदोलन का रूप देने के लिए एकजुट हो रहे हैं। अरेरा कॉलोनी निवासी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में नागरिकों को जागरूक करने के लिए सिटीजन वॉक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूरे पखवाड़े चलेगा। इसकी शुरुआत 2 अगस्त को गौतम नगर से होगी। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक कॉलोनी में वाक कर लोगों को जागरूक करेंगे।

नवोदय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 7 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027-28 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है।

इसके लिए विद्यार्थियों की पात्रता भी तय की गई है। इसमें विद्यार्थी का वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए। जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियाँ सहित) के बीच हो।

भोपाल जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदक भोपाल जिले के सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो अथवा भोपाल जिले का मूल निवासी है। वहीं भोपाल जिले की बाउंड्री के दस किलोमीटर के अन्दर दूसरे जिले में अध्यनरत विद्यार्थी भोपाल जिले के नवोदय के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति के आधिकारिक प्रवेश पोर्टल से किए जा सकेगा। विद्यार्थियों से लाभ लेने की अपील की गई है।

तीस बस्तियों में नलों के पानी के लिए सैंपल

> निगम के पानी सप्लाई सिस्टम पर गैस पीड़ित संगठनों का सवाल

बड़े तालाब व कोलार के पानी में सीवेज 63 में से 43 में मिला फीकल कोलीफार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में सीवेज से दूषित पानी सप्लाई कर रहा है, जिससे 19 बस्तियों में रहने वाली दो लाख लोगों की आबादी के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। जुलाई माह में कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास की तीस बस्तियों में सप्लाई होने वाले नलों के पानी के 63 सैंपल लिए गए थे, जिसमें 43 सैंपल में फीकल कोलीफॉर्म मिला है। जिससे पता चलता है कि 30 में से 19 क्षेत्रों में निगम का पानी पीने लायक नहीं है। यहां बड़ा तालाब और कोलार का पानी सप्लाई किया जाता है। शुक्रवार को गैस पीड़ित संगठनों ने पानी के सैंपल की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए इन बस्तियों के लोगों के बीमार पड़ने का दावा किया है।

गैस पीड़ित संगठनों ने प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की जांच कराई, जिसमें जांचे गए पानी के करीब 70 प्रतिशत नमूनों में फीकल कोलीफॉर्म (मल से जुड़े बैक्टीरिया) मिले हैं। भोपाल गैस पीड़ित महिला-पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने बताया कि इस महीने 30 बस्तियों के नलों से 63 पानी के नमूने एकत्र किए गए थे। इनमें से 43 नमूनों में फीकल कोलीफॉर्म की पुष्टि हुई। इस तरह 30 में से 19 क्षेत्रों में लोगों को दूषित पेयजल मिल रहा है।

दूषित पानी के सैंपल को दिखाते समिति पदाधिकारी।

आदेश के बाद भी नहीं बिछाई सीवर लाइन

भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि अगस्त 2018 में पेयजल में मल मिलने की शिकायतों पर सुप्रीम कोर्ट ने निगम को प्रभावित क्षेत्रों में सीवर लाइन और बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने का आदेश दिया था। नगर निगम ने तीन महीने में काम पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी काम नहीं कराया गया।

इधर, नगर निगम का दावा, नलकूप से पानी नहीं दिया जाता

गैस पीड़ित संगठनों के दावे के बाद निगम ने भी अपनी बात रखी है। जिसके तहत बताया गया है कि कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास की 42 बस्तियों में पाइप लाइनों से पानी सप्लाई किया जा रहा है। यहां पानी के सैंपलों की भी नियमित जांच की जा रही है। निगम का दावा है कि यहां पर नलकूप से पानी नहीं दिया जाता है। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन का कहना है कि गैस पीड़ित बस्तियों में पानी सप्लाई की दोबारा से जांच कराई जा रही है।

दूषित पानी से गंभीर बीमारियां

संगठनों का आरोप है कि यूनियन कार्बाइड से सटे इलाकों के लोग लंबे समय से सीवेज से दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। जिसकी वजह से दस्त, उल्टी, टाइफाइड समेत अन्य बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म पर पंखे गायब।

देश के पहले निजी वर्ल्ड क्लास स्टेशन के यह हाल गर्मी से परेशान यात्री

रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर लगे 30 पंखे... छह दे रहे हवा, बाकी बंद

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶ भोपाल

देश का पहला निजी वर्ल्ड क्लास व सबसे आधुनिक व विश्व स्तरीय सुविधा का दावा करने वाले रानी कमलापति स्टेशन यात्री सुविधाओं के मामले में लगातार फिसड्डी साबित हो रहा है। यात्रियों को यहां पर मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल रही है। दरअसल आरकेएमपी स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर लगे पंखे अधिकांश समय बंद रहते है। इसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यात्रियों के द्वारा समस्यां बताने के बाद हरिभूमि टीम ने आरकेएमपी स्टेशन पर लगातार दो दिन तक पंखे बंद या चालू है इसका जायजा लिया। तो पंखे बंद मिले। आरकेएमपी स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म पर 30 पंखे लगे है। इसमें से सिर्फ छह पंखे चालू हालत में मिले। बाकी बांद थे, स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 4 पर लगे अधिकांश पंखे बंद रहते है। जिससे यात्रियों को घंटों ट्रेन का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है। हालात यह हैं कि स्टेशन पर लगे पंखे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। यात्रियों ने बताया कि दिन हो या रात, प्लेटफॉर्म पर गर्मी व उमस से कोई राहत नहीं है। इसके चलते बीमार यात्री,बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को विशेष परेशानी हो रही है।

प्लेटफार्म पर लगा पंखा खराब होने के कारण बंद, लोग गर्मी से परेशान।

महंगी पार्किंग फीस से लेकर खाने-पीने तक को लोग परेशान

आरकेएमपी स्टेशन पर यात्रियों को मुख्य रूप से महंगी पार्किंग फीस, कभी-कभी बंद मिलने वाले एस्केलेटर या लिफ्ट और स्टेशन परिसर के अंदर महंगी खान-पान की चीजों के खरीदने को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार यह स्टेशन विश्वस्तरीय है, जिसे भविष्य की जरूरतों के लिहाज से डिजाइन किया गया है, लेकिन कुछ ही साल के अंदर ही हालात दिन पर दिन खराब हो रहे है। लगातार अव्यवस्था फैलती नजर आ रही है।

प्रतिदिन लगभग 55 से 60 यात्री ट्रेनें हॉल्ट लेकर चलती है

यहां औसतन 15 से 25 हजार यात्री सफर करते है। तो वहीं त्योहार व अवकाश के दिनों में यहां संख्या करीब 40 से 50 हजार तक पहुंच जाती है। तो वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि स्टेशन वीआईपी ट्रेनें वंदेभारत व शताब्दी एक्सप्रेस का संचालन यहीं से होता है। तो वहीं राजधानी व दुरंतो एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का स्टापेज है।

प्लेटफार्म पर लगे पंखों से पत्तियां हो गई गायब

आरकेएमपी स्टेशन पर रेलवे के आला अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते कई पंखों से पंखी गायब हो गई, तो कुछ की पंखी खराब हो गई।

व्यवस्थाएं सुधारेंगे

इस संबंध में जल्द ही बंसल पाथवे प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी से बात कर व्यवस्थाओं को सुधार कराया जाएगा। यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधा मिल सके, रेलवे लगातार इसी दिशा में काम कर रहा है।

दिलीप कुमार सिंह
महाप्रबंधक पमरे जोन

खबर संक्षेप

सीवेज लाइन बिछाने के दौरान जेसीबी से टूटी नर्मदा लाइन, पानी की सप्लाई बंद

भोपाल। शहर के शक्ति नगर क्षेत्र में शहीद भगत सिंह चौराहे के पास शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे सीवेज लाइन बिछाने के दौरान जेसीबी की चपेट में नर्मदा जल प्रदाय की चार इंच की पाइप लाइन आ गई। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होते ही तेज दबाव के साथ पानी बहने लगा। सूचना मिलते ही नगर निगम के जल कार्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पाइप लाइन की सप्लाई बंद कराई। मरम्मत कार्य के चलते शक्ति नगर के कई सेक्टरों तथा आसपास की कॉलोनियों में जल प्रदाय अस्थायी रूप से बंद रहा। नगर निगम में जोन-14 के सहायक यंत्री जल कार्य चंदन पिपलाद ने बताया कि मौके पर टीम लाइन को सुधारने में लगी है। जल्द ही जल प्रदाय व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

लव तारण भारत गैस एजेंसी के वाहन में मिले 79 अवैध सिलेंडर, एक वाहन छोड़ा

इंस्पेक्टर को देख सिलेंडरों से भरा मिनी ट्रक भगाया, एक्टिवा अड़ाकर रोका

◆ एजेंसी के अवैध गोदाम में मिले एक हजार सिलेंडर, 26 एचपीसीएल के सिलेंडर भी किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गैस सिलेंडरों की किल्लत और भारत पेट्रोलियम कंपनी की सख्ती के बाद भी गैस एजेंसी संचालक सिलेंडरों की कालाबाजारी से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को हमीदिया रोड मनोहर डेयरी के सामने इसरानी मार्केट स्थित भारत कंपनी की लवतारण गैस एजेंसी का एक मिनी ट्रक करोंद के पीपल चौराहे पर मिला, जिसमें अवैध रूप से 79 सिलेंडर थे, जिन्हें छोटे दुकानदारों को महंगे दामों पर दिया जा रहा था।

खाद्य विभाग की टीम जब वहां पहुंची, तो उन्हें देखकर मिनी ट्रक चालक ने वाहन भगा दिया। टीम ने उसे करोंद चौराहे स्थित थिंक गैस पंप के पास दबोच लिया। एएसओ अशोक सत्यार्थी ने वाहन के आगे एक्टिवा अड़ा दी, चालक को वाहन रोकना पड़ा। ट्रक में रखे 79 सिलेंडरों को जब्त कर लिया, जबकि वाहन को छोड़ दिया। टीम यहां कार्रवाई के बाद कोकता के पास अरेड़ी गांव पहुंची, तो एजेंसी संचालक सहर्ष तारण ने अवैध रूप से गोदाम बना रखा था, जिसमें भारत कंपनी के 974 और एचपीसीएल कंपनी के 26 सिलेंडर रखे मिले, जिसे जब्त कर लिया गया है। यहां खड़े पांच वाहनों को भी जब्त किया गया है।

सिलेंडरों की जांच करती खाद्य विभाग की टीम।

एडीएम के रीडर ने बनाया ट्रक छोड़ने का दवाब

मौके पर जब टीम जब्ती की कार्रवाई कर रही थी, तभी एजेंसी संचालक सहर्ष तारण ने एएसओ की मोबाइल फोन पर एडीएम सुमित पांडे के रीडर दीपक सक्सेना से बात कराई। फोन पर सक्सेना ने एएसओ को कार्रवाई नहीं करने की बात कही, लेकिन एएसओ ने कार्रवाई नहीं रोकी।

कंट्रोलर के दबाव में वाहन छोड़ा

मौके पर सिलेंडरों से भरे सफेद रंग के मिनी ट्रक पर नंबर भी दर्ज नहीं थे। टीम को सिलेंडरों के साथ वाहन को भी जब्त करना था, लेकिन कंट्रोलर के दबाव में टीम ने वाहन को छोड़कर सिलेंडरों को दूसरी एजेंसी संचालक की सुपुर्दगी में दे दिया है, हालांकि अवैध गोदाम में मिले पांच वाहनों को जब्त किया है।

गोदाम की भी होगी जांच

जिला आपूर्ति नियंत्रक का कहना है कि लवतारण गैस एजेंसी के बगोनिया स्थित गैस गोदाम की भी जांच की जाएगी। इस एजेंसी से सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर टीम को तैनात का कार्रवाई की गई है।

संचालक ने पेश नहीं किया रिकॉर्ड

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि लवतारण गैस एजेंसी के वाहन को जब मौके पर पकड़ा गया तो चालक मिनी ट्रक में रखे 79 भरे सिलेंडरों के दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिसके बाद संचालक सहर्ष तारण को बुलाया गया, लेकिन वह भी रिकॉर्ड नहीं दिखा पाया, जिसके आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। सिलेंडरों की तौल भी कराई गई है, जिसमें गैस पूरी निकलने की बात कही जा रही है। इन सिलेंडरों में से दो सिलेंडरों की सील भी टूटी मिली है।

किसानों को न हो असुविधा, खरीदी व्यवस्था रहे पूरी तरह सुचारु

मूंग खरीदी से लेकर सहकारी बैंकिंग तक मिशन मोड में हो कामः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में मूंग एवं उड़द खरीदी, सहकारी बैंकिंग व्यवस्था, मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना तथा 'सहकारिता में सहकार' अभियान की प्रगति की शुक्रवार को सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मंत्रालय में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में करते हुए किसानों और सहकारी संस्थाओं को अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जाए। सारंग ने कहा कि मूंग एवं उड़द खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध रहें तथा उड़द खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

मंत्रालय में सहकारिता विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री सारंग।

दुग्ध समितियों में माइक्रो एटीएम सहकारी बैंकिंग को मिले नई गति

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से सारंग ने निर्देश दिए कि दुग्ध सहकारी समितियों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर चरणबद्ध तरीके से माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने सभी सहकारी बैंकों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, जमा राशि पर आकर्षक ब्याज योजना तैयार करने तथा सभी सहकारी समितियों के बैंक खाते सहकारी बैंकों में संचालित करवाने के निर्देश दिए।

'सहकारिता में सहकार' अभियान की होगी साप्ताहिक समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना तथा 'सहकारिता में सहकार' अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सारंग ने निर्देश दिए कि अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए। प्रत्येक सप्ताह इसकी नियमित समीक्षा कर लक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित हो।

दशहरा मैदान में गंदगी छोड़ना मेला आयोजकों को पड़ा भारी, निगम ने लगाया 16,200 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान में मेला आयोजन के बाद भारी मात्रा में कचरा और गंदगी फैलाकर छोड़ना आयोजकों को महंगा पड़ गया।

नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए विमलेश्वरी एसोसिएशन मेला आयोजन समिति के प्रतिनिधि आशीष गुप्ता से 16 हजार 200 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। इसके साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 81 प्रकरणों में 13 हजार 100 रुपए की राशि वसूली गई।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला शहरभर में सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहा है।

आर्ट ऑफ लिविंग का संदेश सेवा ही सद्भाव है

बस्तियों में उतरे युवा, सेवा संवेदना और मुस्कान से बदलने लगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य आनंद संस्थान, मध्यप्रदेश एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सात दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण (वाईएलटीपी) के छठवें दिन 40 से अधिक प्रतिभागियों ने भीमनगर, बल्लभ नगर सहित भोपाल की विभिन्न बस्तियों में सेवा, समर्पण और सामाजिक संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाया, लोगों को सामाजिक जागरुकता का संदेश दिया और सुदर्शन क्रिया और सत्संग के माध्यम से सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बस्ती में सफाई करते आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य।

◆ युवाओं ने जीवन को करीब से समझा

युवाओं ने कई वृद्धजनों के घर पहुंचकर उनका हालचाल जाना और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। बिना किसी जान-पहचान के लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझा और उनके जीवन से जुड़ने का प्रयास किया। इस अनुभव ने प्रतिभागियों की सोच को भी नई दिशा दी।

ईश्वर ने हमें बहुत कुछ दिया

एक प्रतिभागी ने भावुक होकर कहा, अब तक हमें लगता था कि हमारे जीवन में बहुत-सी कमियां हैं, लेकिन आज समाज के बीच जाकर महसूस हुआ कि ईश्वर ने हमें बहुत कुछ दिया है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांव और समाज में सेवा, सद्भाव और आनंद का वातावरण बनाने और सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनने का संकल्प लिया।

रविवार को कलश स्थापना कार्यक्रम में जुड़ेंगे देश-विदेश के श्रद्धालु

आचार्यश्री समय सागर के चातुर्मास को लेकर मंगलकलश स्थापना 2 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में विराजमान आचार्य समय सागर महाराज सहित 20 मुनि राजो ने अनंत चतुर्दशी को भक्ति साधना के साथ चातुर्मास की स्थापना की। सकल जैन समाज की ओर से भव्य कलश स्थापना कार्यक्रम रविवार 2 अगस्त को दोपहर 2 बजे से होगा, जिसमें सागर, गुना, सिरोंज, ललितपुर, झांसी, जयपुर, कोटा, गुजरात समेत देश-विदेश के श्रद्धालु साक्षी बनेंगे और साथ ही देश के विभिन्न शहरों में तप त्याग संयम की साधना कर रहे ब्रह्मचारी भैया बहने भी इस आयोजन की अनुमोदना करने उपस्थित होंगे। चातुर्मास स्थल कमलापति जिनालय निर्माण धीन विधोदय तीर्थमें श्रद्धालुओं की भक्ति देखते ही बन रही है।

आचार्य समय सागर महाराज की समय सागर ग्रंथ की वाचना की ध्वनि गूंज रही है। साथ ही रत्नकरंडक श्रावकाचार ग्रंथ की व्याख्या शुरू हो गई है।

दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगता है तांता

विद्योदय तीर्थ समिति द्वारा एमपी नगर स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में आचार्यश्री समय सागर महाराज के दर्शन के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। विदिशा, गंजबासौदा, सीहोर, इटारसी, जबलपुर, सिरोंज, गुना, अशोकनगर, मुंगावली सहित अनेक शहरों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

प्रदेश कार्य समिति की बैठक में लिया निर्णय

पारिवारिक विवाद निपटाने ताम्रकार समाज समन्वय समिति बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हैहयवंशी ताम्रकार समाज संगठन लोगों को थाने और अदालतों के चक्कर से बचाने और मामूली विवाद को अदालत तक ले जाने से बचने के लिए जिला स्तर पर समाज की समन्वय समिति बनाएगा। सामाजिक जिम्मेदारी निभाने समाज पूरे प्रदेश में स्थानीय स्तर पर पौधरोपण का काम भी कर रहा है, इसे और गति दी जाएगी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की कार्य समिति बैठक में उक्त निर्णय लिए गये। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पैगवार ने की।

लोगों को शासकीय योजना का लाभ दिलाने का लिया निर्णय

बैठक में युवाओं को रोजगार देने, समझ के लोगों को शासकीय योजना का लाभ दिलाने के साथ बच्चों को परिवारों में संस्कारित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक का संचालन महासचिव प्रदीप ताम्रकार और साकेत जबलपुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पदाधिकारी डॉ पवन ताम्रकार उचेहरा, घनश्याम तमेर , हरिओम ताम्रकार, पुष्पेंद्र ताम्रकार, विशाल शिवपुरिया, युवा मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमन कमल ताम्रकार , प्रदीप ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

बैठक में सर्वसम्मति से यह हुए फैसलेः इस मौके पर समाज में लगभग 100 से ज्यादा ऐसे मामले देखने में आए, जिनमें पारिवारिक विवाद थाने और अदालतों में लंबित है। इनके निपटारे के लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाई जाएगी। इसकी जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को दी गई है।

एम्स के डॉक्टरों ने विकसित किया स्वदेशी उपकरण, भारत सरकार से मिला पेटेंट

अब अक्ल दाढ़ निकालना होगा आसान, दर्द और सूजन भी होगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्ल दाढ़ निकलवाने के नाम से घबराने वाले मरीजों के लिए राहत की खबर है। एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने ऐसा स्वदेशी चिकित्सा उपकरण विकसित किया है, जिसकी मदद से मुश्किल अक्ल दाढ़ की सर्जरी को आसान बनाया जा सकता है। इस उपकरण को भारत सरकार से पेटेंट भी मिल चुका है। इसका नमूना फिलहाल चुनिंदा मरीजों की सर्जरी में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस उपकरण को मुख एवं जबड़ा शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अंशुल राय और डॉ. बीएल सोनी, पूर्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र और डॉ. समृद्धि ने करीब पांच साल के शोध, अनुभव और तकनीकी विकास के बाद तैयार किया है।

कम मुंह खुलने वाले मरीजों को मददगार

इस उपकरण की खासियत यह बताई जा रही है कि कम मुंह खुलने वाले मरीजों में भी अक्ल दाढ़ तक पहुंच आसान हो सकती है। मुख कैंसर का उपचार करा चुके कुछ मरीजों में भी, जहां मुंह खोलने और दाढ़ तक पहुंचने में परेशानी होती है, यह उपकरण उपयोगी साबित हो सकता है।

» कम दर्द, कम सूजन और दवाओं का खर्च घटने का दावा

डॉ. अंशुल राय ने बताया कि उपकरण के इस्तेमाल से मरीजों को पारंपरिक प्रक्रिया की तुलना में कम दर्द और सूजन का सामना करना पड़ रहा है। अक्ल दाढ़ सामान्य तौर पर 17 से 25 वर्ष की उम्र के बीच निकलती है। जबड़े में जगह कम होने पर कई बार यह दाढ़ पूरी तरह बाहर नहीं आ पाती और मसूड़े या हड्डी में फंस जाती है। कुछ मामलों में दाढ़ टेढ़ी दिशा में बढ़ती है, जिससे उसे निकालने के लिए आसपास की हड्डी हटानी पड़ती है या दाढ़ को टुकड़ों में काटकर निकालना पड़ता है। एम्स का यह उपकरण ऐसी ही जटिल स्थितियों में काम आसान करने के लिए बनाया गया है। चुनिंदा मामलों में इससे आसपास की हड्डी कम हटानी पड़ सकती है।

जीएमसी डीन ने किया प्रेरणा सेवा ट्रस्ट का निरीक्षण मरीजों के तीमारदारों को अपने हाथों से कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

32 वर्षों से हमीदिया अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके तीमारदारों की सेवा में समर्पित प्रेरणा सेवा ट्रस्ट का शुक्रवार को गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा संचालित सामुदायिक रसोई, मेडिकल स्टोर, रैन बसेरा एवं वस्त्र वितरण केंद्र सहित विभिन्न सेवा परियोजनाओं का विस्तृत अवलोकन किया तथा ट्रस्ट की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को अपने हाथों से भोजन वितरित किया। डॉ. सिंह ने ट्रस्ट के ट्रस्टियों, सदस्यों एवं कर्मचारियों से आत्मीय संवाद करते हुए ट्रस्ट की सेवा गतिविधियों की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों के निरंतर संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। ट्रस्टी शिव मोहन माथुर ने डॉ. सिंह को ट्रस्ट की विभिन्न गतिविधियों एवं सेवा परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष रश्मि बावा, सचिव कमलदीप सलूजा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार जैन, सहसचिव जयप्रकाश विजयवर्गीय, सहसचिव बलविंदर कौर साहोता, ललिता खाब्या आदि मौजूद थे।

मरीजों के परिजनो को भोजन परोसती डीन डॉ. सिंह।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय परिवार के घर किया भोजन... जनजातीय बहनों से बंधवाई राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झाबुआ जिले के थांदला में जनजातीय समुदाय के बसंत सिंह बामनिया के घर पहुंचकर उनके परिवार के साथ समय बिताया। मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों से आत्मीय संवाद किया।

उन्होंने जनजातीय बहनों से सावन मास में रक्षाबंधन से पूर्व राखी बंधवाई तथा बच्चों को स्नेह-दुलार देकर उन्हें अपनेपन का एहसास कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को थांदला में आयोजित प्रदेश स्तरीय स्व-सहायता समूहों के क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण कार्यक्रम में होंगे शामिल होने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के साथ

राखी बंधवाते सीएम।

प्रभारी मंत्री विजय शाह और निर्मला भूरिया तथा सांसद अनिता नागर सिंह चौहान भी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने परिवार के बीच बैठकर उनके साथ भोजन ग्रहण किया।

गोदड़ी पर बैठकर पत्तल में किया भोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामान्य जन की तरह गोदड़ी पर बैठकर पत्तल में भोजन किया।

मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती कर रही उन्नतशील कृषि सखियों से किया संवाद... जाना अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि झाबुआ जिले में प्राकृतिक खेती के पर्याप्त अवसर हैं। प्राकृतिक खेती न सिर्फ सेहत के लिए, बल्कि अच्छी आमदनी का भी अवसर प्रदान कर रही है। प्रदेश में नए अवसर पैदा हुए हैं। इसके लिए प्रदेश में कृषि कल्याण वर्ष के तहत सभी आवश्यक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झाबुआ जिले के थांदला में प्रदेश स्तरीय स्व-सहायता समूहों का क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई प्राकृतिक खेती कर रहीं

उन्नतशील कृषि सखियों और किसानों से संवाद किया। उन्होंने किसानों के अनुभव जाने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रयासों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने उन्नत कृषि सखियों के कार्यों की सराहना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम देवीगढ़, विकासखंड मेघनगर की उन्नतशील कृषि सखी संगीता डामोर से संवाद कर प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उनके अनुभवों एवं प्रयासों की सराहना की। संवाद के दौरान डामोर ने बताया कि उन्होंने कृषि सखी के रूप में प्राकृतिक खेती का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्तमान में वे अपने गांव एवं आसपास के 125 किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बीजामृत, जीवामृत और नीमास्त्र जैसे प्राकृतिक आदान बनाने की विधियां बता रही हैं।

खबर संक्षेप

नगर निगम के छह कर्मचारी सेवानिवृत्त अटल भवन में दी विदाई

भोपाल। नगर निगम में अपनी सेवा अवधि पूर्ण करने वाले छह कर्मचारियों को शुक्रवार को अटल भवन स्थित सभाकक्ष में आयोजित समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल और मिष्ठान भेंट कर उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। समारोह में सहायक यंत्री शिशु बिंदु सिंह, सहायक ग्रेड-2 जैकब वर्गिस, निम्न श्रेणी लिपिक अब्दुल हसीब उस्मानी, सफाई मित्र पार्वती बाई, विनियमित अकुशल कर्मचारी कैलाश चौखे तथा विनियमित अर्द्धकुशल कर्मचारी एनएल सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम भोपाल सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. शमीम कुरैशी, सचिव रामसिंह राठौर, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिना पदोन्नति के ही रिटायर्ड हो गए रेंजर बनने वाले डिप्टी रेंजर

भोपाल। वन विभाग के दर्जनों डिप्टी रेंजर बिना पदोन्नति के ही 31 जुलाई को सेवानिवृत हो गए हैं। यदि समय रहते डिप्टी रेंजर से रेंजर के पद पर पदोन्नति करने वाली सूची मंत्रालय से जारी हो जाती तो डिप्टी रेंजरों को सम्मानित पद एवं पेंशन में आर्थिक लाभ हो जाता। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मंत्रालय में लंबित डिप्टी रेंजर से रेंजर की पदोन्नति सूची को शीघ्र जारी करने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि एक माह का समय निकल जाने के बावजूद भी वन विभाग ने डिप्टी रेंजर से रेंजर पद पर पदोन्नति करने वाली सूची जारी नहीं की है।

आरटीआई में नहीं दिया जवाब, चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर तलब

भोपाल। मप्र राज्य सूचना आयोग ने एक मामले में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी नहीं देने पर चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर उत्तम शर्मा को तलब किया है। मामला दो साल पहले 2024 में चीतों को बेहोश करने की अनुमति, ब्लड टेस्ट, घायल चीतों की सर्जरी के बाद की रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत कई जानकारियां नहीं देने का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत पर सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त राजेश भट्ट ने चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर उत्तम शर्मा को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामले में जानकारी देने की जगह वन विभाग ने त्ज्य अधिनियम की धारा 8(1)(ए) और 8(1)(जे) का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। विभाग का कहना था कि मांगी गई जानकारी सुरक्षा और निजी जानकारी से जुड़ी है। वहीं कुछ सूचनाओं के लिए शुल्क भी मांगा गया। मामले में अजय दुबे ने आयोग के सामने दस्तावेज पेश कर आरोप लगाया कि उत्तम शर्मा ने 2024 से अब तक आरटीआई अधिनियम का उल्लंघन किया।

झाबुआ के थांदला में हितग्राहियों को किए हितलाभ वितरित, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को प्रदान की 300 करोड़ रुपए ऋण राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का कार्य सरकार और सामाजिक दोनों स्तर पर हो रहा है। बहनें स्व-सहायता समूहों को नई ताकत दे रही हैं। कृषि, पशुपालन, बैंक, उद्यम सखियां भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बहनों की सार्थक भूमिका से प्रत्येक परिवार में समृद्धि आ रही है। राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है। बहनों की शक्ति और आशीर्वाद से प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड, थांदला, जिला झाबुआ में आयोजित स्व-सहायता समूहों के क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में नगरीय निकायों और पंचायतों में 50 प्रतिशत स्थान बहनों के लिए आरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि थांदला में पक्का हेलीपैड बनेगा। प्रत्येक विधानसभा में खेल स्टेडियम बनाएंगे। पद्मावती नदी पर घाट निर्माण किया जाएगा। छोटी काशी में भी घाट बनाया जाएगा।

झाबुआ में 174.64 करोड़ के 29 कार्यों का भूमिपूजन 109.17 करोड़ के 28 कार्यों का लोकार्पण किया

माही नदी पर महर्षि श्रृंगी की तपोभूमि श्रृंगेश्वर तीर्थ स्थल पर निर्मित होगा घाट

हितलाभ वितरित करते मुख्यमंत्री व मंत्री।

सीएम ने स्व-सहायता समूहों को राशि वितरित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए 300 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने झाबुआ जिले को 174.64 करोड़ रुपए के 29 विकास कार्यों के भूमि-पूजन और 109.17 करोड़ रुपए के 28 विकास एवं आधारभूत संरचना कार्यों के लोकार्पण की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया और मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आजीविका मेला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि 70 करोड़ की लागत से आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि-पूजन किया गया है। यहां 35 करोड़ 29 लाख की लागत से सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे। झाबुआ के थांदला से अब रेलगाड़ी भी गुजरेगी।

जनजातीय अंचल में विकास के कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जब लगातार तीन बार पड़ोसी राज्य गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब झाबुआ के आसपास जनजातीय अंचल में विकास के अद्भुत कार्य हुए। प्रधानमंत्री मोदी गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके मन में बहनों के लिए विशेष सम्मान है। उनके माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी बहनें के सशक्तिकरण के लिए 300 करोड़ रुपए के ऋण दिए गए हैं। स्व-सहायता समूहों से बहनों की समृद्धि का मार्ग खुल रहा है।

हमारी बहनें 10 हजार रुपए प्रति महीना तक आय अर्जित कर रहीः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हमारी बहनें 10 हजार रुपए प्रति महीना तक आय अर्जित कर रही हैं। प्रदेश की लाड़ली बहनें, उद्यमी बहनें, कृषि सखी सभी आगे बढ़ रही हैं। स्व-सहायता समूहों की ओर से 196 दीदी कैफे संचालित किए जा रहे हैं। झाबुआ में भी बहनें 4 कैफे चला रही हैं। प्रदेश में 85 आजीविका पुस्तकालयों का संचालन स्व-सहायता समूहों की बहनों के हाथों में है। गैर कृषि आधारित 150 से अधिक कार्य बहनें कर रही हैं।

आज जबलपुर में होगा आयोजन

मुख्यमंत्री देंगे विकास सौगातें 11 लाख पौधरोपण महा अभियान का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 अगस्त को जबलपुर प्रवास के दौरान शहरवासियों को विकास, स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़ी कई बड़ी सौगाते देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव डुमना नेचर पार्क में 'कैच द रेन' अभियान के तहत 11 लाख पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके तहत उमरिया, डुमना और कठौंदा में मियावाकी पद्धति से 5 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

■ तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण करेंगे सीएम

इसके अलावा, उमरिया में 5 एकड़ के पौध-पहचान पार्क, डुमना में 'नवग्रह वाटिका' और जल संरक्षण के लिए 'कैच द रेन' अभियान के तहत सोकपिट्स बनाने का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव घंटाघर स्थित गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम में 362.31 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 'अमृत 1.0' सीवेज परियोजना और कठौंदा, ललपुर व तेवर में बने तीन बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण करेंगे, जिससे 89 हजार घरों को फायदा मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री सिविल लाइन में आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडर्न लॉन्ड्री की सौगात देंगे। वहीं, गुरंदी में 2.5 करोड़ रुपए की लागत से बने नए पक्के मत्स्य बाजार का लोकार्पण किया जाएगा, जहां 55 व्यापारियों को अत्याधुनिक सुविधाओं वाली दुकानें मिलेंगी। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान ई-सिटी बस का शुभारंभ करेंगे तथा पीएम स्वनिधि के 500 हितग्राहियों को डिजिटल कार्ड प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तिलवारा स्थित नव निर्मित थाना व पुलिस आवासों का लोकार्पण भी करेंगे।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों से समझौता नहीं : सिंघार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कांग्रेस आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और संवैधानिक हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। सिंघार कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल के आदिवासी प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। तीन प्रमुख विषयों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री ने दिया सकारात्मक आश्वासन

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा ज्ञापन में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर राज्यस्तरीय सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, आदिवासी क्षेत्रों के शासकीय आईटीआई, आदिवासी छात्रावासों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने तथा रीवा आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की हत्या के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। सिंघार ने बताया कि मुख्यमंत्री की ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री का प्रथम जन-विश्वास दौरा 7 अगस्त को छिंदवाड़ा में

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रथम जन-विश्वास दौरे पर शुक्रवार 7 अगस्त को छिंदवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज चिन्हित शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद करेंगे। वे उनकी समस्याओं के निराकरण की समीक्षा करेंगे। समाधान कार्यक्रम के लिए शिकायतों का चयन कर उनका प्राथमिक स्तर पर परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिला स्तरीय विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक भी करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री जिले के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ उद्योग संवाद में भी भाग लेंगे। योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक भी करेंगे।

प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर नहीं दिखे भारती

दतियाः घनश्याम सिंह का आरोप, भारती ने भाजपा के साथ मिल कर किया भितरघात

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह ने पार्टी के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भारती ने उप चुनाव में प्रचार के दौरान

भाजपा के साथ हाथ मिला कर कांग्रेस को हराने का काम किया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कांग्रेस से निकालने की मांग की है।

बता दें, राजेंद्र भारती पूरे प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर दिखाई नहीं पड़े। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस दौरान उनसे दो बार मुलाकत की। पहले वे नामांकन के दिन मिले और इसके बाद प्रचार अभियान के अंतिम दौर में 28 जुलाई को भारती से घर जाकर मिले। पटवारी से मुलाकात के बाद भारती कांग्रेस के अंतिम शक्ति प्रदर्शन में मंच पर दिखाई पड़े थे।

घनश्याम को टिकट नहीं चाहते थे भारती

राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण दतिया में उप चुनाव हो रहा है। वे चाहते थे कि उनके परिवार के किसी सदस्य को ही टिकट मिले, लेकिन नेतृत्व के दबाव में उन्हें बयान देना पड़ा कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी, वे उसको जिताने के लिए काम करेंगे। बावजूद इसके वे घनश्याम सिंह के पक्ष में नहीं थे। भारती चाहते थे कि या तो भाजपा से कांग्रेस में आए अवधेश नायक को टिकट दिया जाए या पिछड़े वर्ग से किसी नेता को। पर पार्टी ने घनश्याम के नाम पर मुहर लगा दी। 2008 में जब भारती के स्थान पर कांग्रेस ने घनश्याम को टिकट दिया था, तब भारती बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ गए थे और घनश्याम तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे। इस तरह उनसे भारती की पुरानी अदावत थी।

धांधली के आरोप के साथ किया जीत का दावा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि सरकार के दबाव में भाजपा ने प्रचार के दौरान जमकर धांधली की। मतदान के दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर लिया गया। कांग्रेस के प्रभाव वाले मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया गया। इसकी वजह से कम मतदान हुआ। बावजूद इसके दोनों नेताओं ने दावा किया कि दतिया के उप चुनाव में कांग्रेस ही जीतेगी।

पेज 1 का शेष

अस्मिता और हर्ष ...

काट्ज को 10-0 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में जूडो में यह भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिले हैं। भारत के खाते में अब 19 पदक (5 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य) हो गए हैं। भारत के पदकों की संख्या अभी और बढ़ने की पूरी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि वास्तव में एक स्वर्णिम प्रदर्शन! जूडो महिला 48 किग्रा फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने पर अस्मिता डे पर गर्व है! यह प्रदर्शन हमेशा याद रखा जाएगा और जूडो को और भी अधिक लोकप्रिय बनाने में योगदान देगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

मप्र ...

बढ़ रहा है। जिसके तहत शनिवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी और भारी बारिश की संभावना कम है, हालांकि मानसून द्रोणिका का प्रभाव बना रहेगा। खरगोन में पुलिया पार करते समय दो युवक बह गए, एक तैरकर बाहर आ गया। दूसरे युवक की तलाश जारी है।

कहां-कितनी हुई बारिश?

शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश खंडवा में 94 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा बुरहानपुर में 55 मिलीमीटर, सीहोर में 50, धार में 27, खरगोन में 25, छिंदवाड़ा में 16, दतिया में 10.5, भोपाल 8, नर्मदापुरम में 7 और इंदौर में 5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अगस्त माह में भोपाल की औसत बारिश 326 मिलीमीटर दर्ज की जाती है, जिसमें औसतन 13 दिन बारिश होती है। जब भी मानसून में ब्रेक होता है, तब गर्माहट और उमस बढ़ती है। इस दौरान औसत अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहता है, जिससे दिन-रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं रहता। राजधानी में अगस्त के दिनों में 2006 में रिकार्ड 903.9 मिलीमीटर बारिश हुई थी। यहां 14 अगस्त 2006 को 291.6 मिलीमीटर पानी गिरा था।

वकील बोले- 50% ...

ओबीसी आरक्षण कानून अगस्त 2019 में लागू हुआ, जबकि ईडब्ल्यूएस आरक्षण जुलाई 2019 में ही लागू हो चुका था। 1982 की महाजन आयोग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि राज्य में एससी (15%), एसटी (20%) और ओबीसी (48.01%) की बड़ी आबादी है। किसी वर्ग को पिछड़ेपन से उबरने में कम से कम दो पीढ़ियां लगती हैं। राज्य सरकार के 87-13% भर्ती फॉर्मूले में 13% प्रोविजनल सूची में केवल सामान्य वर्ग को जगह देने पर आपत्ति जताई गई। इस पर हाईकोर्ट ने साफ किया कि पहले 27% ओबीसी आरक्षण की वैधता पर बहस पूरी होगी, उसके बाद ही भर्ती फॉर्मूले पर सुनवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी।

हिंदी साहित्यकार ...

हुए कहा कि हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। 26 अप्रैल 1936 को महू (इंदौर) में जन्मे पंत जी ने व्याख्याता और पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य के रूप में सेवाएं दीं। वे हिंदी भवन भोपाल के निदेशक रहे और मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति से लंबे समय तक जुड़े रहे। उन्होंने 'धुंध के आर-पार' और 'कौन किसका आदमी' जैसी चर्चित कृतियां लिखीं। हिंदी साहित्य में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें इसी वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

पहली बार ट्रेन से लाया ...

के लिए रवाना हुई थी। 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही इस ट्रेन ने तय समय-सीमा के भीतर सफर पूरा किया। इसके बाद दिल को सुरक्षित अहमदाबाद के यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने इसका सफल ट्रांसप्लांट किया। हार्ट ट्रांसप्लांट में हर एक मिनट बेहद संवेदनशील होता है। इस चुनौतीपूर्ण मिशन को सफल बनाने में भारतीय रेलवे, आरपीएफ, गुजरात राज्य पुलिस और डॉक्टरों की टीम के बीच अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। जैसे ही वंदे भारत ट्रेन अहमदाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पहुंची, आरपीएफ और पुलिस के जवानों ने प्लेटफॉर्म से लेकर अस्पताल तक बिना किसी ट्रैफिक रुकावट के ग्रीन कॉरिडोर बना दिया।

भिवंडी में 4 मंजिला ...

के वक्त इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था, जिसके लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, ठाणे रिस्पॉन्स फोर्स और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। रातभर टॉर्च की रोशनी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। भिवंडी के इंदिरा गांधी अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है, फिलहाल बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।

पुजारी बने यादव ...

सख्त आपत्ति ताई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी हरकतें संसद की पवित्रता और मर्यादा को ठेस पहुंचाती हैं। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे साधु-संतों और भगवा वस्त्र का सीधा अपमान बताते हुए स्पीकर से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

खसरा नंबर 612 पर 100...

पीछे रहने वाले हिंदू समाज के लोगों ने नमाज के लिए तय की गई जगह पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उनका दावा है कि यह जमीन उनकी निजी कृषि भूमि है और इस पर नमाज की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दूसरी ओर, मुस्लिम पक्ष ने इस घटनाक्रम को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। उनका कहना है कि अब सभी की निगाहें 5 अगस्त को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

सरकारी मंदिरों में ...

सरकार व अन्य अनावेदकों को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का अंतिम समय दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में जवाब दाखिल नहीं हुआ, तो उत्तर का अधिकार समाप्त मान लिया जाएगा। इस मामले की अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी।

बेंगलुरु में जेप्टो डिलीवरी एजेंट की बदसलूकी

पानी मांगने के बहाने घर में घुसने की कोशिश दरवाजा बंद करने पर बार-बार बेल बजाता रहा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

आईटी सिटी बेंगलुरु से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'जेप्टो' से सामान मंगाना एक युवती के लिए खौफनाक अनुभव बन गया। सामान डिलीवर करने पहुंचे एजेंट ने न सिर्फ युवती से बार-बार पानी मांगा, बल्कि जबरन घर के अंदर दाखिल होने की जिद करने लगा। पीड़िता के अनुसार डिलीवरी देने के बाद एजेंट ने पानी मांगा। बोतल देने के बावजूद उसने फिर पानी मांगा और घर के अंदर बैठने की अनुमति मांगी। युवती ने जब उसे बाहर बैठने को कहा और घर का दरवाजा बंद कर लिया, तो आरोपी लगातार डोरबेल बजाने और दरवाजा पीटने लगा। इस हरकत से घबराई युवती ने खुद को अंदर बंद कर लिया। घटना के बाद युवती ने जेप्टो एप पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वहां से केवल जांच का एक औपचारिक संदेश मिला। एप से मदद न

जेप्टो सपोर्ट से असंतुष्ट युवती का वीडियो वायरल सुरक्षा पर उठे सवाल

मिलने पर युवती ने आपबीती का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद लोगों ने क्विक-कॉमर्स कंपनियों से डिलीवरी एजेंट्स की सख्त क्रिमिनल बैकग्राउंड जांच करने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता कदम उठाने की मांग की है।

11 जुलाई को हुई थी ऐसी ही घटना

इससे पहले 11 जुलाई भी बेंगलुरु में एक महिला के घर डिलीवरी देने आए फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय ने पहले जबरदस्ती उसके घर का वॉशरूम यूज किया। फिर वहां से निकलते वक्त उसने कथिततौर पर महिला को अपने प्राइवेट पार्ट दिखाया, जिससे महिला बुरी तरह डिस्टर्ब हो गई और उसने रोते हुए उसका वीडियो बनाया।

सोशल मीडिया प्रोफाइल में बदलाव से मिले संकेत

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरा और राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, अभी तक पार्टी या शहजाद पूनावाला की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल में हुए बदलावों और अन्य संकेतों से यह साफ हो गया है कि उन्होंने अपना इस्तीफा भाजपा नेतृत्व को सौंप दिया है।

2008 में कांग्रेस से शुरू किया था राजनीतिक सफर

टीवी डिबेट्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और पार्टी का मजबूती से पक्ष रखने वाले 38 वर्षीय शहजाद पूनावाला लंबे समय से भाजपा के मीडिया पैनल का एक जाना-माना चेहरा रहे हैं। उनके इस अचानक फैसले से राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। शहजाद ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 2008 में कांग्रेस से की थी। वे युवा कांग्रेस के पुणे उपाध्यक्ष और बाद में महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव भी रहे। इसके बाद वे भाजपा में शामिल होकर पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता बने थे। 1987 में पुणे में जन्मे शहजाद पेशे से वकील और सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सैयद मोनिस अली पुत्र श्री सैयद बसारत अली निवासी सिकन्दरी रेलवे स्टेशन हुजूर भोपाल के द्वारा भूमि स्थित ग्राम सेमरा रायसेन सर्वे नं. 14/1 रकबा 0.57400 भूमि स्थित है तथा उक्त भूमि मे मेरे पक्षकार के द्वारा प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति या शासकीय अशासकीय संस्था बैंक को-आपरेटिव सोसायटी साहूकार आदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी प्रकार की देनदारि या बकाया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद जाहिर सूचना मेरा पक्षकार उक्त भूमि में प्लाटिंग का कार्य प्रारंभ कर देगा तथा म्याद गुजरने के बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। अतः सूचित हो।

भवदीय
द्वारा बलवंतसिंह लोधी एडवोकेट
पता दीवानगंज जिला रायसेन म.प्र.
मो नं 9981605039

कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, नवीन कम्पोजिट राजस्व भवन चतुर्थ तल, चन्द्रवदनी नाका, लश्कर, जिला ग्वालियर

E-mail: ec.ecogwl@mp.gov.in

क्रमांक / तीन/स्टोर/2026-27/1/1196887/2026

ग्वालियर, दिनांक 28-07-2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल स्थित कंट्रोल कमांड सेन्टर के सुचारू संचालन एवं उपकरणों की सुरक्षा हेतु 40 KVA का एक डीजल जनरेटर सेट (DG Set) आबकारी आयुक्त के कैम्प कार्यालय, ई-5 विटटन मार्केट, भोपाल में क्रय कर स्थापित कराये जाने हेतु एमपी टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2026_EXCIS_524006_1 आमंत्रित की गई है। निविदा में प्रस्तुतीकरण से संबंधित शर्ते एवं विवरण एमपी टेंडर पोर्टल की साईड पर निविदा आमंत्रण सूचना प्रदर्शित की गई है।

G-16509/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

अपर संचालक (वित्त)
कृते आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश

कार्यालय सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल भोपाल

दूरभाष/फैक्स नं.-0755-2443748
Email: co25bn_saf@mppolice.gov.in

क्र.-25वीं वाहिनी/विसबल/सा.अ./ 2832/2026 दिनॉक 27/07/2026

// खुली निविदा विज्ञप्ति //

इकाई की एसटीएफ कम्पनी के जवानो हेतु कैमोफ्लाईज वर्दी एवं अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। खुली निविदा विज्ञप्ति का ऑनलाईन प्रकाशन कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से दिनॉक तक मान्य होगी, खुली निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप निम्नानुसार हैं।

स. क्र.	सामग्री का नाम	सामग्री की तादात	धरोहर राशि	निविदा दर	प्रदाय कार्यलय (एफ.ओ.आर.)
1	कैमोफ्लाईज वर्दी कपड़ा 160 वर्दी हेतु	576 मीटर	18000.00	2000.00	सेनानी, 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल
2	कैमोफ्लाईज वर्दी सिलाई	160 वर्दी			
3	जंगल बूट/हंटर बूट	90 जोड़			
4	पी.टी. शू ब्राउन	50 जोड़			
5	पी.टी. शू सफेद	10 जोड़			
6	एस.टी.एफ. बैज	100 जोड़			
7	ब्लेक पेंथर मोनो	160 नग			
8	मंकी कैप	80 नग			

01. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों को म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपलोड करना होगा।
02. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों की सत्यापित प्रति-01 एवं सरल क्र0-01 से सरल क्र0-08 तक अंकित सामग्री के नमूने (मीटर/नग/जोड़ के मान से) व्यक्तिगत रूप से अद्योहस्ताक्षर कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा में जमा किया जावें। निर्धारित समयावधि उपरान्त निविदा प्रपत्र दस्तावेज एवं सामग्री के नमूने स्वीकार नही की जाऐगें।
03. खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल_https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन खोली जायेगी।
04. मध्यप्रदेश पुलिस की ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders पर खुली निविदा की प्रपत्र, विस्तृत जानकारी डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगी।
05. समय सारणी :-

01 निविदा प्रकाशन दिनॉक	दिनॉक 29/07/26 समय 10.00 बजे।
02 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनॉक	दिनॉक 29/07/26 समय 10.00 बजे।
03 निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक	दिनांक 29/07/26 समय 10.00 बजे।
04 निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक	दिनॉक 12/08/26 समय 15.30 बजे।
05 निविदा खोलने का दिनांक	दिनांक 13/08/26 समय 16:00 बजे।

06. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अत: वेबसाईट पर अद्यतन रहें।
07. निविदा में दशार्ये दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

(नगेन्द्र सिंह)
सेनानी
25वीं वाहिनी वि.स.बल,भोपाल

G-16501/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

// वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/104/वाहन/2026

देवास, दिनांक- 29.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत डीलर/सब डीलर अथवा सप्लायर/कान्ट्रेक्टर से इम्पेनल्मेंट अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाई http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम दिनांक
1	2026_UAD_525397_1 29/07/2026	विभागीय अशोक लिलेण्ड (दोस्त) गार्बेज टीपर एवं डम्पी वाहनों की मरम्मत में लगने वाले पाटर्स क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। (संलग्न सूची अनुसार)	1. 12 माह 2. 60.00 लाख	1. 10,000/- 2. 1,80,000/-	19/08/2026 06.00 PM

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
देवास म.प्र.

हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अंतिम अवसर ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

राशिफल

मेष – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

शब्द पहेली - 6304



बाएँ से दाए
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

ऊपर से नीचे
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

शब्द पहेली- 6303 का हल

सूडोकु नवताल- 6314

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6313 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

अप्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा की गई जांच में होती है तकनीकी त्रुटियां: अजय

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पेट्रोल पंप संचालकों ने जांच प्रक्रिया को लेकर चिंता जताते हुए मध्यप्रदेश पेट्रोल ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा है कि लंबे समय से विभिन्न जांचों के नाम पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई मामलों में अप्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा की गई जांच में तकनीकी त्रुटियां रह जाती हैं, जिसके कारण पंप संचालकों को अनावश्यक रूप से दोषी ठहराया जाता है।

अजय सिंह

अजय सिंह का कहना है कि नापतौल संबंधी मामलों में कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित और प्रमाणित अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कई बार गैर-प्रमाणित अधिकारियों या अन्य एजेंसियों द्वारा जांच कर घटतौली के प्रकरण दर्ज कर दिए जाते हैं। बाद में जब इन मामलों की जांच तकनीकी रूप से प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा की जाती है, तो कई मामलों में पहले की जांच में कमियां सामने आती हैं।

जांच प्रक्रिया और भ्रामक बयान पर पंप संचालकों ने जताई चिंता

मानक से अधिक पानी बनाम प्रशासन की कार्रवाई पर पंप संचालकों की नाराजगी

तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बयान से केंद्र सरकार की एथेनॉल ब्लेंडिंग नीति को लेकर भी जा रहा गलत संदेश

संचालकों ने कहा कि जांच अधिकारी द्वारा इस तरह का बयान दिए जाने से ग्राहकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। साथ ही इससे केंद्र सरकार की इथेनॉल ब्लेंडिंग नीति को लेकर भी गलत संदेश जा सकता है। पंप संचालकों ने संबंधित विभागों से अपील की है कि जांच और सार्वजनिक बयानों में तकनीकी तथ्यों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि ग्राहकों को सही जानकारी मिले और पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर अनावश्यक भ्रम की स्थिति न बने।

ऑटोमेशन सिस्टम लागू, फिर विभागों में पुराने तरीकों से जांच

उन्होंने कहा कि देशभर के पेट्रोल पंपों पर ऑयल कंपनियों द्वारा ऑटोमेशन सिस्टम लागू किए गए हैं, जिनके माध्यम से बिक्री, स्टॉक और आपूर्ति से संबंधित पूरी जानकारी कुछ ही समय में प्राप्त की जा सकती है। इसके बावजूद कई विभागों में पुराने तरीकों से जांच की जा रही है, जिससे गणना संबंधी गलतियों की संभावना बनी रहती है। पंप संचालकों ने मांग की है कि जांच प्रक्रिया में केवल प्रशिक्षित और प्रमाणित अधिकारियों को ही शामिल किया जाए, ताकि वास्तविक मामलों में कार्रवाई हो और निर्दोष पंप संचालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वे जांच से नहीं डरते, लेकिन जांच निष्पक्ष, तकनीकी आधार पर और सही प्रक्रिया के अनुसार होनी चाहिए। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के एक पेट्रोल पंप पर 30 जुलाई को हुई जांच के दौरान दिए गए एक कथित बयान को लेकर मध्यप्रदेश पेट्रोल ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह सहित पंप संचालकों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि डीजल में 3 प्रतिशत पानी मिलाने की अनुमति होने की बात तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।

डीजल में पानी की मात्रा को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स एसो. ने जताई आपत्ति

कहा- तकनीकी तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया

भोपाल । मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (एमपीडीए) ने डीजल में पानी की मात्रा को लेकर आपत्ति जताते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को पत्र भेजकर स्पष्टीकरण और सुधार की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह और महासचिव नकुल शर्मा द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि डीजल में 3 प्रतिशत तक पानी मिलना अनुमत होने संबंधी जानकारी तकनीकी और कानूनी रूप से गलत है। एसोसिएशन ने कहा कि इस तरह की जानकारी से आम उपभोक्ताओं में भ्रम फैल सकता है और पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स की छवि प्रभावित हो सकती है। पत्र में एसोसिएशन ने दावा किया कि लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट-2009, पेट्रोलियम एक्ट-1934, पेट्रोलियम रूल्स-2002, बीआईएस मानकों या तेल विपणन कंपनियों के किसी भी दिशा-निर्देश में डीजल में 3 प्रतिशत पानी की अनुमति का कोई प्रावधान नहीं है। एसोसिएशन ने संबंधित प्रावधान या तकनीकी मानक सार्वजनिक करने की मांग की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि भूमिगत टैंक में वातावरण की नमी या अन्य प्राकृतिक कारणों से थोड़ी मात्रा में पानी जमा हो सकता है।

डीजल में पानी की मात्रा को लेकर जारी जानकारी का तकनीकी और कानूनी आधार स्पष्ट हो

इसके लिए पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से वॉटर फाइंडिंग पेस्ट और निर्धारित प्रक्रियाओं से जांच की जाती है। पदाधिकारियों ने जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को भेज गए पत्र में कहा है कि टैंक में लगी सबमर्सिबल टर्बाइन पंप (एसटीपी) टैंक के बिल्कुल निचले हिस्से से ईंधन नहीं खींचती, बल्कि उसका सक्शन प्वाइंट ऊपर रखा जाता है ताकि नीचे जमा पानी या तलछट उपभोक्ताओं तक न पहुंचे। केवल टैंक के नीचे पानी की मौजूदगी से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उपभोक्ताओं को पानी मिला डीजल दिया गया। इसके लिए यह साबित करने वाले तकनीकी प्रमाण जरूरी हैं कि पानी वास्तव में डिस्पेंसिंग सिस्टम से होकर ग्राहकों तक पहुंचा। मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने मांग की है कि डीजल में पानी की मात्रा को लेकर जारी जानकारी का तकनीकी और कानूनी आधार स्पष्ट किया जाए।

टोयोटा ने लांच की न्यू हिलक्स कीमत 31.99 लाख रु. से शुरू

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपनी नई पीढ़ी की ऑल-न्यू हिलक्स पिकअप ट्रक लांच कर एसयूवी पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने इसे दमदार डिजाइन, आधुनिक तकनीक, प्रीमियम फीचर्स और बेहतर ऑफ-रोड क्षमता के साथ पेश किया है।

इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 31.99 लाख रुपए रखी गई है। वाहन की बुकिंग 28 जुलाई 2026 से शुरू होगी, जबकि डिलीवरी अगस्त के दूसरे सप्ताह से शुरू की जाएगी। नई हिलुक्स में 2.8-लीटर बीएस 6 फेज-2 डीजल इंजन दिया गया है, जो 204 पीएस की पावर और 500 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है।

आयकर चालान पोर्टल में तकनीकी समस्या

करदाताओं को रिटर्न और टीडीएस विवरणी जमा करने में परेशानी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर रिटर्न और टीडीएस विवरणी जमा करने की अंतिम तारीख के बीच ऑनलाइन चालान जमा करने में आ रही तकनीकी समस्या से करदाताओं और पेशेवरों में नाराजगी देखी जा रही है। करदाताओं के साथ और कर सलाहकार का कहना है कि वे अपने दायित्वों का पालन करते हुए समय पर आयकर विवरणी जमा करना चाहते हैं, लेकिन ऑनलाइन चालान प्रणाली में परेशानी के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। कई

लोगों ने शिकायत की है कि चालान भुगतान के दौरान बैंक खाते से राशि कटने के बाद भी आगे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही है। वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन के अनुसार, यह समस्या पिछले तीन दिनों से ही बनी हुई है और अंतिम तारीख के दिन भी ऑनलाइन चालान जमा नहीं हो पा रहे हैं। इसके कारण आयकर विवरणी के साथ-साथ वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही की टीडीएस विवरणी जमा करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। करदाताओं ने आयकर विभाग से मांग की है कि तकनीकी समस्या का जल्द समाधान किया जाए और प्रभावित लोगों को रिटर्न एवं टीडीएस विवरणी दाखिल करने के लिए आवश्यक राहत दी जाए, ताकि किसी भी करदाता को तकनीकी खामी के कारण परेशानी न उठानी पड़े।

एसबीआई ने लांच की नई मोटर इंश्योरेंस ब्रांड फिल्म

मुंबई । एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने अपने एकीकृत ब्रांड अभियान 'चुनिए भरोसा, अपनों सा' के तहत मोटर इंश्योरेंस पर आधारित नई विज्ञापन फिल्म जारी की है। इस अभियान में अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का उद्देश्य ग्राहकों को भरोसेमंद मोटर इंश्योरेंस पार्टनर चुनने के महत्व से अवगत कराना है। अभियान ग्राहकों को केवल बीमा पॉलिसी नहीं, बल्कि जरूरत के समय साथ निभाने वाले विश्वसनीय साझेदार को चुनने के लिए प्रेरित करता है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि बीमा का आधार ग्राहकों का विश्वास है।

सीएम ने पेप्सिको के फ्लेवर प्लांट का किया दौरा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्थित पेप्सिको इंडिया की अत्याधुनिक फ्लेवर मैन्युफैक्चरिंग सुविधा का दौरा कर उत्पादन प्रक्रियाओं, विनिर्माण क्षमताओं और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। 1,266 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित यह संयंत्र मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से 800 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जो राज्य के निवेश-अनुकूल माहौल और औद्योगिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार उद्योगों के लिए बेहतर कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराने, नए निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

बिजनेस न्यूज

नराकास की 54वीं बैठक संपन्न, राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 कार्यालय सम्मानित

भोपाल । नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) भोपाल की 54वीं छमाही बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन और उसके प्रगतिशील उपयोग पर चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न उपक्रमों के 27 सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक एवं नराकास भोपाल के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अपने व्यावसायिक दायित्वों के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और उसके प्रभावी उपयोग के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के उपनिदेशक नरेंद्र सिंह मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर 1 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 सदस्य कार्यालयों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हडको, द्वितीय पुरस्कार भेल और गेल (इंडिया) , तृतीय पुरस्कार बीएसएनएल और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को प्रदान किया गया।

कल भोपाल में होगा फ्रेंडशिप डे समारोह

भोपाल । छह दशक पुरानी मित्रता का जश्न मनाने के लिए 2 अगस्त को भोपाल के समीप बिल्किसगंज ग्राम खुरानिया स्थित एक फार्म हाउस में भव्य मित्रता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में भोपाल, इंदौर सहित विभिन्न शहरों से करीब 25 मित्र शामिल होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक, इंजीनियर, उद्योगपति, शिक्षाविद् और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सभी सहभागी इंदौर के प्रतिष्ठित बाल निकेतन संघ के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं और उन्होंने पद्मश्री सम्मानित शिक्षाविद् स्वर्गीय शालिनी ताई मोघे के मार्गदर्शन में कक्षा पहली से आठवीं तक शिक्षा प्राप्त की थी।

वेस्टर्न की कई देशों के संस्थानों से साझेदारी

नई दिल्ली। वेस्टर्न ओवरसीज स्टडी अब्रॉड लिमिटेड ने कनाडा, न्यूजीलैंड, यूरोप, मध्य-पूर्व और रूस के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियां कर अपने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नेटवर्क का विस्तार किया है। कंपनी का उद्देश्य भारतीय छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर और प्रवेश प्रक्रिया में व्यापक सहयोग उपलब्ध कराना है। नई साझेदारियों में रूस के रैकस ग्रुप के माध्यम से 20 से अधिक राज्य विश्वविद्यालय, कनाडा के कनाडोर, सेंटेनियल और फैनशॉ कॉलेज, न्यूज़ीलैंड का यूकोल , यूरोप का एडी एजुकेशन ग्रुप तथा दुबई का मोनार्क एजुकेशन शामिल हैं।

गिनाईं सरकार की प्राथमिकताएं, रोजगार पर जोर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार की प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि राज्य तेजी से बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है और सरकार विकास के साथ सुशासन को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए बनाए गए कानून का जिक्र करते हुए कहा कि 1 जुलाई से प्रभावी इस कानून में बहला-फुसलाकर, दबाव या लालच देकर धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सजा का प्रावधान किया गया है। रोजगार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में राज्य में 20 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है और जल्द ही 5 हजार शिक्षकों की भर्ती भी पूरी की जाएगी।

वनप्लस ने एन6 एक्स स्मार्टफोन लांच किया

नई दिल्ली। ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड वनप्लस ने अपनी एन सीरीज का नया स्मार्टफोन वनप्लस एन6 एक्स पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह स्मार्टफोन रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें नया डिजाइन, स्मूथ परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी दी गई है। वनप्लस एन6 एक्स में सेगमेंट की बड़ी 7,000एमएएच बैटरी दी गई है, एक बार फुल चार्ज होने पर 2.5 दिन तक का बैकअप है।

यूके-कनाडा-जापान समेत कई देशों ने बढ़ाया सहयोग

एनईपी 2020 के तहत वैश्विक उच्च शिक्षा साझेदारी को मिल रही नई रफ्तार: सीआईआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और रतन टाटा महाराष्ट्र स्टेट स्किल्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोबल एजुकेशन पार्टनरशिप्स विषय पर क्षेत्रीय कूटनीतिक गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, कनाडा और जापान के राजनयिक प्रतिनिधियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारी, शिक्षाविद और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में संयुक्त डिग्री कार्यक्रम, शोध सहयोग, छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज तथा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सहयोग के लिए बेहतर नियामकीय व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। पीआईबी की वरिष्ठ सलाहकार (शोध) नीता प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण को महत्वपूर्ण प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि एसपीएआरसी योजना के माध्यम से भारत ने 28 देशों के शिक्षण संस्थानों के साथ शोध सहयोग स्थापित किए हैं। उन्होंने संस्थानों की क्षमता बढ़ाने और वैश्विक सहभागिता को और मजबूत करने पर जोर दिया। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र शिक्षा उपसमिति के अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक साझेदारी का दायरा केवल छात्र आदान-प्रदान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को भी शामिल किया जाना चाहिए। सम्मेलन में आयरलैंड, कनाडा, जापान और ब्रिटिश काउंसिल के प्रतिनिधियों ने अपने देशों में उच्च शिक्षा सहयोग के अनुभव साझा किए। वहीं एलएंडटी एड्युटेक, फोर्ब्स मार्शल और टेक महिंद्रा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कौशल विकास, रोजगारपरक शिक्षा और उद्योग आधारित पाठ्यक्रम निर्माण में उद्योग की भूमिका पर प्रकाश डाला।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र NATIONAL REMOTE SENSING CENTRE

बालानगर, हैदराबाद BALANAGAR, HYDERABAD 500 037

विज्ञा. सं. एनआरएससीः आरएमटी :1:2026 दिनांक 01.08.2026

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के एक घटक केंद्र निम्नलिखित अस्थायी अनुसंधान कार्मिकों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

क्रं. स.	पद का नाम	पदों की संख्या	आवश्यक योग्यता
1	अनुसंधान वैज्ञानिक	12	सुदूर संवेदन एवं जीआईएस/भूसूचना/स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी/डेटा विज्ञान और विश्लेषण/कंप्यूटर विजन/कृत्रिम बुद्धिमत्ता / मशीन लर्निंग सिविल इंजीनियरिंग के साथ जल संसाधन जल विज्ञान / सिंचाई में विशेषज्ञता जल प्रबंधन या समकक्ष विशेषज्ञता में एम.ई/ एम.टेक।
		2	बी.एससी में भूविज्ञान एवं भौतिकी /गणित अनिवार्य विषयों के साथ भूविज्ञान/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान या समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ एमएससी/एम, एससी टेक/एम.टेक।
2	परियोजना वैज्ञानिक-I	02	कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष विशेषज्ञता में एम.ई/एम.टेक
3	परियोजना वैज्ञानिक-बी	03	भूविज्ञान/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान /सुदूर संवेदन एवं जीआईएस / भू-सूचना/भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी/ स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी/ सुदूर संवेदन/जीआईएस/जियोमैटिक्स/पर्यावरण विज्ञान/कृषि (कृषिभौतिकी कृषि इंजीनियरिंग/ एग्रोमेटियोरोलॉजी में विशेषज्ञता के साथ) या समकक्ष विशेषज्ञता में एम.एससी/एम.एससी टेक/एम.टेक
		05	कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष विशेषज्ञता में बीई/बी.टेक
4	परियोजना एसोसिएट-I	03	कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष विशेषज्ञता में बीई/बी.टेक
5	परियोजना एसोसिएट-II	01	कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग सूचना प्रौद्योगिकी या समकक्ष विशेषज्ञता में बीई/बी.टेक
		01	भू-सूचना या समकक्ष विशेषज्ञता में बीई/बी.टेक अथवा भौतिकी /गणित एक विषय के रूप में बी.एससी. के साथ भू-सूचना / सुदूर संवेदन और जीआईएस में एम एससी या समकक्ष विशेषज्ञता
6	कनिष्ठ अध्येता	17	भौतिकी /वायुमंडलीय विज्ञान / मौसम विज्ञान/पृथ्वी प्रणाली विज्ञान/ जलवायु विज्ञान/भूभौतिकी / अनुप्रयुक्त भूभौतिकी /सुदूर संवेदन और जीआईएस /भू सूचना विज्ञान/समुद्र विज्ञान/महासागर विज्ञान/समुद्री विज्ञान/पृथ्वी प्रणाली विज्ञान/कृषि मौसम विज्ञान/ कृषि/बागवानी या समकक्ष विशेषज्ञता में मास्टर डिग्री।
		01	कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/जियोइन्फॉर्मेटिक्स या समकक्ष विशेषज्ञता में बी.ई./बी. टेक के साथ सुदूर संवेदन और जीआईएस में एमई/एम.टेक या समकक्ष विशेषज्ञता अथवा कृषि में स्नातक की डिग्री (4 वर्ष का डिग्री पाठ्यक्रम) के साथ कृषि में (एग्रोनॉमी एग्रोमेटियोरोलॉजी/फसल शरीर विज्ञान/कृषि भौतिकी) एम एससी ।
		01	कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/डेटा विज्ञान / कृत्रिम बुद्धिमत्ता या समकक्ष विशेषज्ञता में बी.ई./बी.टेक. अथवा कंप्यूटर विज्ञान/डेटा विज्ञान या समकक्ष विशेषज्ञता में एमएससी

विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://www.nrsc.gov.in पार जाएं।

ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि	01.08.2026 (10.00 बजे)
आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि	21.08.2026 (17.00 बजे)

CBC-49112/11/0002/2627

कार्यालय नगर परिषद खिरकिया जिला हरदा (म.प्र.)

क्र. 754/लो.नि./न.पं./2026 खिरकिया, दिनांक 24.07.2026

// ई- टेण्डर आमंत्रण सूचना //

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता हैं कि नगर परिषद खिरकिया में निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु निविदा बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर दिनांक 31/07/2026 (20.00) से दिनांक 02/09/2026 (17.30) तक क्रय कि जा सकती हैं। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं। निविदाओ में वित्तीय प्रस्ताव कार्य अनुबंध सेवा पर लागू जीएसटी को छोडकर बुलाए जा रहे हैं।

क्र.	टेण्डर आई.डी. नंबर	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (राशि रू)	निविदि अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मुल्य राशि	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD _525326	वार्ड क्रं. 04 में डॉ. सुरेन्द्र शर्मा के मकान से लोधी मोहल्ले से भवानी मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	15,43,822/-	11,578/-	2000/-	02 माह
2	2026_UAD _525329	वार्ड क्रं. 06 में माता मंदिर से नटराज होटल तक एवं कपिल साकल्लेजी के घर से मीणाजी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	15,40,908/-	11,556/-	2000/-	02 माह
3	2026_UAD _525331	वार्ड क्रं. 06 में झिंगन सर के मकान से अग्रवाल धर्मशाल होते हुए सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य ।	16,16,987/-	12,127/-	2000/-	02 माह
4	2026_UAD _525335	वार्ड क्रं. 10 में वहीद खॉ के मकान से हेमंत जोशी के मकान के पास तक सी.सी. रिन्युवल कोट कार्य ।	10,57,263/-	7,929/-	2000/-	02 माह
5	2026_UAD _525337	वार्ड क्रं. 10 में महेश ठेकेदार के घर के सामने से दिलदार के घर तक दोनों आर आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	13,13,857/-	9,854/-	2000/-	02 माह

नोट :- 1. निविदा से संबंधित शर्ते कार्यालयीन समय मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से किया जावेगा। 3. निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

श्रीमति इन्द्रजीत खनूजा, अध्यक्ष, न.प. खिरकिया
श्री विजयंत गौर, उपाध्यक्ष, न.प. खिरकिया
श्री नितिन गौर, सभापति लो.नि.वि., न.प. खिरकिया
श्री विष्णुप्रसाद यादव, उपयंत्री, न.प. खिरकिया
श्री महेन्द्र शर्मा, मु.न.पा.अधिकारी, न.प. खिरकिया

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

दिनांक 17.07.2026

// सार्वजनिक सूचना //

प्रकरण कमांक 00 / अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि कय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबंधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में कय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा ।

:: अनुसूची ::
भूमि का वर्णन

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	सर्वे क्रमांक	कुल रकबा हे.में.	अर्जित रकबा हे.में.	प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6	7	8
1	रामबाबू पिता दौलत सिंह दांगी	रहटवास	88/2/2/1-91	2.262	0.004	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन	बेगमगंज सागर मार्ग (SH-86A) से महुआखेडा कलां, गोरखा, पडरिया राजाधार, से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण
2	मुल्लु पिता सुखलाल घोषी	रहटवास	104	3.828	0.066		
3	प्रमोद राय पिता बद्रीप्रसाद राय निवासी सावली	रहटवास	106/2/1	0.167	0.008		
4	शिवप्रसाद पिता काशीराम कुर्मी निवासी रहटवास	रहटवास	107/2	0.372	0.036		
5	मोहन सिंह पिता रामगुलाम नेमा निवासी बेगमगंज	रहटवास	113/1	1.243	0.075		
6	वृन्दावन पिता रामगुलाम नेमा निवासी बेगमगंज	रहटवास	113/2	1.246	0.085		
7	मदन रामगुलाम नेमा निवासी बेगमगंज	रहटवास	113/3	0.931	0.018		
8	मदन रामगुलाम नेमा निवासी बेगमगंज	रहटवास	117	0.065	0.009		
9	मदन रामगुलाम नेमा निवासी बेगमगंज	रहटवास	118	0.202	0.067		
10	मुन्नालाल पिता बब्लू चमार निवासी रहटवास	रहटवास	120/1/1/ 1-122	1.944	0.018		
11	बालाप्रसाद पिता बब्लू चमार निवासी रहटवास	रहटवास	120/2/1/1	2.524	0.048		
12	सोनम पुत्री निरपत मां स्वयं गुड्डीबाई बेबा निरपत सिंह चमार भैयालाल पिता हरप्रसाद चमार	रहटवास	140	6.038	0.128		
13	संतोष पिता श्रीगोविंद लक्ष्मी पुत्री श्रीगोबिद पूनम ना बा पुत्री श्री गोबिंद सरमां मुन्नी बाई बेबा श्री गोबिंद कुर्मी	रहटवास	148/3-149	0.879	0.073		
14	सौरभ पिता रामकिशन कुर्मी निवासी रहटवास	रहटवास	148/1/2	0.607	0.041		
15	चौनसिंह पिता भैयालाल कुर्मी निवासी रहटवास	रहटवास	148/1/3/1	0.381	0.046		
16	प्रभुदयाल राजेशकुमार सुनील कुमार बृजेशकुमार सुधीरकुमार सचिनकुमार पिता मथराप्रसाद गीता रंजली पुत्री मथराप्रसाद नेमा	रहटवास	157	2.808	0.057		
17	शिवराजसिंह पिता रूपसिंह दांगी	रहटवास	158/1-304/158	2.582	0.134		
18	सुमेरसिंह पिता रूपसिंह दांगी निवासी रहटवास	रहटवास	158/2-304/158	2.578	0.131		
	योग रहटवास			30.657	1.044		

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला-रायसेन

G-16491/26 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

दंगाइयों पर न हो कोई नरमी

वर्ष 2020 के दिल्ली दंगे लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द पर एक गहरी चोट थे। हिंसा के पीछे चाहे कोई भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक पहचान हो, कानून का जवाब समान होना चाहिए। इन दंगों में मारे गए आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाया जाना अदालत का अहम फैसला है। 51 चोटों के साथ नाले से मिला अंकित शर्मा का शव हिंसा की क्रूरता की भयावह तस्वीर पेश करता है। यह फैसला केवल एक हत्या के दोषियों की सजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि राजनीतिक पहचान, पद या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकते। हालांकि अदालत ने छह आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर बरी भी किया, जो यह बताता है कि न्याय का अर्थ केवल सजा देना नहीं, बल्कि प्रमाण के आधार पर दोष और निर्दोषता तय करना भी है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। खासकर यह तब और चिंताजनक हो जाता है, जब कोई राजनीतिक दल व तत्कालीन सरकार से जुड़ा व्यक्ति ऐसे दंगों में शामिल हो और एक आईबी अधिकारी की हत्या का दोषी हो। न्यायपालिका ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और दोषियों को सख्त सजा दी है। हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान भी कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने आई हैं। जहां बलवाइयों ने सरकार संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और कई पुलिसकर्मियों पर भी हमले किए हैं। ऐसे में जरूरत है कि दंगों के मामलों में जांच और अभियोजन की प्रक्रिया तेज, निष्पक्ष और पारदर्शी हो। राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर हर पीड़ित को न्याय और हर दोषी को कानून के मुताबिक सजा मिले। समाज के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि नफरत की राजनीति अंततः हिंसा को जन्म देती है और हिंसा किसी एक परिवार को नहीं, पूरे समाज को घायल करती है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू राजनीति का अपराधीकरण है। ताहिर हुसैन एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि था, जिसका प्राथमिक कर्तव्य अपने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखना था। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और अपने रसूख व घर का इस्तेमाल दंगों की साजिश रचने और हिंसा भड़काने के लिए करने लगे, तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होती है। यह राजनीतिक दलों के लिए भी एक कड़ा सबक है कि वे उम्मीदवारों का चयन करते समय केवल 'जिताऊ क्षमता' न देखें, बल्कि उनके वैचारिक और नैतिक चरित्र की भी कड़ाई से जांच करें। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल किसी राजनीतिक दल का चेहरा नहीं होता, बल्कि वह जनता के भरोसे का प्रतिनिधि होता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि संकट की घड़ी में वह लोगों को जोड़ने, तनाव कम करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भूमिका निभाए। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर हिंसा में भागीदारी का आरोप साबित होता है और अदालत उसे दोषी ठहराती है, तो यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक जीवन में भरोसे के संकट का विषय भी बन जाता है। इसलिए राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टिकट देने से लेकर संगठन में जिम्मेदारी सौंपने तक उम्मीदवार के आचरण और सार्वजनिक जीवन की पृष्ठभूमि की गंभीरता से जांच हो। दिल्ली दंगों की त्रासदी से निकला सबसे बड़ा संदेश यही है कि राजनीति में विचारों की लड़ाई हो सकती है, लेकिन इंसानियत और कानून की कीमत पर नहीं।

आंदोलन की हिंसा पर कोर्ट का मत उचित

मुद्दा
अवधेश कुमार

उच्चतम न्यायालय का यह मत सर्वथा उचित है कि हिंसा चाहे किसी पक्ष की हो, उसकी स्वतंत्रत व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय की पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल थे। स्पष्टत: यह एक महत्वपूर्ण पीठ है। प्रचार शक्ति के कारण ऐसा लग रहा है जैसे केवल पुलिस ने एकपक्षीय हिंसा की। पुलिस की ज्यादती है तो उसकी सही तरीके से जांच हो। जिस तरह जगह-जगह पुलिस की भी गाड़ियां तोड़ी गईं, पुलिस पर हमले हुए, पत्रकारों पर हमले हुए, अनेक के लिए काम करना कठिन हो गया, महिला पत्रकारों तक के साथ हिंसा हुई, उन सबकी अनदेखी भविष्य में पूरे देश के लिए खतरनाक साबित होगी।

उच्चतम न्यायालय का यह मत सर्वथा उचित है कि हिंसा चाहे किसी पक्ष की हो, उसकी स्वतंत्रत व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय की पीठ में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल थे। स्पष्टतः यह एक महत्वपूर्ण पीठ है। प्रचार शक्ति के कारण ऐसा लग रहा है जैसे केवल पुलिस ने एकपक्षीय हिंसा की। पुलिस की ज्यादती है तो उसकी सही तरीके से जांच हो। जिस तरह जगह-जगह पुलिस की भी गाड़ियां तोड़ी गईं, पुलिस पर हमले हुए , पत्रकारों पर हमले हुए, अनेक के लिए काम करना कठिन हो गया, महिला पत्रकारों तक के साथ हिंसा हुई, उन सबकी अनदेखी भविष्य में पूरे देश के लिए खतरनाक साबित होगी। वास्तव में कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर- मंतर पर धरना और संसद मार्च तक जो कुछ अवांछित हुआ, उनसे देश के आम विवेकशील संतुलित लोग विचलित और भयभीत हैं।

उच्चतम न्यायालय का यह मानना बिल्कुल उचित है कि आरोपों से प्रथम दृष्टया ऐसा मामला बनता है, जिसके लिए एक उच्च-स्तरीय पैनल द्वारा विस्तृत, निष्पक्ष और तटस्थ जांच की जरूरत है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश समेत अन्य संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों से उत्तर मांगा है। न्यायपीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के आरोपों से स्वतंत्र जांच का एक शुरुआती मामला बनता है। न्यायालय की यह पंक्ति देखिए, ऐसी जांच में घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों की चिंताओं और केंद्र सरकार की दलीलों की भी समान रूप से जांच होनी चाहिए। वैसे न्यायालय ने यह भी आदेश दे दिया कि बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड वाले हिरासत में लिए गए सभी नाबालिगों और छात्रों को तुरंत रिहा किया जाए। साथ ही अभी किसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई रोकने का भी आदेश दिया है। इसमें तत्काल कोई समस्या नहीं है। कई बार जब समूह हिंसा करने लगता है तो कुछ निर्दोष, निरपराध की मानसिकता भी भीड़ जैसा करने की हो जाती है। हिंसा तो हिंसा है और वह अपराध की श्रेणी में आएगा। बावजूद ऐसे लोग जो वास्तविक छात्र हैं, उनके बारे में उदारतापूर्वक विचार होना चाहिए। कॉकरोच जनता पार्टी के लोग या विरोधी भले कुछ कहें लेकिन न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दंडात्मक कार्रवाई की यह सुरक्षा असामाजिक तत्वों या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होगी। यह स्थिति केवल राजधानी दिल्ली तक सीमित नहीं रही। इसके प्रभाव या परोक्ष रूप से प्रयासों के कारण देश के अलग-अलग राज्यों में प्रदर्शन हुए और चिंता का विषय यह कि हर जगह उग्रता, हिंसा और उदंडता उनके भाग बने। ऐसा लगता है कि आने वाले समय में न्यायालय, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का पक्ष जानने के बाद एक उच्चस्तरीय विशेष जांच दल का गठन कर सकता है। यही उचित भी होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ और धरना प्रदर्शन के नाम पर हिंसा तथा अन्य अपराध करने वालों को सजा नहीं मिली तो ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ेगा जिन्हें भविष्य में संभालना कठिन होगा। इसीलिए हिंसा के हर संभव सबूत यानी जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन कैमरे की रिकॉर्डिंग, वायरलेस संचार रिकॉर्ड, पीसीआर कॉल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित

रखने को कहा गया है। सुनवाई के दौरान बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों को संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है। साथ ही यह भी माना कि दोनों पक्षों की ओर से की गई हिंसा की समान रूप से जांच होनी चाहिए। अगर ऐसे विरोध प्रदर्शनों में खास झंडे वाले घुसकर सह मेजबान बन जाएं और अपराध करें तो इन सब की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? ध्यान रखिए, पुलिस कार्रवाई से लेकर केंद्र सरकार और राज्यों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अनेक नामी वकील खड़े थे। न्यायालय ने सबकी सुनने के बाद कहा कि जो लोग कानून को अपने हाथ में लेते हैं, उनसे कानून के अनुसार निपटा जाना चाहिए। न्यायालय का मत बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई निर्दोष निरपराध फंसे नहीं लेकिन दोषी, अपराधी ,षड्यंत्रकारी कानून के शिकंजे से बचे भी नहीं। नीट का प्रश्न पत्र लीक हो या किसी परीक्षा का, यह सबके लिए राष्ट्रीय शर्म का विषय है। मनुष्य के विरुद्ध छात्रों और विभागों और आम लोगों के अंदर क्षोभ बिलकुल स्वाभाविक है। इनके लिए जिम्मेदार और संलिप्त लोगों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो उदाहरण बने। साथ ही लीक प्रूफ स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी परीक्षा प्रणाली कायम हो। इससे किसी का विरोध हो ही नहीं सकता। पिछले कुछ वर्षों में विरोध प्रदर्शनों, धरना या आंदोलन का स्वरूप उभरा है, उससे भारत का हर विवेकशील व्यक्ति चिंतित है। 2020 में नागरिकता संशोधन विधेयक के विरुद्ध शाहीनबाग से आरंभ आंदोलन याद करिये। लंबे समय तक सड़कों पर लोग जमे रहे और उस दौरान भी हिंसा हुई। अंततः दिल्ली में दंगे हो गए, जिनमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए। हमने कृषि कानून के विरुद्ध धरना और आंदोलन को देखा। गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर दिल्ली की सड़कों पर ऐसे दौड़ रहे थे मानो हथियारबंद गाड़ियां हों। लाल किले पर चढ़कर जैसा हुड़दंग हुआ, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पुलिसकर्मी धक्के देकर गिराए गए और वे घायल होकर अस्पताल में पड़े रहे। इसी तरह अग्निवीर योजना के विरुद्ध प्रदर्शनों में हमने भयानक हिंसा देखी। इसमें नेताओं के घरों पर हमले हुए। ट्रेन, स्टेशन थाने तक जले। स्पष्ट भारत विरोधी, विभाजनकारी, एकता - अखंडता तोड़ने वाले और कई बार मजहबी दृष्टि से सांप्रदायिक और अतिवादी वक्तव्य और नारे हुए। उनमें ज्यादातर के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई और पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे बढ़ाने की कोशिश की तो मामले वापस ले लिए गए। इस कारण ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ा। आप देखिए, भारत को तोड़ने की बात करने वाले शर्जिल इमाम के पक्ष में कितनी बड़ी संख्या में लोग खड़े होते हैं और न्यायालय में बड़े-बड़े वकील उनका मुकदमा लड़ते हैं। अगर हिंसा शाहिद अवांछित वक्तव्य और घटनाएं धरना-प्रदर्शन या आंदोलन की स्थायी प्रवृत्ति होती जा रही है तो इसका निदान हर हाल में तलाशा जाना चाहिए। यह न्यायालय के साथ विधायिका, राजनीतिक दलों, एनजीओ, एक्टिवसिस्टों, सामाजिक -सांस्कृतिक संगठनों और विवेकशील व्यक्तियों के समूहों का सम्मिलित दायित्व है। इसका लाभ देश विरोधी शक्तियां उठाती हैं।

सरकारी तंत्र में एक बार कोई अपराध या भ्रष्टाचार हुआ, भविष्य में नहीं होगा इसकी कोई गारंटी नहीं दे सकता। इसलिए कोई प्रणाली भी समय निरपेक्ष नहीं हो सकती। आवश्यकता समय अनुरूप उसमें परिवर्तन संशोधन की होती है। इस मायने में उच्चतम न्यायालय का यह कथन दूरदर्शितापूर्ण है कि बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन होने पर तुरंत कार्रवाई करने में सक्षम एक स्थायी व्यवस्था की जरूरत हो सकती है। शायद हमें एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है ताकि जब भी कोई आपातकालीन स्थिति पैदा हो तो उस व्यवस्था को तुरंत लागू किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
सोनम लववंशी

शब्दों का पतन और समाज का मौन संकट

किसी भी सभ्यता की ऊंचाई उसकी गगनचुंबी इमारतों, चौड़ी सड़कों या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं आंकी जाती। उसका वास्तविक परिचय उसकी भाषा से मिलता है। शब्द केवल विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं होते, वे समाज के संस्कार, नैतिकता और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत दस्तावेज होते हैं। इसलिए जब सार्वजनिक आंदोलनों में गाली-गलौज सामान्य अभिव्यक्ति का रूप लेने लगे, तब संकट केवल भाषा का नहीं रहता; वह समाज की सामूहिक चेतना और नैतिक विवेक के क्षरण का संकेत बन जाता है। हाल के दिनों में सीजेपी आंदोलन से जुड़े कुछ वायरल वीडियो व्यापक चर्चा का विषय बने। इन वीडियो में कुछ युवतियां विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यंत अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करती दिखाई दीं। लोगों को केवल अभद्र शब्दों ने नहीं चौंकाया, बल्कि इस तथ्य ने भी विचलित किया कि उस भाषा को निर्भीकता, प्रतिरोध और आधुनिकता की पहचान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार संविधान प्रदत्त है। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्र की प्राणवायु है। प्रश्न केवल इतना है कि क्या गाली किसी आंदोलन को अधिक वैध, प्रभावशाली या नैतिक बना देती है? वास्तविक समस्या किसी एक आंदोलन, किसी एक समूह अथवा कुछ युवतियों तक सीमित नहीं है। यह हमारे समय की उस बदलती मानसिकता का प्रतिबिंब है, जिसमें शालीनता को संकोच, संयम को कमजोरी और अभद्रता को साहस का पर्याय मान लिया गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को अभूतपूर्व गति दी है। जितनी अधिक उत्तेजक भाषा, उतनी अधिक दृश्यता; जितना अधिक विवाद, उतनी अधिक लोकप्रियता। परिणामस्वरूप विचारों की गंभीरता पीछे छूटती जा रही है और सनसनी सार्वजनिक संवाद का नया मानक बनती जा रही है। भारतीय समाज में नारी को केवल जैविक या सामाजिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि संवेदनशील सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में भी देखा गया है। इस दृष्टि का अर्थ महिलाओं पर अतिरिक्त नैतिक बोझ डालना नहीं है। सार्वजनिक जीवन में गरिमा, शिष्टता और उत्तरदायित्व की अपेक्षा प्रत्येक नागरिक से समान रूप से की जाती है। यदि कोई पुरुष सार्वजनिक मंच से अपशब्द कहता है, तो वह भी उतना ही अनुचित है। यदि कोई महिला वही करती है, तब भी उसका आचरण समान रूप से अस्वीकार्य है। नैतिकता का संबंध लिंग से नहीं, चरित्र और व्यवहार से होता है। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि आज गाली को 'बोल्डनेस', 'फिल्टरलेस अभिव्यक्ति' और 'रॉ ऑथेंटिसिटी' जैसी आकर्षक संज्ञाओं से वैधता प्रदान की जा रही है। युवाओं का एक वर्ग यह मानने लगा है कि जितनी अधिक आक्रामक भाषा होगी, उतनी ही अधिक सामाजिक स्वीकृति और डिजिटल लोकप्रियता मिलेगी। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की संवाद पर आधारित संस्कृति को भीतर से कमजोर करती है। इतिहास बताता है कि सबसे प्रभावशाली आंदोलनों ने अपनी शक्ति शोर से नहीं, नैतिक ऊंचाई से अर्जित की है। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी, फिर भी उनकी भाषा में मर्यादा बनी रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की कठोर आलोचना की, फिर भी उनके शब्द तर्क, तथ्य और संवैधानिक गरिमा से परिपूर्ण रहे। उनके विचार आज भी इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि उनमें क्षणिक उत्तेजना नहीं, बल्कि स्थायी बौद्धिक शक्ति निहित है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि अपशब्द क्षणिक ताली तो बटोर सकते हैं, स्थायी सम्मान कभी नहीं। भाषा का यह अवमूल्यन केवल जेन-जी की समस्या नहीं है। सार्वजनिक जीवन का संपूर्ण वातावरण इसके लिए उत्तरदायी है। राजनीति में व्यक्तिगत कटाक्ष, टेलीविजन बहसों का शोर, सोशल मीडिया की ट्रोल संस्कृति और मनोरंजन जगत में सनसनी की बढ़ती प्रवृत्ति ने संवाद की गरिमा को निरंतर क्षीण किया है। नई पीढ़ी वही सीखती है, जो वह अपने सामाजिक परिवेश में देखती और सुनती है। जब सार्वजनिक विमर्श में संयम की जगह आक्रामकता प्रतिष्ठित होने लगे, तब युवाओं से शिष्ट भाषा की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। सभ्यता का भविष्य इस बात से तय होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को संवाद की संस्कृति सौंपते हैं या अपमान की। समाज का वास्तविक पतन उस दिन आरंभ नहीं होता, जब लोग सत्ता से असहमति व्यक्त करते हैं; वह उस दिन आरंभ होता है, जब असहमति व्यक्त करने के लिए भाषा की गरिमा का परित्याग कर दिया जाता है। सभ्यताओं का पतन युद्धों से पहले शब्दों में दिखाई देता है। इसलिए शब्दों की मर्यादा बची रहे, तभी समाज की मर्यादा भी सुरक्षित रह सकती है।

(लेखिका स्वतंत्र शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मानव के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व

संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें

संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

सटाका

आज की पाती

शिक्षा व्यवस्था में बदलावों की जरूरत

पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक का लोकसभा से पारित होना देश के करोड़ों युवाओं के लिए राहत की खबर है। राज्यसभा से भी इसके पारित होने की पूरी संभावना है। यह कानून पेपर लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि केवल कड़े कानून किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते। जब तक शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार नहीं होंगे, तब तक पेपर लीक माफिया नए रास्ते खोजते रहेंगे। आज देश में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा किसी न किसी विवाद का सामना कर चुकी है। पेपर लीक के कारण लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। परीक्षा रद्द होने से सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है, जबकि युवाओं में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। - **सुषमा राजपूत**, सोनीपत

करंट अफेयर

संरा महासचिव पद की दौड़ में ग्रिनस्पैन सबसे आगे

कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए पहले अनौपचारिक मतदान में सबसे अधिक समर्थन हासिल कर एंतोनियो गुतारेस के बाद संयुक्त राष्ट्र की अगली महासचिव बनने की दौड़ में सबसे अग्रणी उम्मीदवार के तौर पर उभरी हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को बंद कमरे में पहला अनौपचारिक मतदान किया। इस दौरान सदस्य देशों ने दुनिया के इस शीर्ष राजनयिक पद के उम्मीदवारों के प्रति अपना रुख बताने के लिए गैर-बाध्यकारी वोट डाले। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन की महासचिव ग्रिनस्पैन के समर्थन में 10 वोट और विरोध में एक वोट पड़ा तथा चार देशों ने 'कोई राय नहीं' का विकल्प चुना। संयुक्त राष्ट्र में गुयाना की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत कैरोलिन रोड्रिग्स बर्केट नौ समर्थन, दो विरोध और चार 'कोई राय नहीं' वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के समर्थन में सात, विरोध में दो और 'कोई राय नहीं' विकल्प के लिए छह वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

ऑफ बीट

आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

ट्रेंड

देश का मान बढ़ाया

सीमा को महिला डिस्कस थ्रो इवेंट में 58.65 मीटर के बेहतरीन थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई। उनकी कोशिशों ने भारत का मान बढ़ाया है और देश के युवाओं को प्रेरित किया है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

एनर्जी सिक्योरिटी

ई 20 की सफलता सिर्फ़ फ़्यूल ब्लेंडिंग की कहानी नहीं है, बल्कि यह पॉलिसी, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री के तालमेल से की गई बरसों की सुनियोजित तैयारी का नतीजा है। यह पहल भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को मज़बूती दे रही है।
-**गजेंद्र सिंह शेखावत**, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

भारत का भविष्य

पीएम मोदी और अमित शाह- आप जेन-जेड को डरा-धमकाकर चुप नहीं करा सकते। पहले आपने उनकी हड्डियां तोड़ीं। अब आप एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आप भारत के भविष्य के साथ कैसा बर्ताव करते हैं, इसे लेकर सावधान रहें।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के विस्तार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंज़ूरी करोड़ों किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे सहायता राशि पहुंचाना पारदर्शी और किसान-केंद्रित सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

इंडिया एक्सप्रेस की मुंबई और दिल्ली की नई उड़ानें आज से होगी शुरू

संतनगर। राजा भोज एयरपोर्ट से 1 अगस्त से एयर इंडिया एक्सप्रेस अपनी तीन नई उड़ान शुरू करने जा रही है। इससे भोपाल की घरेलू हवाई संपर्क व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। शनिवार से उड़ानों की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो जाएगी। इंडिया एक्सप्रेस अपनी दो नई उड़ान दिल्ली और मुंबई के लिए शुरू करेगी। भोपाल से संचालित एयर इंडिया की सभी उड़ानों का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जाएगा। हालांकि, प्रातः कालीन दिल्ली सेवा एआई1705 और एआई 1886 दिल्ली–भोपाल–दिल्ली का संचालन पूर्ववत एयर इंडिया द्वारा ही जारी रहेगा। उड़ान शेड्यूल के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन छह उड़ानों का संचालन करेगी, जो भोपाल को दिल्ली एवं मुंबई से जोड़ेगी।

अध्यक्ष प्रताप नारायण का मनाया जन्मदिन

औबेदुल्लागंज। बाहवालपुरी समाज के अध्यक्ष प्रताप नारायण अरोरहा (बालू चाचा) का जन्मदिन शुक्रवार को समाज और नगर के वशिष्ठ लोगों ने मिलकर बनाया। गिरीश चावला, हीरा अनिल अरोरा, नीरज चावला, अर्जुन दास अरोरा, प्रदीप अरोरा, बिट्टू कामरा, राजेश सोनी, भोला पिंकू, पिंटू बत्रा, ओम प्रकाश, मनोज शंकर आदि आदि ने बधाई दी।

औबेदुल्लागंज में कोठारी की सक्रिय भूमिका की मांग

औबेदुल्लागंज। भोजपुर विधानसभा के मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी को औबेदुल्लागंज की राजनीति में सक्रिय जिम्मेदारी दिए जाने की मांग स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुरेंद्र पटवा से की है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि पंकज कोठारी विधायक सुरेंद्र पटवा के करीबी, ईमानदार और वफादार सहयोगी हैं। वे कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ जुड़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करते हैं। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं राहुल महेश्वरी, मनोज चौरसिया, पूर्व पार्षद देवेंद्र डैनी, नीरज चावला, रामकिशोर चौहान तामोट, बाबूलाल चौहान तामोट, अनु सेठी और आरती यादव सहित अन्य ने विधायक पटवा से आग्रह किया है कि पंकज कोठारी को ओबेदुल्लागंज में सक्रिय भूमिका दी जाए। उनका कहना है कि नगर भाजपा में हाल के दिनों में गुटबाजी और खींचतान की स्थिति दिखाई दे रही है। ऐसे में पंकज कोठारी अपने स्वर्गीय पिता विजय कोठारी की तरह संगठन को एकजुट कर भाजपा को और मजबूत बना सकते हैं।

शुभांक

कल्याणः	1736		
दिनः	138	23	490
रातः	169	61	128
ताराः			
दिनः	380	14	789
रातः	369	82	570

हर्ष खंडवा से भोपाल जाने के लिए गाड़ी संख्या 17020 में सामान्य टिकट पर कर रहे थे यात्रा, भूलवश वहीं छोड़ दिया था बैग

आरपीएफ ने 70 हजार मूल्य का लैपटॉप व महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग खोज कर यात्री को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके खोए हुए सामान को शीघ्रता से वापस दिलाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संचालित ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट हरदा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 70,000 मूल्य का लैपटॉप, चार्जर एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग खोजकर उसके वास्तविक स्वामी को सुरक्षित वापस सौंप दिया।

दूसरी ट्रेन से भोपाल जाने के लिए उतर गया

आरपीएफ पोस्ट हरदा में सहायक उप निरीक्षक रूपेन्द्र बुवाड़े को यात्री के परिजनों द्वारा सूचना दी गई कि हर्ष राठौर 20 वर्ष निवासी ग्राम नागझिरी, जिला खरगोन ने खंडवा से भोपाल जाने के लिए गाड़ी संख्या 17020 में सामान्य टिकट पर यात्रा प्रारंभ की थी। यात्रा के दौरान अत्यधिक भीड़ होने के कारण वह दूसरी ट्रेन से भोपाल जाने के लिए उतर गया और जल्दबाजी में अपना पिट्ठू बैग, जिसमें एचपी कंपनी का लैपटॉप, चार्जर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे, ट्रेन के सामान्य कोच में सीट के ऊपर ही भूलवश छोड़ गया। सूचना प्राप्त होते ही एएसआई रूपेन्द्र बुवाड़े एवं प्रधान आरक्षक जितेन्द्र तिवारी ने गाड़ी संख्या 17020 के हरदा स्टेशन पहुंचने पर संबंधित सामान्य कोच की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान उक्त बैग सुरक्षित बरामद कर आरपीएफ पोस्ट हरदा लाया गया तथा तत्काल यात्री को इसकी सूचना दी गई। यात्री के आरपीएफ पोस्ट पहुंचने पर आवश्यक पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके उपरांत बैग में रखे एचपी कंपनी के लैपटॉप, चार्जर, महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं अन्य सामान, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70,000 थी, विधिवत सुपुर्दगीनामा तैयार कर यात्री को सौंप दिया गया।

हमले में चार लोग घायल, काउंटर प्रकरण दर्ज

रंजिश में दो परिवार में खूनी संघर्ष, तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बीडीए क्वार्टर गोंदरमऊ में गुरुवार सुबह दो परिवार पुरानी रंजिश में आपस में भिड़े और खूनी संघर्ष होने लगा। तलवार से हमला होने से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से काउंटर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गोंदरमऊ गांधी नगर निवासी रितिक वंशकार प्राइवेट काम करता है। उसके घर के पास ही फूलसिंह परिवार के साथ रहता है। रितिक वंशकार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह फूलसिंह और उसके परिवार का विवाद हो गया। फूलसिंह घर से तलवार ले आया और जानलेवा हमला कर दिया। तलवार लगने से रितिक के परिवार से दो महिलाएं भी घायल हुए है। रितिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने फूलसिंह, भगवती, कमलेश, अनिकेत, सुनील और प्रदीप के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार दूसरे परिवार की भगवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने निर्भय, रितिक समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संदेह होने पर भीड़ ने पकड़ा, शाहपुरा पुलिस को दी सूचना

नकली पिस्टल कमर में फंसा पुलिस बनकर शैतान सिंह चौराहा पर दो युवक कर रहे थे हेलमेट चैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित शैतान सिंह चौराहा पर गुरुवार शाम नकली पुलिस बनकर लोगों को हेलमेट के नाम पर रोकने और चालानी कार्रवाई की धमकी देने वाले दो युवकों को भीड़ ने पकड़ लिया। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शाहपुरा पुलिस दोनों युवकों को थाने लेकर आई। वहां उनसे पूछताछ की गई तो वह पुलिस को भी गुमराह करने लगे। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एक युवक के पास से नकली प्लास्टिक की खिलौने वाली पिस्टल जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम शैतान सिंह चौराहा पर सिविल में दो युवक खड़े थे। उनके पास पल्सर बाइक थी। बाइक पर पुलिस लिखा था। एक युवक की कमर में पिस्टल फंसी हुई थी। उन्होंने वहां से गुजर रहे कुछ लोगों को रोका और हेलमेट का पूछने लगे। वह धमकाने लगे कि हेलमेट नहीं पहना है, चालानी कार्रवाई करनी पड़ेगी। लोगों को उनके हाव भाव देखकर संदेह हुआ और उन्होंने पूछ लिया कि किस थाने के हो। इस पर एक युवक ने कहा कि वह कोहेफिजा थाने में पदस्थ है। इस पर संदेह और बढ़ गया। लोगों का कहना था कि कोहेफिजा थाने से हो और यहां हेलमेट चैकिंग कर रहे हो।

लोगों ने वीडियो बनाया तो कहने लगे कोहेफिजा थाने में हैं पदस्थ

पुलिस दोनों युवकों को थाने लेकर आई और कर रही है पूछताछ

नकली पुलिस बन कर चैकिंग करने वाले आरोपी।

रील बनाने के लिए नकली पुलिस बनना बताया

यह पता चलते ही कि वह फर्जी हैं और नकली पुलिस बनकर लोगों को ठग रहे हैं। लिहाजा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को थाने ले आई। उनसे पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कार्तिक मिश्रा और अमान खान बताए। दोनों ने पुलिस को बताया कि वह रील बनाने के लिए नकली पुलिस बने थे। हालांकि दोनों के मोबाइल में रील बनाने जैसे कोई प्रमाण नहीं मिले है। पुलिस ने बताया कि कार्तिक मिश्रा रीवा का रहने वाला है और बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। इसी प्रकार अमान खान दमोह का है एमबीए का छात्र है। कार्तिक और अमान दोनों साथ किराए के मकान में अशोका गार्डन में रहते थे।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अयोध्या नगर पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करों से किया 3 ग्राम एमडी जब्त

अयोध्या नगर पुलिस ने दो एमडी तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन ग्राम एमडी पाउडर जब्त किया है। आरोपी सस्ते में एमडी पाउडर खरीदकर मिनाल रेसीडेंसी और इंद्रपुरी क्षेत्र में कॉलेज के छात्रों और युवाओं को बेचते थे। चाय कैफे के आसपास मूवमेंट रखकर आरोपी ग्राहकों की तलाश करते थे। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि मिनाल रेसीडेंसी में दो संदिग्ध कार से घूम रहे हैं उनके पास ड्रग्स है और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मारुति इग्निस कार में मौजूद दो युवकों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से तीन ग्राम एमडी पाउडर मिला। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हर्ष सोनी पिता हरगोबिन्द सोनी (26) छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास भोपाल और दीपक ठाकुर पिता राजेश ठाकुर (26) राधा कृष्णपुरम कॉलोनी, खेजड़ा अयोध्या नगर बताया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सस्ते दाम पर एमडी ड्रग्स खरीद कर लाते थे और उसे अधिक लाभ कमाने के लिए चाय कैफे पर स्टूडेंटस को महंगे दाम पर बेचते थे। हर्ष सोनी बीटेक की पढ़ाई करने के बाद प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। इसी प्रकार दीपक ठाकुर बारहवीं तक पढ़ा है और चाय कैफे का संचालन करता है।

अनुष्का चौहान का सम्मान कर सर्टिफिकेट देते विधायक सुरेंद्र पटवा।

नीट परीक्षा में सफल होने पर पटवा ने अनुष्का चौहान का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाने वाली भोजपुर विस की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी अनुष्का चौहान, सुपुत्री संजय चौहान को उनके घर पहुंच कर विधायक पटवा ने बधाई दी एवं शॉल, श्रीफल से सम्मानित कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। विधायक पटवा ने कहा यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि का नहीं, बल्कि नई पीढ़ी की प्रतिभा, अथक परिश्रम और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का भी अभिनंदन है। संजय सिंह के छोटे भाई विजय सिंह की सुपुत्री अनुष्का सिंह ने नीट मेडिकल एग्जाम पास किया है। संजय सिंह के पिता जयनारायण सिंह ने पटवा का आभार प्रकट कर स्वागत किया।

प्राणघातक हमले के दोषियों को तीन वर्ष के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने विवाद को लेकर एक-दूसरे पर छुरी से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल मप्र ज्योति राजपूत ने अभियुक्त शाकिर अली पुत्र राहत अलीनिवासी छोटा चंबल भोपाल म.प्र. को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दूसरे पक्ष के अभियुक्त मो. हसीन पुत्र फरीद आयु 36 वर्ष निवासी बाग फरहत अफजा भोपाल को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास और 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक वासुदेव गोस्वामी द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार मामला 13 मार्च 2023 का है।

नशे के खिलाफ अभियान बना मिसाल

बालाघाट पुलिस को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सम्मान

एक मिनट में 1.25 लाख विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस का अभियान के तहत बालाघाट पुलिस ने जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता देते हुए सम्मानित किया है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के दौरान बालाघाट जिले के 1,204 स्कूलों में एक मिनट की सामूहिक नशामुक्ति शपथ आयोजित की गई। इसमें करीब 1 लाख 25 हजार विद्यार्थियों ने एक साथ नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। वहीं 5 लाख से अधिक नागरिक ऑनलाइन माध्यम से इस अभियान से जुड़े। इससे पहले इंदौर पुलिस ने 1 लाख 75 हजार 451 लोगों को एक साथ ई-शपथ दिलाकर और 8,534 लोगों की मानव श्रृंखला बनाकर दो विश्व रिकॉर्ड बनाए थे। वहीं बड़वानी और बुरहानपुर पुलिस को भी नशामुक्ति अभियान में उल्लेखनीय जनभागीदारी के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मान मिल चुका है।

बाजार में कीचड़ और जलभराव से ग्राहकों को हो रही भारी असुविधा

औबेदुल्लागंज हाट बाजार की बदहाली बरकरार बारिश में सब्जी विक्रेताओं की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के गठन के कई दशक बाद भी नगर में एक व्यवस्थित हॉट बाजार विकसित नहीं हो सका है। इसके कारण सब्जी विक्रेताओं को सड़क किनारे और खुले स्थानों पर अपनी दुकानें लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। सब्जियों को बारिश से बचाने के लिए उन्हें प्लास्टिक और तिरपाल का सहारा लेना पड़ता है, वहीं तेज बारिश होने पर माल खराब होने से आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

नगर के वार्ड क्रमांक-4 स्थित साप्ताहिक सब्जी बाजार की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। बरसात के दौरान बाजार परिसर में कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जिससे विक्रेताओं और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

कीचड़ में खरीदारी करते लोग।

गंदगी से भरे रास्ते से गुजर रहे छात्र-छात्राएं

पास स्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी इसी फिसलन भरे और गंदगी से भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी वार्ड से कई बार पार्षद चुने गए और नगर परिषद अध्यक्ष भी बने, लेकिन सब्जी विक्रेताओं की इस मूलभूत समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। नगर परिषद का वर्तमान कार्यकाल भी समाप्ति की ओर है, फिर भी हॉट बाजार के लिए समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है।

मछली पकड़ने वालों ने निकाला शव

स्कूटर खड़ी कर मनीषा तालाब में कूदा आईआईटी पासआउट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित मनीषा तालाब में गुरुवार दोपहर आईआईटी पास आउट युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान होने पर ही आत्महत्या की सही वजह का पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार प्रियांशु जैन पिता राकेश जैन (26) मकान नंबर-48, पॉश पॉमेलियन कॉलोनी, शाहपुरा में रहता था। उसके पिता राकेश जैन पटवारी है। प्रियांशु ने कानपुर उत्तर प्रदेश से आईआईटी की पढ़ाई पूरी की थी और इन दिनों भोपाल में परिवार के साथ रह रहा था। गुरुवार सुबह वह घर से स्कूटर लेकर निकला था। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं था। उसके पिता उसकी तलाश करते हुए शाहपुरा स्थित मनीषा तालाब पहुंचे। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास तालाब किनारे उन्होंने प्रियांशु की स्कूटर खड़ी देखी, लेकिन प्रियांशु नजर नहीं आया। राकेश जैन ने वहां मछली पकड़ रहे लोगों से पूछा की पर वहां मौजूद बच्चों ने बताया कि स्कूटर वाला पानी में डूब गया है। पिता की गुजारिश पर मछली पकड़ रहे युवकों ने पानी में छलांग लगाई और कुछ ही देर बाद प्रियांशु को बाहर निकाल लिया। पिता उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

निगम के अतिक्रमण अमले ने पांच घंटे की कार्रवाई

राजधानी के सुभालय विहार में अवैध बने दो मंजिला भवन को जेसीबी से किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के बावड़ियाकलां स्थित सुभालय विहार में शुक्रवार को नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने अवैध रूप से बने दो मंजिला भवन को ढहाने की कार्रवाई की। अमले ने निर्माण तो जेसीबी से ढहा दिया। यह कार्रवाई करीब पांच घंटे चली। उक्त भवन का निर्माण जांच में अवैध पाया गया थां सुभालय परिसर में गौरव गृह निर्माण सहकारी समिति के मकान नंबर बी-93 पर यह कार्रवाई की गई।

निगम अधिकारियों के अनुसार उक्त भूखंड का क्षेत्रफल 1312 वर्गमीटर है, जबकि मौके पर 900 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर जी प्लस वन भवन निर्मित कर लिया गया था। जिसका टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा स्वीकृत ले-आउट में एकल भूखंड के रूप में प्रावधान है।

नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अमला अवैध बने निर्माण को तोड़ता हुआ।

जांच में यह हुआ खुलासा

जांच में पाया गया कि भूखंड का अनधिकृत रूप से उपविभाजन कर सहकारी समिति के भूखंडों का अवैध विक्रय किया गया और स्वीकृत ले-आउट के विपरीत निर्माण किया गया। इसके चलते इस भूखंड पर निर्मित जी प्लस वन (भूतल एवं प्रथम तल) के अवैध निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

जांच में यहां निर्माण अवैध पाया

निगम के अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया ने बताया कि सुभालय विहार में शुक्रवार को एक दो मंजिला अवैध रूप से बने भवन को ढहाने की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान यहां निर्माण अवैध पाया गया था। निर्माण को तोडने की कार्रवाई शांतिपूर्ण हुई।

एलक श्री दयासागर महाराज के चातुर्मास कलश की हुई स्थापना

सामायिक स्वाध्याय एवं पूजा-पाठ, अभिषेक कर मानव जीवन को सफल बनाएं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में शुक्रवार को आचार्य विद्यासागर एवं आचार्य समय सागर महाराज जी के योग्य शिष्य एलक श्री दया सागर महाराज जी का चातुर्मास कलश की स्थापना हुई। कलश स्थापना के दौरान भोपाल, मंडीदीप, तामोट, गौहरगंज और अन्य जगहों से धर्म प्रेमी आए थे। कार्यक्रम में मंगलाचरण डॉ. मीना तामोट ने बोला। इस अवसर पर एलक श्री दयासागर महाराज जी ने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास ध्यान, धर्म एवं आत्म शुद्धि के लिए होता है। चातुर्मास में दान एवं ध्यान करने से मानव जीवन सुधरता है। प्रत्येक व्यक्ति को चातुर्मास में रात को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए एवं प्रातः 3 से सामायिक स्वाध्याय एवं पूजा-पाठ, अभिषेक करे और अपने मानव जीवन को सफल बनाएं।

प्रवचन देते मुनिश्री।

प्रवचन सुनतीं हुई महिलाएं।

इन्हें मिला कलश स्थापित करने का मौका

आचार्य ज्ञान सागर कलश एक कलश 21 श्रीफल में कैलाश सिंघ ई भोपाल, आचार्य विद्या सागर कलश अमित जैन सागर को, आचार्य समय सागर कलश संतोष अर्पित जैन, बिलाहारा एलक दया सागर कलश प्रमोद जैन बंगरसिया, श्री पार्श्वनाथ कलश पंडित लक्ष्मीचंद मुकेश जैन, इजारदार परिवार, श्री महावीर कलश मीना सुनील जैन तामोट को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य राजेश जैन नारायण नगर भोपाल को प्राप्त हुआ। कलश नीति अनुराग जैन को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुकेश जैन, पूर्व अध्यक्ष तरुण जैन, पूर्व अध्यक्ष सुनील वर्धमान, विजय केटी विनय जैन, दिनेश गुड्डन जैन, सी जैन, नरेश दादा, आकाश जैन, संभव जैन, अनिकेत जैन, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, प्रदीप भंडारी, तामोट के अरविंद जैन, मंडीदीप के विनोद ठेकेदार, भाजपा नेता अमित जैन, शिरोमणि जैन आदि लोग मौजूद थे। श्वेता चौधरी एवं संगीता ने पूजा करने की थाली सजाई। इसके बाद सभी लोगों ने आचार्य विद्यासागर महाराज जी की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र का 10वां दिन

दोनों सदन सोमवार तक स्थगित, लोकसभा से जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक 2026 हुआ पारित, पप्पू यादव के कृत्य पर संत समाज का फूटा गुस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन विपक्ष ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया। विपक्ष छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर चर्चा की मांग और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाबदेही की मांग करता रहा। इस दौरान कई विपक्षी सांसद सदन के बीचों-बीच पहुंच गए और गृह मंत्री अमित शाह की सदन में मौजूदगी की मांग करने लगे।संसद के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की अगली बैठक अब 3 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे होगी। राज्यसभा के सभापति ने सदन की कार्यवाही को अगले निर्धारित समय तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।इस बीच लोकसभा ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया।

राहुल के खिलाफ अनुराग ने दिया विशेषाधिकार हनन नोटिस

लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से लाए गए विशेषाधिकार नोटिस पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि वे राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लेकर आए हैं। लेकिन असल में यह प्रस्ताव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ होना चाहिए।

संसद परिसर में साधु के भेष में प्रदर्शन पर नया विवाद

संत समाज ने जताई नाराजगी, उन्होंने अनुचित संदेश दिया, कार्रवाई हो

संसद भवन के मकर द्वार पर विपक्ष के प्रदर्शन पर संत समाज ने नाराजगी जताई है। विपक्षी सांसदों ने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रदर्शन पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पूरे संत समाज पर चोरी का आरोप लगाने जैसा संदेश अनुचित है। स्पीकर कार्रवाई करें।



सरस्वती ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी

साक्षी महाराज ने यादव को 'कालनेमि' बताया

भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने भी विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पूरा विपक्ष लगातार संतों, भगवा और सनातन का अपमान करता आया है। इन्होंने सनातन का अपमान करने की कोशिश की और कालनेमि जैसा अभिनय किया, वह निंदनीय है।

ऐसे नेताओं का विरोध हो मुल्ला-मौलवी बनकर ऐसा कृत्य कभी किया क्या?

महंत राजू दास ने राहुल ,यादव की आलोचना की। उन्होंने संत समाज से अपील की कि ऐसे नेताओं का विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि क्या किसी नेता, सांसद ने मुल्ला-मौलवी बनकर ऐसा कृत्य किया। ये शरणागत हों तो 'अच्छे से' खबर लें। ये कभी मुल्ला- मौलवी बने।

खबर संक्षेप

साउथ की दिग्गज गायिका जमुना रानी का निधन

बेंगलुरु। दक्षिण भारतीय दिग्गज गायिका जमुना रानी का निधन हो गया है। उम्र संबंधी समस्याओं के चलते गुरुवार को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा।अपनी सुरीली आवाज से संगीत जगत में खास पहचान बनाने वाली जमुना रानी उम्र संबंधी परेशानियों से जूझ रही थीं। उन्होंने कल गुरुवार शाम बेंगलुरु में अपने निवास पर आखिरी सांस ली।

असम सरकार ने 2 नए आरक्षित वन को मंजूरी दी

गुवाहाटी। असम के सीएण हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने 2 नए वन को आरक्षित वन घोषित करने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी, जिससे राज्य में संरक्षित हरित क्षेत्र बढ़ जाएगा। जैविक कचरे को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने एक रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से 'असम कंप्रेस्ड बायोगैस नीति' को भी मंजूरी दे दी।

गाजियाबाद में 5,000 करोड़ का घोटाला

गाजियाबाद। कवि नगर थाने में वैदिक आयुरक्योर कंपनी और एक्सिस ई-कॉर्पोरेशन के खिलाफ 5,000 करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। 10 लोगों को नामजद किया है। इन पर निवेश के नाम पर ठगने का आरोप है। कंपनियों ने 9.000 की आईडी पर प्रतिमाह 1100 रुपए,घरेलू सामान पर 33% छूट का वादा किया था।



मुंशी प्रेमचंद को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने उनकी रचनाओं को कालजयी बताते हुए कहा कि ये आज भी प्रासंगिक हैं और देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। रचनाओं से उन्होंने संवेदनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी।

केरलम में शुरू हुई 'पिंक बस' सर्विस

नई दिल्ली। देश में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा लंबे समय से उठाता रहा है। समय-समय पर इसे लेकर सरकारों द्वारा अहम कदम भी उठाए जा रहे है। केरल सरकार ने 23 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में महिलाओं के लिए 'पिंक बस - लेडीज ओनली' सेवा शुरू की है। महिलाओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अधिक सुरक्षित, आरामदायक बनाना है।

केंद्र सरकार ने 5 योजनाओं को दी मंजूरी, सभी वर्गों को होगा लाभ

किसान सम्मान निधि से किसानों को मिलता रहेगा नियमित सहारा, आर्थिक स्थिति सुधरेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करोड़ों किसानों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। अब यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर 2030-31 तक लागू रहेगी। सरकार ने इस योजना के लिए 3.15 लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया है, जिससे पात्र किसानों को पहले की तरह आर्थिक सहायता मिलती रहेगी।पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को हर साल 6,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। यह राशि 2000 रुपए की 3 समान किस्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजी जाती है। किस्तों का समय फसल चक्र के अनुसार तय किया गया है, ताकि किसानों को बुवाई और खेती की तैयारी के दौरान समय पर आर्थिक मदद मिल सके। सरकार ने 5 वर्षों के लिए इस योजना पर 3,15,614 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से किसानों को नियमित आय का सहारा मिलता रहेगा और खेती से जुड़े जरूरी खर्च पूरे करने में आसानी होगी। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

योजना के प्रमुख उद्देश्य

- समुद्र में तेल और गैस की खोज व उत्पादन को नई गति देना
- बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाले सीस्मिक डेटा का संग्रह, प्रोसेसिंग और विश्लेषण करना
- गहरे और अति–गहरे पानी वाले क्षेत्रों में तेजी से ड्रिलिंग करना
- फ्रंटियर बेसिन में वैज्ञानिक ड्रिलिंग करना
- साझा ऑफशोर उत्पादन और परिवहन अवसंरचना का विकास करना
- एकीकृत ऑयल एंड गैस मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विसेज जोन की स्थापना करना

खेती के लिए मिलेगी मदद

सरकार के अनुसार योजना की किस्तें ऐसे समय पर जारी की जाती हैं, जब किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि सामग्री खरीदने के लिए पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इससे किसानों की नकदी संबंधी परेशानी कम होती है और उन्हें महंगे ब्याज पर कर्ज लेने की जरूरत भी कम पड़ती है।

छोटे किसानों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

सरकार का कहना है कि इस योजना के अधिकांश लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान हैं। अब तक पीएम किसान योजना की 23 किस्तों के जरिए 4.47 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। नीति आयोग के आकलन के अनुसार इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों की आय में सुधार हुआ है और उनकी अनौपचारिक कर्ज पर निर्भरता भी घटी है। किसानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे छोटे किसानों का ज्यादा लाभ होगा।

5000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर कैपेसिटी के लिए 5070 करोड़

कैबिनेट ने पीएम सूर्य सरोवर योजना के लिए 5070 करोड़ रुपए का बजट पास किया है। इसका टारगेट अगले पांच साल में 5000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर कैपेसिटी तैयार करना है। इसमें जमीन अधिग्रहण की कोई जरूरत नहीं होगी. इससे पानी भाप बनकर कम उड़ेगा और सिंचाई के लिए ज्यादा पानी बचेगा. सरकार फ्लोटिंग सिस्टम की मैन्युफैक्चरिंग को देश में ही प्रमोट करेगी। इस बड़े प्रोजेक्ट से करीब 17000 नए रोजगार के मौके भी पैदा होंगे। साथ ही कार्बन एमिशन में भी भारी कमी देखने को मिलेगी।

कैबिनेट ब्रीफिंग में खेल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए राशि स्वीकृत

वैष्णव ने बताया कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी गंभीर है। खेलो इंडिया और नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन स्कीम के लिए 36441 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा समुद्र मंथन प्रोजेक्ट के लिए 84084 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

'समुद्र मंथन' योजना को भी हरी झंडी

84,084 करोड़ की योजना से बढ़ेगी देश की ऑफशोर ऊर्जा क्षमता

मंत्रिमंडल ने 'समुद्र मंथन'को मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना पर वित्त वर्ष 2030-31 तक 84,084 करोड़ खर्च किए जाएंगे। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़ाना और समुद्री संसाधनों का अधिकतम दोहन करना है। डिजिटल प्रबंधन, क्षमता निर्माण भी बढ़ेगी।

कावेरी विवाद गहराया

कई कन्नड़ समर्थक संगठनों का 13 को कर्नाटक बंद का आह्वान

तमिलनाडु के लिए 15 दिन तक प्रतिदिन 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ें

वताल नागराज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कन्नड़ समर्थक संगठनों ने शुक्रवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के उस निर्देश के विरोध में 13 अगस्त को पूरे कर्नाटक में बंद का आह्वान किया, जिसमें राज्य को तमिलनाडु के लिए 15 दिनों तक प्रतिदिन 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने को कहा गया है। तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के विरोध में रणनीति तय करने के उद्देश्य से बेंगलुरु में कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ता वताल नागराज के नेतृत्व में विभिन्न कन्नड़ समर्थक संगठनों की बैठक के बाद यह घोषणा की गई। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक 'कर्नाटक बंद' रखा जाएगा। आम जनता सहयोग और समर्थन दे।

सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी नदी के पानी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद एक बार फिर गहरा गया है। तमिलनाडु सरकार ने साफ कर दिया है कि वह अपने हिस्से का पानी पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। राज्य के कानून मंत्री आर. निर्मल कुमार ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक की ओर से पानी छोड़ने से इनकार किए जाने के बाद अब कानूनी रास्ता अपनाया जाएगा। कानून मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु को कानून के अनुसार जितना पानी मिलना चाहिए, वह हर हाल में मिलना चाहिए। सीडब्ल्यूएमए के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, इसलिए सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी।

सियासी लाभ के लिए आदेश का इस्तेमाल हो रहा

नागराज ने राजनीतिक दलों पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे अपने राजनीतिक लाभ के लिए कावेरी जल आदेश का इस्तेमाल कर रहे हैं। विभिन्न संगठनों ने तमिलनाडु को कावेरी जल छोड़े जाने का विरोध करते हुए दलील दी है कि कर्नाटक खुद जल संकट का सामना कर रहा है और ऐसे में पानी छोड़ने से राज्य के किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।प्राधिकरण ने तमिलनाडु को रोजाना 15 दिन तक 3,500 क्यूसेक पानी देने की कावेरी जल विनियमन समिति की सिफारिश को बरकरार रखा है।

कांवड़ यात्रा

हरिद्वार। शुक्रवार को हरिद्वार में 'सावन' के पवित्र महीने के दौरान 'कांवड़िए' गंगाजल ले जाते हुए।

कांवड़ यात्रा के दौरान हादसा

गंगनहर में डूबने से चंडीगढ़ के चार कांवड़ियों की मौत

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार बड़ा हादसा हो गया। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र जटवाड़ा पुल के पास शुक्रवार शाम गंगनहर में नहाते समय चार कांवड़ यात्री डूब गए। हादसे में चारों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद चारों युवकों के शव गंगनहर से बरामद कर लिए गए।

पीएम मोदी आज आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जाएंगे

कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन भोगपुरम में हवाई अड्डे को करेंगे देश को समर्पित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की यात्रा पर जाएंगे। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगपुरम में 17,900 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला और उनका उद्घाटन करेंगे। भोगपुरम में अत्याधुनिक अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल भवन का निरीक्षण व उद्घाटन करेंगे और भोगपुरम में 17,900 करोड़ की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे सभा को संबोधित भी करेंगे।

5,640 करोड़ से बनाया गया ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा

सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत 5,640 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को प्रति वर्ष 60 लाख यात्रियों को संभालने के लिए तैयार किया गया है। यात्री टर्मिनल भवन को भी आधुनिक, सुगम और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

सीजेपी के प्रदर्शन व हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने सुनाई आप बीती

पापा के सिर पर 5 टांके थे और यूनिफार्म खून से लाल थी

घायल एसीपी की पत्नी ने बेहद दर्दनाक, सदमे वाली करतूत बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदर्शन और 'संसद चलो' के दौरान हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर आपबीती सुनाई। घायल दिल्ली पुलिस एसीपी की पत्नी ने कहा कि 20 जुलाई की देर रात जब वे घायल हालत में घर लौटे, तो वह पल मेरे और मेरी दो साल की बेटी, दोनों के लिए बेहद दर्दनाक और सदमे वाला था। मेरे साथ दिल्ली पुलिस के परिवार के अन्य सदस्य भी हैं।

शरारती तत्वों ने पत्थर-हथियारों से हमला किया

एएसआई की पत्नी सीमा ने बताया कि मैंने 20 जुलाई शाम 7 बजे पति को कॉल मिलाया तो वो अस्पताल में थे और इलाज करा रहे थे। उन्होंने बताया कि भीड़ में शरारती तत्व एक्टिव हो गए थे। उन्होंने पत्थर और हथियारों से पुलिस बल को घायल कर दिया था। फिर उनका फोन बंद हो गया। मुझे डर लग रहा था।

पिता को 5 टांके लगे मीडिया में उन्हें ही क्रिमिनल बताया गया

एक पुलिस जवान की बेटी गुंजन ने बताया कि मेरे पिता फ्रंटलाइन में थे। जब वो घर आते थे, तो कहते थे कि ये अब स्टूडेंट प्रोटेस्ट नहीं रहा, इसमें गलत लोग जुड़ गए हैं। मेरे पिता के साथी उन्हें रात 10 बजे घर लेकर आए। उनके सिर पर पांच टांके थे।

प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे भी थे...

झड़प में घायल हुए दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के परिजन ने कहा,यह छात्रों का विरोध-प्रदर्शन नहीं था, बल्कि, इसमें कुछ शरारती तत्व शामिल थे जिन्होंने प्रदर्शन को खराब करने और बदनाम करने की कोशिश की। इन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे भी थे।

भीड़ हिंसक-और बेकाबू हो तो...: कुकरेती

पूर्व एसीपी केपी कुकरेती ने नेताओं के पुलिस कार्रवाई संबंधी बयानों पर कहा कि ये पुलिस अधिकारी या कानूनी विशेषज्ञ नहीं हैं। गृह मंत्री को जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह गलत है। भीड़ हिंसक-अनियंत्रित हो तो स्थिति बदल जाती है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के सवाल पर बोले

आप भाजपा के हो क्या? राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पुलिस के घायल जवानों के परिजनों की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सवाल पूछा गया। राहुल ने जवाब दिया- आप भाजपा के हो क्या? उन्होंने कहा था प्रदर्शन के दौरान कथित बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच हो।

भाजपा बोली

पुलिसकर्मियों पर हमले संवेदनशील होना चाहिए

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फैक्ट है कि पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ है वो घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। उनके भी परिवार हैं।

राहुल देश को भड़काना चाह रहे: जगदंबिका



भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं को भड़काना चाहते हैं।

पीओजेके को लेकर भारत ने पाक को लताड़ा

प्रदर्शनकारियों पर कार्वाई निंदनीय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय करे जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तान की ओर से की जा रही कार्रवाई की कड़ी आलोचना की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान की गतिविधियों की जांच करने तथा उसे इन अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की। नई दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित विदेश मंत्रालय (एमईए) की नियमित प्रेस ब्रीफिंग में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीओजेके के लोगों के प्रति पाकिस्तान के रवैये का अंदाजा उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान से लगाया जा सकता है, जिसमें उन्होंने प्रदर्शनकारियों को देश का 'दुश्मन' बताया था।

रणधीर जायसवाल

पाक के पीएम के राजनीतिक मामलों के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने जिन 'मुजाहिदीन' को प्रशिक्षित किया, उन्हें धन दिया, हथियार दिए और भारत भेजा, वही अब पाकिस्तान के खिलाफ खड़े हो गए हैं और पाक के लिए चुनौती बन गए हैं

5 जून से अब तक 100 से अधिक मौत, कई घायल और लापता

प्रदर्शनकारियों को 'भारत जैसा दुश्मन' बताया

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान लगातार पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण नागरिकों पर बेहद कठोर कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई में 40 से ज्यादा बेगुनाह लोगों की जान जा चुकी है और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीओजेके के आम लोगों के प्रति प्रशासन की पूरी बेरुखी तब साफ दिखाई दी, जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीओजेके में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा था कि वह प्रदर्शनकारियों को 'भारत जैसा दुश्मन' मानते हैं।

40 से अधिक की मौत हुई

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शनों और लॉन्ग मार्च के दौरान 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जेएएसी सहित कई सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर किए गए वीडियो में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कथित सख्ती और कार्रवाई दिखाई गई है। 5 जून से अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, कई सौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, और सैकड़ों लोगों को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की ओर से कथित तौर पर गायब कर दिया गया है।

भारत के खिलाफ भेजे गए लोग पाक के लिए चुनौती

जायसवाल ने पाकिस्तान के पीएम के राजनीतिक मामलों के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह की हालिया टिप्पणियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सनाउल्लाह ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने जिन 'मुजाहिदीन' को प्रशिक्षित किया, उन्हें धन दिया, हथियार दिए और भारत भेजा, वही अब पाकिस्तान के खिलाफ खड़े हो गए हैं।

चुनाव शर्मनाक अस्वीकृति साबित हुए

उन्होंने कहा कि कथित चुनाव पाकिस्तान के प्रशासन के लिए एक बड़ी शर्मनाक अस्वीकृति साबित हुए हैं। हिंसक कार्रवाई का सामना कर रहे वहां के लोगों ने गैरकानूनी हत्याओं की स्वतंत्र जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मदद मांगी है। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हैं कि वह पाकिस्तान की कार्रवाई की जांच करे और उसे उसके अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराएं।

भारत अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करता है

एमनेस्टी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट को भारत ने दो टूक अंदाज में नकार दिया है। जिसमें यह आरोप लगाया गया कि इजरायल ने गाजा पर हमले के लिए भारत द्वारा दिए गए हथियारों का इस्तेमाल किया है। जायसवाल ने कहा कि हमारे देश के पास रणनीतिक व्यापार नियंत्रण के लिए एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा मौजूद है। इतना ही नहीं भारत दोहरे इस्तेमाल वाली वस्तुओं का निर्यात अपने राष्ट्रीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप ही करता है।

खबर संक्षेप

19 साल बाद कोलकाता लौटी तस्लीमा नसरीन

कोलकाता। बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं।

कोलकाता पहुंचने पर तस्लीमा नसरीन बेहद खुश दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अपने देश लौटने जैसा है। मैं खुशी और दर्द दोनों के साथ लौटी हूं। साल 2003 में तस्लीमा नसरीन की किताब द्विखंडित पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद साल 2007 में हुए भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद तस्लीमा नसरीन को कोलकाता छोड़ना पड़ा था। तस्लीमा नसरीन पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा था।

तोतापुरी आमों की हवाई खेप मालदीव पहुंची

नई दिल्ली। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपेडा) ने कर्नाटक से

मालदीव के लिए नीलम और तोतापुरी आमों की पहली हवाई परिवहन की सुविधा प्रदान की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि आम निर्यात की यह पहल किसानों को पारंपरिक बाज़ारों की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक लाभ प्रदान करती है। यह निर्यात अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में कर्नाटक की देर से पकने वाली आम की किस्मों को बढ़ावा देने और भारत के आम निर्यात भंडार को और मज़बूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

तिब्बत,नेपाल और चीन में भूकंप के झटके लगे

नई दिल्ली। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, शुक्रवार की सुबह कुछ ही घंटों के भीतर चीन, तिब्बत और



नेपाल के कुछ हिस्सों में कई भूकंप आए। इनमें सबसे तीव्र भूकंप चीन में आया जिसकी तीव्रता 4 दशमलव 5 थी। इससे पहले, भारतीय समयानुसार रात 12 बजकर 50 मिनट पर तिब्बत में 4 दशमलव 2 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद नेपाल में 3 दशमलव 4 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं कल तिब्बत में 4 दशमलव 3 तीव्रता का भूकंप भी दर्ज किया था। तत्काल किसी हताहत या महत्वपूर्ण क्षति की सूचना नहीं मिली है।

रूस-यूक्रेन जंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

कहा- मारे गए और लापता भारतीयों के परिवारों की हरसंभव मदद करे केंद्र

पहचान के लिए डीएनए सैंपल का मिलान कराएं मुआवजा क्लेम दाखिल करने में सहायता करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान नौकरी का झांसा देकर रूस भेजे गए और बाद में युद्ध के मोर्चे पर पहुंचा दिए गए भारतीय नागरिकों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि विदेश मंत्रालय तुरंत एक नोडल अधिकारी

नियुक्त करे, जो युद्ध में मारे गए, घायल हुए या अब भी लापता भारतीयों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि पीड़ित परिवार पहले ही भारी मानसिक और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें समय पर सही जानकारी और हर संभव मदद मिले।

बता दें, यह मामला उन भारतीय युवाओं से जुड़ा है, जिन्हें ट्रैवल एजेंटों ने रूस में अच्छी नौकरी का लालच देकर भेजा था। परिवारों का आरोप है कि वहां पहुंचने के बाद कई युवाओं को उनकी इच्छा के खिलाफ रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। इस दौरान कई भारतीयों की मौत हो गई, कुछ घायल हुए और कई अब भी लापता बताए जा रहे हैं। इन्हीं परिवारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सरकार से अपील की थी कि उनके परिजनों का पता लगाया जाए, मृतकों के पार्थिव शरीर भारत लाए जाएं और रूसी सरकार से उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विदेश मंत्रालय तुरंत एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो युद्ध में मारे गए, घायल हुए या अब भी लापता भारतीयों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराए

पीड़ितों को उनकी भाषा में जानकारी दें

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि युद्ध में मारे गए भारतीयों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल का मिलान कराया जाएगा। नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष मुआवजा क्लेम दाखिल कराने में विदेश मंत्रालय परिवारों की मदद करेगा। पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी जानकारी और प्रक्रियाएं उनकी मातृभाषा या स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता देंगे।

एनएएलएसए करे कानूनी प्रक्रिया में मदद

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे पीड़ित परिवारों की हर कानूनी प्रक्रिया में मदद करें। इसमें मुआवजा क्लेम दाखिल करना, जरूरी दस्तावेज तैयार करना, कागजी कार्रवाई पूरी कराना और पार्थिव शरीर की स्वदेश वापसी से जुड़ी औपचारिकताओं में सहायता शामिल है। अदालत ने कहा कि परिवारों को अनावश्यक कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए।

139 भारतीयों की रिहाई कराई

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि रूसी सेना में मौजूद भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए रूस के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है। अब तक 139 भारतीय नागरिकों की रिहाई कराई जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि अभी भी रूसी सेना में बताए जा रहे करीब दो दर्जन भारतीयों की रिहाई के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे सभी नौकरी से जुड़े हुए प्रस्तावों से बचें। वर्तमान में भारत के दो दर्जन यानी 24 नागरिक रूस की सेना में कार्यरत हैं।

यूक्रेन में जहाज पर हमला, 2 भारतीय लापता

रणधीर जायसवाल ने बताया कि 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एमवी एजीएन रैगनर पर हमला हुआ था। जहाज पर चालक दल के सदस्य के रूप में चार भारतीय मौजूद थे। इनमें से दो सुरक्षित हैं, जबकि दो भारतीय अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रोमानिया, दोनों पक्षों की ओर से खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया है। भारत लगातार दोनों देशों के संपर्क में है ताकि लापता भारतीयों के बारे में जानकारी मिल सके। विदेश मंत्रालय उनके परिवारों के संपर्क में भी है और उन्हें हरसंभव सहायता दी जा रही है।

2 हजार भारतीय वापस आए

जायसवाल ने बताया कि 1 जनवरी से 22 जुलाई 2026 तक अमेरिका से कुल 2 हजार से अधिक भारतीयों की स्वदेश वापसी हुई है। जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1 हजार 273 पर था। इस लिहाज से लगभग दो साल में अमेरिका से वापस भारत भेजे गए देश के नागरिकों की बात करें तो इनकी कुल संख्या 3 हजार 567 तक पहुंच गई है।

पश्चिम एशिया संघर्ष में 16 भारतीयों की मौत

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने संसद को बताया कि वर्ष 2026 से अब तक 10 भारतीय नाविकों सहित 16 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि 75 भारतीय घायल हुए हैं। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

नेपाल में सांप्रदायिक तनाव गहराया

सप्तरी में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती

- *राष्ट्रपति और पीएम ने शांति बनाए रखने की अपील की*
- *अब तक हिंसा में 3 लोगों की मौत, 12 से अधिक घायल*

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के भारत से सटे तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनसरी से शुरू हुई हिंसा अब सप्तरी, धनुषा और सिराहा तक फैल चुकी है। हालात को देखते हुए कई जिलों में कर्फ्यू, निषेधाज्ञा और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

एहतियात के तौर पर सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय ने राजबिराज नगरपालिका के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए हिंसा की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

4 जिलों में हालात बेकाबू

सप्ताहांत में सुनसरी में सांप्रदायिक झड़पें शुरू होने के बाद से नेपाल के कई जिलों में तनाव का माहौल बना हुआ है। हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन को कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी है, जबकि सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। सप्तरी में कर्फ्यू लगाए जाने के बाद कर्फ्यू वाले जिलों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सुनसरी, धनुषा और सिराहा जिलों के कुछ हिस्सों में पहले से ही कर्फ्यू लागू है। ये सभी जिले भारत की सीमा से लगे नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में स्थित हैं। अधिकारी हालात को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक इस हिंसा में 3 लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को दो धार्मिक समुदायों के जुलूस और धार्मिक आयोजनों के दौरान हुए विवाद के बाद हालात बिगड़ गए।

पहचान पत्र रखना अनिवार्य

गुरुवार को हिंसा पड़ोसी मधेस प्रांत तक फैल गई, जहां सिराहा जिले में हुई झड़पों में एक किशोर की मौत हो गई। वहीं, सुनसरी हिंसा में घायल एक अन्य व्यक्ति ने कोशी प्रांत में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सीमावर्ती सर्लाही जिले की जिला सुरक्षा समिति ने भारत से नेपाल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य कर दिया है। इसकी जानकारी सहायक मुख्य जिला अधिकारी होम प्रसाद घिमिरे ने दी। एक अलग घटना में गुरुवार रात सिराहा जिले की लहान नगरपालिका में एक अज्ञात हमलावर ने पुलिस कॉन्स्टेबल नारद परियार को गोली मार दी। गोली उनकी दाहिनी जांघ में लगी, जिसके बाद उन्हें विराटनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

30 से 31 जुलाई तक की यह यात्रा

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की भूटान यात्रा से मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में चिंताजनक बने हुए क्षेत्रीय और वैश्विक माहौल के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की दो दिवसीय आधिकारिक भूटान यात्रा शुक्रवार को संपन्न हो गई है। जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए हुई पांचवीं

भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता में नई दिल्ली का नेतृत्व करना था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्त्री की यह यात्रा 30 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई को समाप्त हुई है। उन्हें भूटान के विदेश सचिव पेमा लेक्टुप दोरजी ने आमंत्रित किया था।

शीर्ष नेतृत्व संग हुई कई मुलाकातें

यात्रा के दौरान भारत के विदेश सचिव ने भूटान नरेश महामहिम राजा से शिष्टाचार मुलाकात की है। इसके अलावा उनकी भूटान के पीएम दाशो शेरिंग तोबगे और विदेश-बाह्य व्यापार मंत्री ल्योनपो डी.एन. ढुंग्येल के साथ भी मुलाकात की है। इन उच्च स्तरीय मुलाकातों के दौरान दोनों पक्षों के बीच विकास साझेदारी, ऊर्जा, व्यापार व निवेश, संपर्क दोनों देशों के बीच संबंधों सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा की गई है।

मेटा की ग्लोबल टीम आएगी भारत

एल्गोरिद्म और कंटेंट मॉडरेशन पर केंद्र सरकार को देगी जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट पर कुछ समय के लिए लगाए गए प्रतिबंध के मामले में केंद्र सरकार को विस्तृत जवाब देने अगले सप्ताह मेटा की वैश्विक टीम भारत आ सकती है। कंपनी एल्गोरिद्म और कंटेंट मॉडरेशन पर जवाब देगी।

मेटा इंडिया प्रमुख पर एफआईआर दर्ज

सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी के फर्जी और एआई-जनरेटेड वीडियो वायरल होने के मामले में हैदराबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास और कई सोशल मीडिया यूजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन फर्जी वीडियो को सबसे पहले कहां से और किसने अपलोड किया, इन्हें किन खातों के जरिए आगे बढ़ाया गया और किस इरादे से फैलाया गया।

माइनस 42 डिग्री तापमान में भी नहीं जमेगा तेल

भारतीय सेना और बीपीसीएल ने तैयार किया खास 'एक्सट्रीम वेदर ग्रेड' ईंधन

लॉन्चिंग कार्यक्रम में सैन्य अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना माइनस 50 डिग्री से लेकर प्लस 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में अपने भारी हथियारों और सैन्य साजो-सामान के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करती है। सामान्य डीजल अत्यधिक कम तापमान में जमने लगता है। इसे दूर करने के लिए भारतीय सेना और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने मिलकर ऐसा एक्सट्रीम वेदर ग्रेड (एक्सडब्ल्यूजी) डीजल विकसित किया है, जो -42 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी नहीं जमेगा।

ऑयल का फ्लो बाधित नहीं होगा

सामान्य डीजल में पैराफिन वैक्स मौजूद होता है, जो ईंधन को जरूरी चिकनाई और गाढ़ापन देता है। लेकिन तापमान शून्य से काफी नीचे जाने पर यही वैक्स जमने लगता है और डीजल के फ्लो में बाधा पैदा करता है। इससे ऑयल फिल्टर चॉक हो सकते हैं और गाड़ी स्टार्ट होने में दिक्कत आती है। एक्सट्रीम वेदर ग्रेड डीजल विकसित किया है। इसका पोर पॉइंट -42 डिग्री सेल्सियस है, यानी यह इतनी कम तापमान में भी लिक्विड फॉर्म में बना रहेगा और ऑयल का फ्लो बाधित नहीं होगा।

स्पेन-मोरक्को बॉर्डर पर हजारों प्रवासियों का सैलाब

यूरोप पहुंचने के लिए समुद्र में लगा दी छलांग, अब तक 34 की मौत

एजेंसी ▶▶ सेउटा

मोरक्को की सीमा से स्पेन के उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र सेउटा में गुरुवार को हजारों प्रवासी घुस आए। प्रवासियों ने बॉर्डर की बाड़ तोड़कर स्पेन में प्रवेश कर लिया, जिसके दौरान कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई। अब स्पेन ने इलाके में मोरक्को के साथ लगी सीमा पर शांति बनाए रखने का फैसला लिया है।

सेउटा के लोकल अधिकारियों ने मैड्रिड से इमरजेंसी मदद मांगी थी। इसके बाद स्पेन सरकार ने घोषणा की कि सिविल गार्ड की मदद के लिए आर्म्ड फोर्स भेजी जाएगी ताकि सेउटा शहर में सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

इटली ने भी जताई चिंता

इस संकट का असर इटली तक पहुंचा। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने स्पेन के साथ शेंगेन एग्रीमेंट सस्पेंड करने की धमकी दी, ताकि सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा हो सके। स्पेन के सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि समुद्र के रास्ते आने वाले माइग्रेंट्स को बिना सही प्रक्रिया के तुरंत वापस नहीं भेजा जा सकता।

हजारों प्रवासी आ चुके

स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज ने शुक्रवार को इंटीरियर मिनिस्टर फर्नांडो ग्रांडे-मार्लास्का के साथ सेउटा का दौरा किया। उत्तरी मोरक्को में मानवाधिकार कार्यकर्ता अचरफ मैमौनी ने कहा कि गुरुवार सुबह अजीब हालात में ताराजल बॉर्डर खोला गया और लोग क्रॉस कर गए। गुरुवार की अफरा-तफरी में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई।

हूती विद्रोहियों से लाल सागर की समुद्री सुरक्षा होगी

सऊदी अरब और 13 अन्य देशों ने गठबंधन बनाया

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब और 13 अन्य देशों ने पश्चिम एशिया के प्रमुख जलमार्गों में नौवहन सुरक्षा के लिए समुद्री रक्षा गठबंधन बनाया है। इस बारे में विचार-विमर्श के लिए रियाद में संबंधित देशों के सैन्य अधिकारियों की बैठक के बाद यह घोषणा की गई। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि इस सुरक्षा गठबंधन का उद्देश्य लगातार बढ़ रही समुद्री चुनौतियों से निपटना है। यह तालमेल समुद्री सहयोग, मुक्त नौवहन तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति स्रोत सुरक्षित करने की रूपरेखा तय करेगा। यह गठबंधन अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रावधानों के अनुरूप बाब- अल- मनदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और अदन की खाड़ी में साझा समुद्री हितों के सुरक्षा प्रयासों का हिस्सा है।

मुक्त नौवहन, व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति की होगी सुरक्षा

रेड सी और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में युद्धपोतों की तैनाती की जाएगी

अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का ऐलान करते सऊदी रक्षा मंत्रालय के अधिकारी

अकेले नहीं जाएंगे मालवाहक जहाज

गठबंधन में शामिल देश अपने युद्धपोत रेड सी और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में तैनात करेंगे। ये जहाज गश्त करेंगे और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेंगे। तेल टैंक और मालवाहक जहाज अकेले नहीं भेजे जाएंगे। उन्हें काफिले में भेजा जाएगा और साथ में वॉरशिप चलेंगे। युद्धपोतों पर लगे एयर डिफेंस और रडार ड्रोन और मिसाइल हमलों को पहले ही मार गिराने की कोशिश करेंगे। ड्रोन और गश्ती विमान लगातार उड़ान भरेंगे ताकि हूती के लॉन्चिंग पॉइंट का पता चल सके। सभी देश रडार, सैटेलाइट और खुफिया जानकारी आपस में साझा करेंगे।

दुनिया का अहम समुद्री मार्ग है रेड सी

रेड सी दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया का करीब 30 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। इसके आने-जाने के सिर्फ 2 रास्ते हैं, बाब अल-मंदेब स्ट्रेट और स्वेज नहर। ईरान जंग के बाद होर्मुज स्ट्रेट में तनाव की वजह से सऊदी अपना ज्यादातर तेल इसी रास्ते से भेज रहा है।

गुड्डू और कालीन गदर मचाने को तैयार

नई दिल्ली। महीनों के इंतजार के बाद, 'मिर्जापुरः द मूवी' के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज किया, जिसने फैंस को इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी के बड़े पर्दे वाले एडाप्टेशन की पहली झलक दिखाई। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा एक बार फिर अपने फैंस के पसंदीदा किरदारों में नजर आए। 11 अगस्त को ट्रेलर रिलीज होने के बाद 'मिर्जापुरः द मूवी' की टीम बड़े स्तर पर प्रमोशन शुरू करेगी. मेकर्स 7 से 8 शहरों में एक खास मल्टी-सिटी ट्रेलर लॉन्च रोड ट्रिप की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान फिल्म की लीड स्टारकास्ट देश के अलग-अलग शहरों में जाकर फैंस से मिलेगी और सिनेमाघरों में रिलीज से पहले 'मिर्जापुरः द मूवी' का भौकाल सीधे दर्शकों तक पहुंचाएगी। इस स्टारकास्ट को और बड़ा बनाते हुए फिल्म में अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौड़, श्वेता त्रिपाठी और सोनल एस. चौहान भी नजर आएंगे, जो मिर्जापुर की दुनिया का एक नया और रोमांचक चैप्टर बड़े पर्दे पर लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style

कोंकणा

साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में है दिलचस्पी

बतौर कलाकार और निर्देशक अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा को हॉरर फिल्में बहुत पसंद हैं, लेकिन वह उन फिल्मों को देखने से डरती भी हैं। एक थी डायन हॉरर फिल्म में अभिनय कर चुकी कोंकणा ने बताया कि उनके भीतर हॉरर फिल्मों का निर्देशन करने वाला निर्देशक भी है। वह एक हॉरर फिल्म की कहानी पर काम भी कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी निर्देशित पहली फिल्म 'ए डेथ इन द गंज' के एक डरावने सीन पर बात करते हुए कोंकणा ने कहा कि फिल्म के एक डरावने रात वाले सीन को लिखते समय कई बार शीशे में खुद की ही परछाई देखकर मैं डर जाती थी। हॉरर जानर मुझे दिलचस्प लगता है, लेकिन जब मैं हॉरर जॉनर में कुछ लिखती हूं, तब खुद भी डर जाती हूं। इस कारण मैं कई बेहतरीन हॉरर फिल्में भी नहीं देख पाती हूं, क्योंकि उनका असर मेरे मन में बहुत लंबे समय तक रह जाता है। मैं एक हॉरर फिल्म भी बनाना चाहती हूं। मातृत्व पर आधारित उस कहानी के बारे में मैं काफी समय से बात कर रही हूं, लेकिन अभी तक उसे लिखा नहीं है। साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में मेरी गहरी दिलचस्पी है। आगे कोंकणा ने बताया कि वह अपनी इस कहानी के सारे क्रिएटिव राइट्स खुद के पास रखना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने इस कहानी के लिए फिलहाल किसी स्टूडियो या निर्माता से बात नहीं की है। वह कहती हैं कि मैं किसी निर्माता से पैसे लेकर स्क्रिप्ट नहीं लिखना चाहती, क्योंकि ऐसा करने पर वह कहानी उनकी हो जाती है। कहानी मेरे दिमाग में है, अगर मैं थोड़ी कम बिजी हुई तो इसे खुद लिखूंगी। कोंकणा पिछली बार प्राइम वीडियो की थ्रिलर सीरीज 'सर्चः द नैना मर्डर केस' में नजर आई थीं जिसमें उन्होंने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था।

हॉलीवुड मसाला

इस फिल्म के विलेन ने ली 1000 करोड़ की फीस

नई दिल्ली। 4500 करोड़ की फिल्म का विलेन 1000 करोड़ की फीस ले गया। हॉलीवुड की सबसे बड़ी सुपरहीरो फ्रैंचाइजी मार्बल सिनेमैटिक यूनिवर्स में एक बार फिर इतिहास रचा जा रहा है। एवेंजर्सः डूम्सडे में विलेन डॉक्टर डूम की भूमिका निभाने वाले रॉबर्ट डाउनी जूनियर को लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी लगभग 1000 करोड़ रुपए की भारी-भरकम फीस मिलने की खबर है। यह डील दो फिल्मों 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और उसके सीक्वल 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' के लिए है। फिल्म का प्रोडक्शन बजट भी आसमान छू रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, डूम्सडे और सीक्रेट वॉर्स का बजट लगभग 600 मिलियन डॉलर (लगभग 5700 करोड़ रुपए) है।

स्पाइडर मैन ने ला दी बॉक्स ऑफिस में आंधी

मुंबई। स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे ने तो भारत में पहले ही दिन तूफान मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन इतनी जबरदस्त कमाई की है कि आप भी जानकर हैरान हो जाएंगे। इतना ही नहीं मूवी की जो पहले दिन की कमाई है उसने कई हिंदी फिल्मों के पहले दिन के कलेक्शन को पछाड़ दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन भारत में 60.60 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, ग्रॉस मवी ने 72.44 करोड़ की कमाई की है। स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे ने इंग्लिश के बाद सबसे ज्यादा हिंदी भाषा में कमाई की है। फिल्म के पहले दिन के धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखते हुए लगता है कि वीकेंड पर फिल्म 100 से 150 रुपए तक की कमाई कर सकती है, क्योंकि फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

टीचिंग के बाद लगा एक्टिंग का चस्का

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी आज बॉलीवुड की सबसे चर्चित और सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। कियारा ने मुंबई से स्कूली पढ़ाई पूरी की और फिर मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन किया। उन्होंने अभिनय में आने से पहले अपनी मां के प्री-स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाया भी। वह बच्चों को कविताएं सुनाती थीं और उनकी देखभाल करती थीं। कियारा का कहना है कि इस अनुभव ने उन्हें जिम्मेदारी और संयम रखना सिखाया। कियारा आडवाणी ने कई इंटरव्यू में बताया कि सलमान खान की सलाह पर उन्होंने अपना नाम बदलकर कियारा रख लिया। यह नाम उन्हें प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'अंजाना अंजानी' के एक किरदार से पसंद आया था। बाद में यही नाम उनकी नई पहचान बन गया। साल 2014 में कियारा ने फिल्म 'फगली' से बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही।

अनुपम ने पूरी की 'ये प्रेम मोल लिया' की शूटिंग

मुंबई। अभिनेता अनुपम खेर को सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में देखा जाएगा। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी अनुपम खेर ने पोस्ट साझा करके दी है। उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ सूरज के लिए इमोशनल पोस्ट लिखा है। उन्होंने निर्देशक के साथ काम करने का सफर भी साझा किया है। अनुपम खेर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'और अब ये पूरा हुआ। गुरुवार रात, हमने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की शूटिंग पूरी कर ली। मैं सूरज को तब से जानता हूं, जब वे मेरी पहली फिल्म 'सारांश' में असिस्टेंट थे। तब से हमने आठ से ज्यादा फिल्मों का सफर साथ तय किया है। उन्हें हमारे समय के सबसे बेहतरीन कहानीकारों में से एक बनते देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है।

कार्यालय नगर परिषद बडागांव (धसान) जिला टीकमगढ (म.प्र.)

Email Id- cmobadagaontikamgarh@mpurban.gov.in

कमांक /989/ बस स्टैण्ड बसूली / न.प./2026 बडगांव, दिनांक 31/07/26

// कार्यादेश //

कृष्णा ओम इंटरप्राईजेज, वार्ड नं. 22 शिवनगर कालॉनी, देवी मंदिर के पास गल्ला मण्डी रोड, टीकमगढ, पिन कोड- 472001

मो.नं.- 9893778835, ईमेल आईडी - vivekjiguptatkg@gmail.com

विषय :- बस स्टैण्ड वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 बावत्।

संदर्भः-आपका अनुबंध दिनांक 29.07.2026

विषयांतर्गत बस स्टैण्ड वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु आपके द्वारा डाली गई निविदा दर 235000/- अधिकतम होने से नगर परिषद/पीआईसी के प्रस्ताव कमांक 10 दिनांक 10.07.2026 द्वारा स्वीकृत की गई है। एवं आपके द्वारा दिनांक 29.07.2026 को अनुबंध किये जाने के उपरांत आपको निम्नानुसार कायार्देश जारी किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि आपके द्वारा 1/2 राशि जमा कर दी गई है। एवं अनुबंध की शर्त अनुसार समान 02 किस्तों में माह अक्टूबर 2026 में राशि रुपए 58750 एवं माह दिसम्बर 2026 में राशि रुपए 58750 में राशि जमा करनी होगी।

अतः दिनांक 01.08.2026 से 31.03.2027 तक अनुबंध की शर्तों के अनुसार बस स्टैण्ड वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 बसूली करना प्रारंभ करें।

संलग्न : रेट सूची।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बडागांव (धसान) जिला टीकमगढ (म.प्र.)

टीवी मसाला

दूरदर्शन का यह शो आज भी कहलाता है कल्ट क्लासिक

नई दिल्ली। आज ओटीटी पर 'द एम्पायर', 'ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' जैसी सीरीज इतिहास को बड़े पैमाने पर पर्दे पर पेश कर रही हैं। लेकिन, इनसे कई साल पहले दूरदर्शन ने एक ऐसा ऐतिहासिक धारावाहिक दर्शकों को दिया था, जिसने भारत की सभ्यता और इतिहास को बेहद रोचक अंदाज में घर-घर पहुंचाया। साल 1988 में प्रसारित 'भारत एक खोज' श्याम बेनेगल के निर्देशन में बना था और यह जवाहरलाल नेहरू की प्रसिद्ध किताब 'द डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पर आधारित था। खास बात यह है कि नेहरू ने यह किताब जेल में रहते हुए लिखी थी। 53 एपिसोड वाले इस धारावाहिक में सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर भारत की आजादी तक की पूरी यात्रा को नाटकीय शैली में दिखाया गया।'भारत एक खोज' की सबसे बड़ी खासियत इसकी दमदार स्टारकास्ट थी। इस सीरियल में नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, रोशन सेठ, टॉम ऑल्टर, कुलभूषण खरबंदा, रजित कपूर, पंकज बेरी, इला अरुण, के.के. रैना, अंजन श्रीवास्तव और सदाशिव अमरापुरकर जैसे कई दिग्गज कलाकार नजर आए। दिलचस्प बात यह भी थी कि उस दौर में अपने कॅरियर की शुरुआत कर रहे इरफान खान भी इस सीरियल का हिस्सा थे। आगे चलकर उन्होंने भारतीय सिनेमा के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। यह धारावाहिक किसी एक किरदार की कहानी नहीं था, बल्कि हर एपिसोड भारत के इतिहास के अलग दौर को सामने लाता था।

लॉकअप 2 बना जुबानी जंग का मैदान

नई दिल्ली। लॉकअप 2 रियलिटी शो अब अपने फिनाले एपिसोड की तरफ बढ़ रहा है। इस शो को जीतने की दौड़ में आकांक्षा चमोला और श्रेया कालरा शामिल हैं। हाल ही में आकांक्षा को पता चला कि श्रेया ने उनके और गौरव खन्ना के रिश्ते पर उल्टी-सीधी बातें कही। आकांक्षा को चुड़ैल कहा। इस बात से वह आहत हो गई हैं। ऐसे में आकांक्षा ने श्रेया कालरा को खूब खरी-खोटी सुनाई। शो लॉकअप 2 के वायरल वीडियो में श्रेया कालरा को आकांक्षा ने कहा, 'तुम गौरव खन्ना (आकांक्षा से पति) को कितना जानती हो। क्या बाहर तुम उसे जानती हो। तुम्हें कहा कि अच्छा हुआ कि आकांक्षा का गौरव से तलाक हो रहा है। तुमने मुझे चुड़ैल कहा। यह बातें कहते हुए आकांक्षा चमोला काफी गुस्से में थी। आकांक्षा की बातों का जवाब भी श्रेया के पास नहीं था। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, आकांक्षा चौधरी, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं। जल्द ही इसका फिनाले एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। रियलिटी शो 'लॉक अप 2' को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर रहे हैं।

6000 से ज्यादा गानों को दी आवाज, 7 साल की उम्र में शुरू किया था गायकी का सफर

नई दिल्ली। बॉलीवुड-दक्षिण भारतीय संगीत उद्योग को अपनी अनूठी और सुरीली आवाज से दशकों तक समृद्ध करने वाली दिग्गज पार्श्व गायिका जमुना रानी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्होंने गुरुवार शाम बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। साल 1938 में आंध्र प्रदेश में जन्मीं जमुना रानी ने महज सात साल की नन्हीं उम्र में ही फिल्म उद्योग में कदम रख दिया था और अपनी प्रतिभा के बल पर संगीत इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया। जमुना रानी ने अपने गायन कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'त्यागय्या' से एक प्लेबैक सिंगर के रूप में की थी। अपने लंबे और सफल करियर के दौरान उन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में 6000 से भी अधिक गीतों को अपनी आवाज दी। उनकी विशिष्ट और अलग आवाज उन्हें अपने दौर के अन्य गायकों से अलग बनाती थी। उनकी आवाज विशेष रूप से क्लब

डांस नंबर, जिप्सी सॉन्ग्स और लोकगीतों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती थी। साल 1952 में रिलीज हुई फिल्म 'कल्याणी' के जरिए उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और वहां भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े।

कई पुरस्कारों और सम्मानों से की गई सम्मानित : अपने लंबे संगीत सफर में उन्होंने टीएम सौंदरराजन, सिरकाली गोविंदराजन, तिरुचि लोगनाथन, पीबी श्रीनिवास, एएम राजा, पी सुशीला, पी लीला, एलआर ईश्वरी, जिक्की, एस. जानकी, शूलमंगलम राजलक्ष्मी और एमएस राजेश्वरी जैसे दिग्गज गायकों के साथ युगल गीत गाए।

तेलुगु और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में छोड़ी अमिट छापः तेलुगु सिनेमा में जमुना रानी ने कई सदाबहार गीतों के जरिए अपार लोकप्रियता हासिल की। उनके प्रसिद्ध तेलुगु गीतों में 'सरदा सरदा सिगरेटु', 'एंथा टक्कारी वाडू नाराजू', 'मुक्कुमीधु नृखी.. नी मुखनिके आडा', 'कोटू बूटू वीडा बावा वाचादय्या' और 'पाडापाडावे वैयारी गालिपतामा' शामिल हैं, जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेलवे/बरकाकाना, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से खुली निविदाएँ (Open Tender) आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. निविदा सूचना संख्या : ECR-CAO-CON-BRKA-02, कार्य का नाम :** धनबाद मंडल के अंतर्गत कुजू–राँची रोड स्टेशन के मध्य वाई–कनेक्शन के निर्माण कार्य के लिए, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/बरकाकाना के अधिकार क्षेत्र में आर.सी.सी. रोड ओवर ब्रिज (ROB) का विखंडन (Dismantling), ढाल स्थिरीकरण (Slope Stabilisation), कटिंग एवं भराई में भू–कार्य, टर्फिंग, रिटेनिंग वॉल, नाली, कैच वाटर ड्रेन, विभिन्न प्रकार के बोर्ड, भूमि सीमा स्तंभ (Land Boundary Pillars), पुल निरीक्षण सीढ़ियाँ, भवन निर्माण, लिंटो शेड, स्थायी मार्ग (P-Way) तथा अन्य संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **निविदा मूल्य (₹):** Rs. 34,25,20,572.86, **धरोहर राशि (EMD) (₹):** Rs. 68,50,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 6 माह, **1. IREPS वेब पोर्टल पर ई–टेंडर प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 20.08.2026 को 15:30 बजे तक। **2. ई–टेंडर खोलने की तिथि एवं समयः** 20.08.2026, 15:30 बजे (दोपहर) के पश्चात। **3. निविदा के पूर्ण विवरण एवं निविदा दस्तावेज देखने हेतु वेबसाइटः** निविदा से संबंधित समस्त विवरण एवं निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यदि निविदा में कोई संशोधन/परिवर्तन (Amendment/Modification) किया जाता है, तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी तथा उसे केवल उक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे, बरकाकाना

पीआर/0642/कंस्ट्रक्शन बरकाकाना/सीओएनएसटी/टी/26–27/44

विक्रय अनुबंध निरस्ती सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रामदाजी बाई पत्नी स्व. श्री भारत सिंह, श्री सीताराम लोवंशी आ. स्व. श्री हरिसिंह एवं श्री नंदकिशोर लोवंशी आ. स्व. श्री हरिसिंह के स्वत्व स्वामित्व अधिपत्य कि भूमि स्थित खसरा क्र. 297 रकवा 6.25 एकड़ ग्राम - पोलाहा, तहसील गौहरगंज जिला रायसेन, म.प्र. के संबंध के एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 27/05/2026 को श्री प्रकाश मीना निवासी ग्राम सोहागपुर, जिला भोपाल के साथ निष्पादित किया गया था। दोनों पक्षों कि आपसी सहमती से उक्त विक्रय अनुबंध को दिनांक 30/07/2026 को निरस्त किया जा चुका है जिसमे किसी भी पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है एवं मेरे पक्षकार द्वारा श्री प्रकाश मीना से बयाने के रूप में ली गई समस्त राशी भी वापस कर दी गई है। उक्त विक्रय अनुबंध पत्र को निरस्त किये जाने के बाद दोनों पक्षों में अब उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई भी अनुबंध, लेने-देन आदि शेष नहीं रहा है एवं दिनांक 27/05/2026 को निष्पादित उक्त वर्णित विक्रय अनुबंध अब मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं है। मेरे पक्षकार अब अपने स्वामित्व कि उक्त वर्णित भूमि को किसी भी अन्य को विक्रय आदि करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। उक्त निरस्त किये गए विक्रय अनुबंध पत्र के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई भी दावे, आपत्ति आदि प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के एक दिवस के अंदर अपने दावे सम्बंधित दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित हो सकते है। इस सूचना पत्र में वर्णित समय अवधि व्यतीत होने के बाद किसी भी दावे, आपत्ति आदि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे।

भवदीय अतुल भार्गव (अधिवक्ता)
भार्गव लॉ चैम्बर एवं एसोसिएट्स
कार्यालय - मकान क्र. 61/23, रेलवे स्टेशन में पास, मंडीदीप, जिला रायसेन, म.प्र.,मो. न. 9200449999

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागड वृत्त, जिला-भोपाल

प्रकरण कमांक /बी-113/2026-27

// सूचना //

(म०प्र० पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 की धारा 5.(1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत) जैसा कि " गौ रत्न सेवा संस्थान न्यास " पता 19. जैन कॉलोनी एकता नगर करोंद, तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा श्री विवेक दुबे आ० श्री बनवारी लाल दुबे नि. 19, जैन कॉलोनी, एकता नगर, करोंद भोपाल की ओर से म०प्र० पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा विचार में लिया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति -या सुझाव देना चाहतां हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के "एक माह" के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

"अनुसूची

1.-ट्रस्ट का नाम व पता -". गौ रत्न सेवा संस्थान न्यास" पता 19, जैन कॉलोनी एकता नगर करोंद, तहसील हुजूर जिला भोपाल

2-चल सम्पत्ति - निरंक

3-अचल सम्पत्ति - निरंक

आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट
नजूल संत हिरदाराम नगर
बैरागढ़ वृत्त भोपाल

कार्यालय नगर परिषद शाढौरा जिला अशोकनगर (म.प्र.)

Email: cmoshadora@mpurban.gov.in

क्रमाक/एस.बी.एम. 20/2026/822 "निविदा आमंत्रण सूचना" शाढौरा, दिनांक 24/07/2026

एतद् द्वारा मशीनरी निमार्ता एवं अधिकृत विक्रेताओं से अधोलिखित विवरण अनुसार सामग्री की दरें आयटम दर आधारित ऑनलाईन पद्धति से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	अनु.प्रा. राशि (लाख)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	समयावधि
1	2026_UAD_525020_1	नगर परिषद शाढौरा में 03 नग डी स्लाजिंग वाहन प्रदाय करने के संबंध में। (स्पेशिफिकेशन अनुसार)	57.00	43000/-	10000/-	01 माह

1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://mptenders.gov.in में विभाग का नाम - नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग पर देखी जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 29/07/26 सुबह 10.30 बजे से दिनांक 28/08/26 समय सायं 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकते है।
3. ऑनलाईन बिड दिनांक 31/07/26 सुबह 10.30 बजे से दिनांक 28/08/26 समय सायं 5.30 बजे तक जमा की जा सकती है।
4. ऑनलाईन निविदा दिनांक 31/08/26 समय सुबह 11.00 बजे खोली जावेगी।
5. (1) MANUFACTURER/AUTHORIZATION REGISTRATION (2) PAN NUMBER (3) GST NUMBER REGISTRATION AND LATEST 06 MONTHS GST RETURN FILE DOCUMENT AND GST38 REPORT LAST 06 MONTH (4) RS 100 AFFIDAVIT (S) ORGANIZATION DETAILS (6) RTO TRADE 7) Bidder's should submit Affidavit Rs. 500/- as Declared non Black Listed seller from any Govt. Department. (8) Gst, Pan Card, Registration, EPF, ESIC, CE, TOM, ISO 15610:2023, 50001:2018 & 45001:2018 Experience Certificate Mandate certificates. (9) Trade Mark Certificate, Welding Radiography test certificate is compulsory. (10) Bidder's should submit Industry license to work a factory (Under rule no. 5 of MP Factory Rules 1962). Shopetec license Not Allowed certificate is compulsory एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज निविदा फर्म अनुसार अपलोड करना अनिवार्य है। अन्यथा टेण्डर निरस्त माना जावेगा।
6. फर्म का ट्रेड मार्क एवं NSCI बैक्यूम पंप का OEM Certificate निविदा में लगाना होगा।
7. EPF, ESIC Certificate निविदा में लगाना होगा।
8. नगर परिषद में प्रदाय होने वाला ट्रेक्टर 40-45 एच.पी. का होना चाहिये।
9. निविदादाता को ही स्लाजिंग वाहन मय ट्रेक्टर सहित नगर परिषद कार्यालय में उपलब्ध करना होगा, जिसके साथ ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं नगर परिषद शाढौरा लिखकर प्रदाय करना होगा जिसका पृथक से भुगतान नहीं किया जावेगा। डी स्लाजिंग वाहन की गारंटी 03 वर्ष तक देना होगी।
10. निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार का अधिकार समक्ष अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। डी रलाजिंग वाहन मय ट्रेक्टर सहित संलग्न स्पेशिफिकेशन अनुसार प्रदाय करना होगा। एवं किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अपीलीय क्षेत्र शाढौरा रहेगा। शासन द्वारा निकाय द्वारा समय-समय पर जारी सभी आदेशों नियम का पालन करना होगा।
11. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नहीं की जायेगी, केवल ऑनलाईन वेवसाईट पर देखे जा सकेगें।
12. बिल की राशि में से 10 प्रतिशत कटोत्रा किया जावेगा जो गारंटी समय पूर्ण होने के उपरांत भुगतान किया जावेगा।
13. दरें सभी टैक्स सहित प्रदाय करना होगा।
14. शासन से प्राप्त राशि का भुगतान शीघ्र किया जावेगा तथा शेष राशि निकाय की वित्तीय स्थिति ठीक होने पर ही कर जावेगी।
15. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल ऑनलाईन वेवसाईट पर देखे जा सकेंगे।

अध्यक्ष
नगर परिषद शाढौरा, जिला - अशोकनगर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शाढौरा, जिला - अशोकनगर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

Phone no 0755-2761257 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: Email : eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि.-23/2026-27/1701 (प्रथम आमंत्रण) भोपाल, दिनांक 28.07.2026

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :

स. क्र.	नि. आ. सू. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर की राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	07	नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण नर्मदा भवन के अन्तर्गत बगीचे का रख-रखाव का कार्य	Rs. 24.46 लाख (रू. चौबीस लाख छियालिस हजार मात्र)	Rs. 48,920.00 (रू. अड़तालिस हजार नौ सौ बीस मात्र)	Rs. 5,000.00 (रू. पांच हजार मात्र)	लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी	01 वर्ष (वर्षाकाल सहित)

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 12.08.2026, 17.30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेबसाईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 14.08.2026, 10.30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G-16531/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

दमदार पंच : गोल्ड मेडल से एक कदम दूर प्रीति और अंकुश

मुक्केबाजी में भारत का दबदबा

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार (54 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली।

भिवानी की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता 22 वर्षीय प्रीति ने मुकाबले के दौरान शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बांयी ओर से सटीक पंच और प्रभावी जवाबी हमले के दम पर म्वापे को लगातार दबाव में रखा। फाइनल में प्रीति के सामने स्कारलेट डेलगाडो की चुनौती होगी।

प्रीति ने बनाया एकतरफा वर्चस्व

म्वापे पूरे मुकाबले में प्रभावी पंच लगाने के लिए जूझती रहीं, जबकि प्रीति के संयोजित पंच का उनके पास कोई जवाब नहीं था। पहले दो राउंड में जाम्बिया की मुक्केबाज को तीन बार 'एट काउंट' का सामना करना पड़ा, जो भारतीय मुक्केबाज के एकतरफा वर्चस्व का प्रमाण रहा। दूसरे राउंड में प्रीति के प्रदर्शन से प्रभावित सभी पांच निर्णायकों ने उन्हें 10-8 का स्कोर दिया। अंतिम राउंड में म्वापे मुकाबले में वापसी की कोशिश करने के बजाय प्रीति के आक्रामक हमलों से बचती नजर आईं।

मैं किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेती

प्रीति ने जीत के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं कि जिस तरह की तैयारी की थी, उसे रिंग में उतारने में सफल रही। अब मेरा पूरा ध्यान स्वर्ण पदक जीतने पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।' उन्होंने कहा, ' मैं किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेती। अपने कोच के साथ हर मुकाबले की पूरी तैयारी करती हूं और खुशी है कि उन योजनाओं को अमल में ला पा रही हूं।'

\- प्रीति पवार
भारतीय मुक्केबाज



अंकुश ने ओफोरी को 5-0 से हराया

दूसरी ओर, अंकुश ने भी 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। शुरुआती दो राउंड में भारतीय मुक्केबाज के शानदार प्रदर्शन के सामने ओफोरी बार-बार 'क्लिंचिंग' (प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को जकड़ कर मुकाबले की गति प्रभावित करने की कोशिश) का सहारा लेने को मजबूर हुए। दूसरे राउंड की शुरुआत में ओफोरी ने आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंकुश ने संयम बनाए रखते हुए दबाव को आसानी से झेला और सटीक पंचों के संयोजन से जवाब देते हुए एकतरफा 5-0 की जीत दर्ज की।

चक्का फेंक : सीमा की शानदार वापसी, जीता कांस्य पदक

सीमा कालीरमण को गर्भावस्था के बाद गठिया हो गया था लेकिन उन्होंने इस पर काबू पाया और पिछले साल वापसी करने के बाद यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिला चक्का फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन वह अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से मामूली अंतर से चूक गईं। उनकी साथी खिलाड़ी निधि रानी इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। सीमा ने 58.65 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

तीसरे प्रयास में हासिल की दूरी

भारतीय खिलाड़ी ने यह दूरी अपने तीसरे प्रयास में हासिल की। वह हालांकि 59.73 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहीं। निधि ने 57.10 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथा स्थान हासिल किया। उनका निजी और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58.82 मीटर है। जमैका की समंथा हॉल ने अपने पांचवें प्रयास में 61.66 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कनाडा की जूलिया टंक्स ने 60.67 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई : सीमा

सीमा ने कहा, 'मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो नहीं कर पाई, लेकिन अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी।' हरियाणा के भिवानी की रहने वाली 27 वर्षीय सीमा ने गर्भावस्था के बाद गठिया और घुटने की चोट जैसी जटिल समस्याओं से उबरने के लिए कुछ समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी की। उनका बेटा अब चार साल का है। सीमा भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में पीएचडी भी कर रही हैं।

अरुंधति ने किया उलटफेर, जैस्मीन भी जीती

अरुंधति चौधरी ने 70 किग्रा वर्ग में मौजूदा चैंपियन वेल्स की रोजी एक्लेस को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि विश्व चैंपियन जैस्मीन लांबोरिया (57 किग्रा) ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। अरुंधति ने एक संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में रोजी एक्लेस को 4-0 के फैसले से हराया। अरुंधति ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और प्रभावी पंच के दम पर गत चैंपियन पर बढ़त कायम रखी।

सेमीफाइनल में जैस्मीन

जैस्मीन सेमीफाइनल में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। लेसोथो की रापेलांग मासेलेला की उनकी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे राउंड के अंतिम क्षणों में तीसरी बार स्टैंडिंग काउंट मिलने के बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जैस्मीन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपनी तेज पंच की बौछार कर से प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा।

खबर संक्षेप

टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार जीता कांस्य

ओंटारियो। भारतीय पुरुष टीम विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अमेरिका से 0-2 से हार गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका से हारने के एक दिन बाद पांचवीं वरीयता प्राप्त पुरुष टीम भी उसी प्रतिद्वंद्वी से पार पाने में नाकाम रही। भारत के गुरवीर सिंह ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए मैच 11-7, 9-11, 6-11, 11-7, 11-3 से जीत लिया। दूसरे मैच में भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर्यवीर दीवान अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यासीन शलाबी से 0-3 (5-11, 7-11, 5-11) से हार गए। भारतीय पुरुष टीम ने इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता है।

खेलो इंडिया को 29 हजार करोड़ का बजट

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वतंत्रता के बाद का सबसे महत्वाकांक्षी खेल विकास कार्यक्रम बताते हुए खेलो इंडिया योजना के विस्तार और राष्ट्रीय खेल महासंघों को दी जाने वाली सहायता (एएनएसएफ) के बजट के लिए अगले पांच वर्षों कुल 36,441 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी। सरकार ने खेलो इंडिया योजना के लिए अगले पांच वर्षों में 29,054 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें तैयार करना है, ताकि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के माध्यम से वैश्विक खेल केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।

फिट हुआ टीम इंडिया का धाकड़ खिलाड़ी

श्रीलंका टेस्ट सीरीज : बुमराह ने किया फिटनेस टेस्ट पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और उन्हें बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने की अनुमति दे दी है।

बुमराह को उनकी फिटनेस के आधार पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था।

15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा पहला टेस्ट

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'जसप्रीत बुमराह चोट से उबर चुके हैं। उन्होंने फिटनेस से जुड़े सभी टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह श्रीलंका के खिलाफ दोनों मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह टीम रणनीति का अभिन्न अंग हैं।' भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए वर्तमान चक्र के शेष नौ टेस्ट मैचों में से सात मैच में जीत दर्ज करनी होगी।

राणा, रेड्डी और वाशिंगटन बाहर

तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप अभी तक पीठ की दर्द से नहीं उबर पाए हैं।

उन्नति ने 42 मिनट में दर्ज की जीत हमवतन देविका को दी करारी शिकस्त

ताइपे ओपन : 18 वर्षीय उन्नति ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

एजेंसी ▶▶| ताइपे

बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हमवतन देविका सिहाग को 23-21, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए इस मुकाबले का पहला गेम बेहद रोमांचक रहा जहां उन्नति ने धैर्य का परिचय देते हुए 23-21 से जीत दर्ज की। उन्नति ने शानदार शुरुआत करते हुए 11-3 की बढ़त बना ली, लेकिन देविका ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 21-21 से बराबर कर दिया।

उन्नति ने निर्णायक क्षणों में बनाए रखा संयम

उन्नति ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय उन्नति ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा कायम रखा और आठवीं वरीय देविका को 21-16 से शिकस्त देकर 42 मिनट में मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उन्नति का सामना चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारत की तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज अपने-अपने एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः थाईलैंड की सुपानिदा केतेथोंग और जापान के युदाई ओकिमोटो से भिड़ेंगे।

महिला क्रिकेट

श्रीलंका की शानदार बल्लेबाजी पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| दांबुला

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 6 विकेट से हराया। श्रीलंका के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान से मिले 177 रनों के लक्ष्य को श्रीलंका ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। श्रीलंका की ओर से इमेशा दुलानी ने नाबाद शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू और इमेशा दुलानी ने मिलकर 78 रन जोड़े। अटापट्टू ने

■ इमेशा ने खेली नाबाद शतकीय पारी

बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों में 39 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि, विश्मी गुणरत्ने बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और महज 3 रन बनाकर आउट हुईं। हर्षिता समरविक्रमा सिर्फ 7 रन ही बना सकीं, जबकि कविशा दिलहारी 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, इमेशा ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने 64 गेंदों में 101 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस इनिंग में इमेशा ने 17 चौके और एक छक्का लगाया।

जर्सी विवाद: अध्यक्ष ने कहा- मुझे तो जानकारी भी नहीं थी

जर्सी पर बटी हॉकी इंडिया, अध्यक्ष टिर्की ने सचिव भोलानाथ से मांगी सफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीमों की जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने अब महासंघ के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है कि उनकी और कार्यकारी बोर्ड की जानकारी या सहमति के बिना यह बड़ा फैसला कैसे लिया गया, जबकि महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को इस बदलाव की जानकारी थी।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारतीय टीमों की जर्सी का रंग नीले से केसरिया कर दिया गया, जिसे लेकर वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, वी भास्करन, धनराज पिल्लै जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं। वहीं मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया और विपक्षी दलों ने इस पर सरकार को आड़े हाथों लिया है।

टिर्की ने मांगा लिखित में स्पष्टीकरण

टिर्की सहित हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों का कहना था कि खेल के मैदान पर इस्तेमाल होने वाली नीली पिच से रंग की समानता से बचने के लिए यह पूरी तरह से तकनीकी निर्णय था। लेकिन अब टिर्की ने कार्यकारी बोर्ड को भेजे ईमेल में लिखा कि जर्सी का रंग बदलने का फैसला कार्यकारी बोर्ड के समक्ष रखने या मेरी पूर्व जानकारी के बिना लिया गया। मैं हॉकी इंडिया पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण चाहता हूं कि मुझे तुरंत लिखित में बताया जाए कि इस फैसले का आधार क्या था, किस प्रक्रिया का पालन किया गया और किन हालात में इस फैसले को मंजूरी दी गई और लागू किया गया।'

खिलाड़ियों से किया गया परामर्श : महासचिव

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों से उचित परामर्श के बाद उनकी मांगों को ही लागू किया है। उन्होंने कहा, 'जर्सी का रंग बदलने के फैसले के बारे में ग्रुप में जानकारी दी गई थी, इसलिए सभी अधिकारियों को इसका पता होना चाहिए। हमने कभी नहीं सोचा था कि यह इतना बड़ा मुद्दा बन जाएगा। रंग बदलने के लिए हम पर कहीं से भी कोई बाहरी दबाव नहीं था। इसे बेवजह राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या हॉकी इंडिया इस फैसले पर पुनर्विचार करेगा, तो सिंह ने कहा, 'मैं अकेले फैसले नहीं ले सकता। हमें इस पर चर्चा करनी होगी। आखिरकार, यह खिलाड़ियों और कोचों की मांग थी और हमने उनकी बात मानी।'

बोर्ड के सदस्य को नहीं दी जानकारी

सूत्र ने यह भी बताया कि मामले के तूल पकड़ने के बाद ओडिशा सरकार को 30 जुलाई को जर्सी का रंग बदले जाने के संदर्भ में ईमेल भेजा गया है जबकि जर्सी 28 जुलाई को लांच की गई थी। कार्यकारी बोर्ड के एक सदस्य ने संपर्क करने पर बताया कि उन्हें जर्सी का रंग बदले जाने की कोई जानकारी नहीं थी और न ही उनसे राय ली गई बल्कि लांच के बाद ही उन्हें पता चला।

शब्दों का प्रहरी मौन हुआ, हिंदी जगत ने खो दिया अपना 'दादा'...

स्मृति शेष

पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत

कलम थमी, पर विचार अमर रहेंगे: शहर के साहित्य प्रेमियों ने पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत को अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बसंत व्याख्यानमाला, पावस व्याख्यानमाला, शरद व्याख्यानमाला के अतिरिक्त साहित्य की अनेक गतिविधियों का केंद्र हिन्दी भवन को बनाया, युवा, वरिष्ठ, महिला सभी प्रकोष्ठों की स्थापना हिन्दी भवन में की और उनके माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ा। हिन्दी भवन दादा के बिना अधूरा सा है ,उसकी पूर्ति होना संभव नहीं। सादर नमन।

दादा सबके, सब दादा के...

वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार पद्मश्री कैलाशचंद पंत से सभी आयु वर्ग के लोग प्यार और सम्मान से दादा कहते थे, पंत जी से विगत चालीस वर्षों का साथ रहा, समाज के हर वर्ग से उनका जुड़ाव था, वे कुशल संगठक, समर्पित समाज सेवी, प्रखर कलमकार थे। जब भी किसी आयोजन के सिलसिले में उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित करने या हिंदी भवन का कोई कक्ष आरक्षित करने जाना होता तो उनकी बातों में ऐसा आकर्षण था कि बस उन्हें देखते और सुनते रहो, वे अनुभवों का जीवंत भंडार थे।

घनश्याम मैथिल 'अमृत'
वरिष्ठ साहित्यकार एवं महासचिव लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल

संपूर्ण जीवन हिंदी भाषा, साहित्य, पत्रकारिता को समर्पित

पद्मश्री दादा कैलाशचंद्र पंत के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन हिंदी भाषा, साहित्य, पत्रकारिता और सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन को समर्पित किया। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, कर्मनिष्ठ जीवन और साहित्य के प्रति अटूट समर्पण प्रेरणा के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन हिंदी जगत और सांस्कृतिक समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

डॉ. नुसरत मेहदी
निदेशक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी

ऋतुओं के आधार पर व्याख्यान मालाओं का क्रम अद्भुत

पद्मश्री श्रद्धेय दादा पंत ने हिन्दी सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। दादा से परिचय भोपाल आने से पहले का था। हिन्दी भवन के पर्याय कहलाने वाले दादा की आयु और स्वास्थ्य कभी उनकी कर्मनिष्ठा के आड़े नहीं आ सके। अस्वस्थ होने पर भी हिन्दी भवन नियमित रूप से आना हम सबको प्रेरणा देता था। उनके कुशल संचालन में राष्ट्र भाषा प्रचार, समिति हिन्दी भवन ने साहित्यिक गतिविधियों को उत्कृष्टता प्रदान की। ऋतुओं के आधार पर व्याख्यान मालाओं का जो क्रम उन्होंने प्रारंभ किया वह अद्भुत है।

डॉ. साधना बलवटे
निदेशक निराला सृजन पीठ

हिंदी जगत ने एक युगद्रष्टा साहित्यकार को खो दिया

26 अप्रैल 1936 को महू (मध्य प्रदेश) में जन्मे पंत ने अध्यापन से अपने करियर की शुरुआत की, बाद में पत्रकारिता और हिंदी सेवा को जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने साप्ताहिक जनधर्म और साहित्यिक पत्रिका अक्षरा का प्रकाशन-संपादन किया तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के माध्यम से हिंदी भवन को राष्ट्रीय साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया। हिंदी साहित्य व पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उनके निधन से हिंदी जगत ने एक युगद्रष्टा साहित्यकार, पत्रकार और हिंदी सेवक को खो दिया है।

पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर
वरिष्ठ साहित्यकार, संस्थापक माधवराव सप्रे संग्रहालय

लेखक को बहुत कुछ छोड़कर अपने भीतर गहरे उतरना होता है

हिंदी सेवा का व्रत लिया था दादा पंत ने। पद्मश्री कैलाश चंद्र पंत का 31 जुलाई 2026 की प्रातः अवसान हो गया। यह एक संयोग है कि मुंशी प्रेमचंद की जयंती और मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के दिन दादा पंत का निधन हुआ है। इसी वर्ष नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री अवार्ड ग्रहण करने के पश्चात दादा भोपाल लौटे और उनका स्वास्थ्य गड़बड़ रहने लगा। जीवन के आखिरी साल में उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान मिला, जिसके वे कई वर्ष पूर्व से हकदार थे।

मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के गठन के पहले दादा, वर्धा स्थित राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने हिंदी भवन के माध्यम से एक ऐसे न्यास का वर्षों संचालन किया, जिसने रचनाकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया। उनका पुस्तकालय काफी समृद्ध था। कैलाश चंद्र पंत के हजारों आलेख गत 75 वर्ष से प्रकाशित हो रहे हैं। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की पत्रिका अक्षरा में लिखे संपादकीय संकल्प की प्रतीक्षा और वैचारिक संघर्ष के बीच शीर्षक से पुस्तकार में प्रकाशित हुए 26 अप्रैल 2026 को दादा के 90 में जन्मदिन पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। उन्हें एक बार कुमाऊं अंचल के एक लोकगीत की कुछ पंक्तियां एक वक्त मैंने सुनाई थी तो वे मुस्कुरा दिए थे। उन्होंने कहा था कि आप तो नाटकों से भी जुड़े हैं, इसलिए बहुभाषी है, क्योंकि अभिनय भाषाओं की सीमाओं को तोड़ता है। हम सभी भारतीय साहित्य का सृजन कर रहे हैं। कोई बंगला, मराठी, मलयाली में लिखता है तो वह सिर्फ उस भाषा का लेखक नहीं, बल्कि भारतीय साहित्य का लेखक है। ऐसे विशाल हृदय के पंत हिंदी प्रेमियों के हृदय में सदैव जीवित रहेंगे। श्रद्धेय कैलाश चंद्र पंत को शत-शत नमन।

-अशोक मनवानी
वरिष्ठ कला समीक्षक

रवींद्र भवन में 'एक शाम रफी के नाम' से सजी संगीत संध्या

रफी के सुरों ने बांधा समां, यादों और संगीत से सराबोर हुई शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुरों के उस जादूगर को याद करने के लिए जब एक मंच सजा, तो लगा जैसे मोहम्मद रफी की आवाज फिर से फिजाओं में गूंज उठी हो। रवींद्र भवन के हंसध्वनी सभागार में नवांकुर ग्रुप द्वारा आयोजित 'एक शाम रफी के नाम' संगीत संध्या रफी साहब की 46वीं पुण्यतिथि पर उनकी मधुर स्मृतियों को समर्पित रही। करीब 1500 संगीतप्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में हर गीत के साथ तालियां गूंजती रहीं और श्रोता भाव-विभोर होकर रफी के अमर नगमों का आनंद लेते रहे।

करीब 1500 श्रोताओं ने लिया रफ़ी संध्या का आनंद

गजल, कव्वाली और रोमांटिक गीतों की विविध प्रस्तुतियां रहीं खास

रायपुर के प्रसिद्ध वादक मोहम्मद आरिफ ने गिटार और सैक्सोफोन पर अपनी शानदार संगत से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। शाम के दौरान रफी साहब के भजन, गजल, कव्वाली और रोमांटिक गीतों की विविध प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावनाओं के अलग-अलग रंगों से रूबरू कराया। भोपाल की युवा गायिकाओं श्रीजा उपाध्याय और पुरोहित ने युगल गीतों में प्रभावशाली साथ निभाया।

प्रसिद्ध रफी वॉइस इमरान अख्तर से हुआ प्रस्तुति का आगाज

कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के प्रसिद्ध रफी वॉइस इमरान अख्तर ने तुझको तेरे बाद जमाना ढूंढेगा... से की। इसके बाद मुंबई से आए सारेगामा फेम नानू गुर्जर और आशीष मिश्रा ने रफी साहब के कालजयी गीतों को अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से जीवंत कर दिया। नानू गुर्जर ने राग हमीर पर आधारित मधुबन में राधिका नाचे रे.... से समां बांधा, जबकि आशीष मिश्रा ने राग मालकौंस पर आधारित अंखियां संग अंखियां लगी आज.... प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन

पंजाबी बीट, लुंगी डांस संग लगा साउथ बीट का तड़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतिम दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने नए पुराने हिंदी फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

टैलेंट शोकेस के रूप में आयोजित इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्राओं ने जहां एक ओर एकल गायन की प्रस्तुतियां दी तो वहीं सोलो व ग्रुप डांस परफार्मेंस ने तो सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजायमान कर दिया। ग्रुप डांस मं रेट्रो ग्रुप, पंजाबी डांस, लुंगी डांस की प्रस्तुति खास रही तो वहीं सेनोरिटा ग्रुप तथा साउथ बीट ग्रुप ने तो हाई लेवल ऐनर्जी परफार्मेंस देकर टीचर्स को हंसी के ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।

एमसीयू में रामायण: कुशल नायक की कथा पर व्याख्यान

अच्छे लीडर की पहचान है कि वह शांत रहे, क्रोध न करे : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक अच्छे लीडर की पहचान है कि वह अपनी टीम के प्रत्येक व्यक्ति के गुण एवं कार्य क्षमता को समझे और उसके अनुरूप उन्हें जिम्मेदारी सौंपे। श्रीराम और हनुमान जी के व्यक्तित्व से लीडरशिप का यह गुण ध्यान आता है। यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रारंभ की गई मासिक व्याख्यानमाला के पहले व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि हनुमान जी सुग्रीव की टोली के सदस्य थे, लेकिन जब उन्हें राम जैसा नेतृत्व मिलता है तब वे अपने स्वरूप में प्रकट होते हैं। भगवान श्री राम ने हनुमान जी की प्रतिभा और क्षमता को पहचानकर उन्हें महत्वपूर्ण कार्य सौंपे। एक अच्छे लीडर की पहचान है कि वह शांत रहे, क्रोध न करे।

भरतनाट्यम संध्या 'नृत्यलता' 3 अगस्त को रवींद्र भवन में

भोपाल। कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था यमन अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा भरतनाट्यम नृत्य संध्या 'नृत्यलता' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 अगस्त को रवींद्र भवन के अंजनी हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम गुरु डॉ. लता सिंह मुंशी को समर्पित है। जिसमें भरतनाट्यम के सुंदर पारंपरिक मार्गम के प्रारूप में होगा, जिसकी शुरुआत पुष्पांजलि से होगी और समापन तिल्लाना पर होगा।

विविधा अकादमी बनाएगा तीन विश्व रिकॉर्ड

कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के संग 1 सितंबर को रचेगा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब कला का उद्देश्य राष्ट्र के सम्मान और संस्कृति के गौरव से जुड़ जाता है, तब वह केवल मंचीय प्रस्तुति नहीं रहती, बल्कि इतिहास रचने का माध्यम बन जाती है। इसी सोच के साथ विविधा अकादमी आगामी 1 सितंबर को डीबी मॉल में भारतीय कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति को समर्पित एक भव्य आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर एक ही मंच से तीन विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। अकादमी के संस्थापक एवं निदेशक अभय तिवारी व कथक गुरु अभिलाषा तिवारी ने बाताया कि इस आयोजन में सैकड़ों कलाकार, विद्यार्थी, संगीत साधक और कथक नृत्यांगनाएं भाग लेंगी।

तीन विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास होगा

- अभय तिवारी एक कलाकार के रुप में सर्वाधिक संगीत वाद्ययंत्रों के रिले प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे।
- वहीं 200 से अधिक प्रतिभागी राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की विशाल सामूहिक कॉयर प्रस्तुति देंगे।
- इसके साथ ही 200 से अधिक कथक कलाकार राष्ट्रगीत पर सामूहिक कथक नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय शास्त्रीय नृत्य की भव्यता का प्रदर्शन करेंगे।

रोटरेक्ट क्लब टीआएटी भोपाल ने किया पौधरोपण एवं छाता वितरण

भोपाल। रोटरेक्ट क्लब टीआएटी साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने छठे सत्र में सेवा विद्या मंदिर कैलाश नगर में पौधरोपण किया और बच्चों को निःशुल्क छाते प्रदान किए। क्लब के अध्यक्ष प्रखर तिवारी ने कहा कि विभिन्न आवश्यक स्थानों पर 500 पौधे लगाने का लक्ष्य है। 400 से अधिक लगा चुके है। पांच सत्र में पौधरोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल सचिव रोहित पांडे, पूर्व अध्यक्ष जीके छिब्बर, श्वेता पांडे ने पौधरोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भाग लिया।

मिस्र, इंडोनेशिया ब्राजील, रूस के कलाकार देंगे प्रस्तुति

तृतीय ब्रिक्स सांस्कृतिक कार्य समूह बैठक का आयोजन भोपाल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा भोपाल में आयोजित तृतीय ब्रिक्स सांस्कृतिक कार्य समूह बैठक के अंतर्गत 5 से 8 अगस्त तक विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भोपाल में किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष प्रदर्शनियों के साथ-साथ एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें ब्रिक्स देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

मिंटो हॉल में लगेंगी तीन विशेष प्रदर्शनियां

बैठक के दौरान 5 से 8 अगस्त तक कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल (मिंटो हॉल) में तीन विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी, इन प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत तथा विश्व के साथ उसके ऐतिहासिक संबंधों को प्रदर्शित किया जाएगा। ये प्रदर्शनियां भारत की सांस्कृतिक कूटनीति तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को प्रभावी रूप से अभिव्यक्त करेंगी।

6 अगस्त, रवींद्र भवन में सजेगी सांस्कृतिक संध्या

इसी क्रम में 6 अगस्त को सायं 5 बजे रवीन्द्र भवन में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत, मिस्र, इंडोनेशिया, ब्राजील, रूस एवं दक्षिण अफ्रीका के कलाकार अपनी पारंपरिक लोक एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

'रंगमंच 2026' आज, तैयार होगी 3030 फीट पेंटिंग

भोपाल। कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को समर्पित 'रंगमंच 2026' थिएटर एंड डांस फेस्टिवल का आयोजन 1 अगस्त को रविन्द्र भवन में किया जाएगा। यश विजन एंटरटेनमेंट की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इस बार महोत्सव की थीम 'रिश्ते, मूल्य और सामाजिक सरोकार' रखी गई है। आयोजित कार्यक्रम के संयोजक सुमंत सोनी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य रंगमंच और नृत्य के माध्यम से रिश्तों की अहमियत, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संवेदनाओं को मंच देना है। कार्यक्रम में नाटक और नृत्य की ऐसी प्रस्तुतियां होंगी, जो मनोरंजन के साथ समाज को सकारात्मक संदेश भी देंगी।

अर्जुन कपूर करेंगे समापन, यास्मीन कराचीवाला, शिवोहम-वृंदा भट्ट समेत देश के नामी वेलनेस एक्सपर्ट देंगे फिटनेस टिप्स

फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर का सात दिनी फिटनेस कॉर्निवाल आज से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर अपनी दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर 1 से 7 अगस्त तक सात दिवसीय फिटनेस कार्निवाल आयोजित कर रहा है। वेलनेस सेंटर में होने वाले इस आयोजन में फिल्म अभिनेता अर्जुन कपूर, फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाला, शिवोहम भट्ट, वृंदा भट्ट, अंशिका परवानी, बिंदिया शेट्टी और निकोला केडिया सहित कई विशेषज्ञ स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े सत्र लेंगे। फिटब्लिस की डायरेक्टर श्रुति कपूर ने बताया कि कार्निवाल का उद्देश्य लोगों में फिटनेस के प्रति निरंतर जागरुकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि उनका सपना भोपाल में एक ऐसा वेलनेस सेंटर विकसित करना था, जहां एक ही छत के नीचे आधुनिक फिटनेस और वेलनेस की सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।

रोनी एंड द बैंड की स्पिरिचुअल जैमिंग से होगा शुभारंभ

कार्निवाल का शुभारंभ रोनी एंड द बैंड की स्पिरिचुअल जैमिंग से होगा। इसके बाद योग, साउंड हीलिंग, डांस, न्यूट्रिशन, स्पिन साइक्लिंग, क्रॉसफिट और हीलिंग जैसे विषयों पर प्रतिदिन विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। 7 अगस्त को अभिनेता अर्जुन कपूर समापन समारोह में शामिल होंगे और अपनी फिटनेस यात्रा के अनुभव साझा करेंगे। इसी दिन यास्मीन कराचीवाला एक्सक्लूसिव पिलाटेस सेशन और एक्वा पूल लॉन्च के साथ विशेष कार्यशाला लेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930